जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, गुरुवार 28 मार्च, 2024

HF

Hero

## समझौता नहीं, सिर्फ नई HF-Deluxe

पेश है नई HF Deluxe - बेमिसाल माइलेज, बेजोड़ मज़बूती और बेहतरीन सुरक्षा के साथ

### सेल्स कार्निवल

27 से 31 मार्च '24

— ऑफर केवल सीमित स्टॉक उपलब्धता तक —



स्पेशल ऑफर

शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत

~~₹59893*~~

₹56793*

कैश डिस्काउंट ₹3,100*

माइलेज का हीरो

| कम डाउन पेमेंट | EMI | कम ब्याज दर | Hero GoodLife | | | टोल फ्री | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ₹4999^ | ₹2699^ से शुरू | 9.99%* से शुरू | अतिरिक्त कैश डिस्काउंट ₹2000˜ तक | India's First 5 Year Warranty# | 6000^^ km or 6 Months Service interval | 1800 266 0018 | Chola Enter a better life / Hero FinCorp |

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. ˜On successful redemption of Hero GoodLife Sales Voucher. Offer valid for eligible Hero GoodLife Members only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ^^Terms and Conditions apply. ˜Starting price of HF Deluxe Drum Brake Kick Start in Jaipur.

**अधिकृत डीलर:** **जयपुर:** **सूर्या हीरो,** सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, **सुप्रीम हीरो,** गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, **आकड़ हीरो,** अजमेर रोड़, 9289922192, **शुभम हीरो,** सहकार मार्ग, 9289922207, **कोटपूतली:** **चौधरी हीरो,** 9289922797, **अधिकृत सर्विस प्वाइंट:** **जयपुर:** **सुपर मोटर्स,** 8824088678, **मानसरोवर:** **आर.एल. मोटर्स,** 9579258884, **जगतपुरा:** **टीनिटी मोटर्स,** 8003088062, **झोटवाड़ा:** **बीपीएस मोटर्स,** 9314048181, **सिरसी रोड़ मीनावाला:** **रजत स्पीड जोन,** 9261499995, **बगरू:** **लाम्बा मोटर्स,** 97728 81888, **भांकरोटा:** **हरितवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9314013185, **चाकसू:** **नाकोडा ऑटोमोबाइल,** 9950560918, **बस्सी:** **वरधानी ऑटोमोबाइल्स,** 9414312552, **दूदू:** **श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स,** 9352727667, **शाहपुरा:** **सत्यम मोटर्स,** 8104361919, **हरमाड़ा:** **बी.एल. ऑटोमोबाईल्स,** 9314050594, **फुलेरा:** **अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स,** 9414818930, **जमवा रामगढ़:** **उदय ऑटोमोबाइल्स,** 9828090676, **जोबनेर:** **केशव ऑटोमोबाईल्स,** 8769505565, **पावटा:** **पंकज मोटर्स,** 96104 26700, **कानोता:** **के.पी. ऑटोमोबाइल्स,** 9414228404, **मनोहरपुर:** **श्री कृष्णा मोटर्स,** 8560000816, 9414643816.

## विचार बिन्दु

**संसार में सबसे बड़ा अधिकार सेवा और त्याग से प्राप्त होता है। –प्रेमचंद**

# ज्ञान, समझ व युक्ति

ज्ञान, समझ और युक्ति जीवन के सभी पहलुओं से जुडे तीन महत्वपूर्णस्तम्भ हैं। ज्ञान वस्तुतः आंकडों से आंकडों, या आंकडों से सूचना या सूचना से सूचना के संयोग का ऐसा संग्रह है जिसका सन्देश स्पष्ट होता है। ज्ञान के कम से कम तीन प्रकार हैं: शोध आधारित-ज्ञान, अनुभवजन्य-ज्ञान और पारंपरिक ज्ञान। कार्य-संपादन में इन तीनों का महत्वपूर्ण योगदान है। अच्छा नेतृत्व नवीन ज्ञान को जीवन भर सीखता रहता है। आधुनिक वैज्ञानिक सन्दर्भ में ज्ञान के उत्पादन के चार तरीके हैं: थ्योरी, ऑब्जरवेशन, एक्सपेरिमेंट और मॉडलिंग। यहाँ युक्ति, जिसकी बात हम आगे करेंगे, को मॉडलिंग के समकक्ष माना जाता है क्योंकि पूर्व में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर मैथमेटिकल-मॉडलिंग के द्वारा भविष्य की स्थिति का ज्ञान किया जाता है।

ज्ञान एक मूल्यवान संपत्ति है और यह व्यक्ति की शक्ति, प्रभाव और उपयोगिता को बढ़ाता है। आज के कार्यबल में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए लगातार नया ज्ञान सीखना महत्वपूर्ण है। नवाचार और रचनात्मकता में ज्ञान एक महत्वपूर्ण कारक है।प्रभावी संचार के लिए ज्ञान भी आवश्यक है। जिन लोगों को किसी विषय की गहरी समझ होती है, वे आसानी से दूसरों को समझा सकते हैं, अपने विचार साझा कर सकते हैं, और समस्याओं के हल करा सकते हैं। पर ज्ञान से आगे की यात्रा और भी महत्वपूर्ण है।

किसी कार्य को सम्पादित करते समय ज्ञान का उपयोग करने से अनुभव प्राप्त होता है। जीवन के विविध क्षेत्रों में विविध प्रकार के अनुभव प्राप्त होते रहते हैं, जिससे ज्ञान से आगे हमारी समझ या विजडम बढ़ती रहती है। विजडम को भारतीय दर्शन में बुद्धिमत्ता, मनीषा, मतिमानता, प्रज्ञा, प्रज्ञता, बुद्धिमानी, ज्ञान, ज्ञान-परिपूर्णता, ज्ञानज्ञता-कर्मज्ञता, समझ आदि कहा जाता है। प्राचीन दृष्टिकोण के साथ ही पिछले पाँच दशकों के दौरान साइंस ऑफ़ विजडम पर अनुसंधान में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है। विजडम को परिभाषित करने के अनेक प्रयत्न हुये हैं किन्तु अभी तक सर्वमान्य परिभाषा का निर्धारण नहीं हो पाया है। विजडम व्यक्तित्व की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक विशेषता मात्र नहीं है बल्कि यह एक न्यूरो बायोलॉजिकल विशेषता है जो समाजोन्मुखी व्यवहार, भावनात्मक-नियमन और आध्यात्मिकता जैसे विशिष्ट घटकों से मिलकर बनती है। इस बात को आगे और भी स्पष्ट करेंगे।

हाल ही में लोगों में विजडम के घटकों को बढ़ाने के लिये व्यक्तिगत हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन मेटा-एनालिसिस द्वारा किया गया। इस अध्ययन में ऐसे क्लिनिकल ट्रायल्स को समाविष्ट किया गया जो विजडम बढ़ाने के लिये अभी तक क्रियान्वित किये गये थे। इसमें 7096 व्यक्तियों से जुड़े 57 अध्ययनों के आंकड़े समाहित किये गये थे। विजडम के सभी घटकों से संबंधित आंकड़े तो नहीं मिल पाये किन्तु समाजोन्मुखी-व्यवहार (प्रोसोशलबेहवियर) से संबंधित 29, भावनात्मक विनियमन (इमोशनलरेगुलेशन) से संबंधित 13 और आध्यात्मिकता (स्पिरिचुअलिटी) से संबंधित 15 अध्ययन शामिल किये गये थे। मेटा-एनालिसिस के परिणाम बताते हैं कि आध्यात्मिकता,भावनात्मक-नियमन और समाजोन्मुखी व्यवहार को बढ़ाने के लिये किये गये हस्तक्षेप व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं (देखें, ई.ई. ली इत्यादि, जामा साइकेइट्री, 77(9):925-935, 2020)।

शोधकर्ताओं को मेटा-एनालिसिस में सम्मिलित करने हेतु विजडम बढ़ाने के उपायों पर ऐसे अध्ययन नहीं मिले जो विजडम के सभी घटकों की समग्रता को एकीकृत रूप से समाहित करते हुये किये गये हों। इस मेटा-एनालिसिस में सम्मिलित समीक्षा के अनुसार विजडम को मापने के लिये कई दृष्टिकोण उपलब्ध हैं। उदाहरण के लिये विजडम को दो रूपों में देखा जा सकता है—पहला उपयोगी अंतर सैद्धांतिक बुद्धिमत्ता (थ्योरेटिकल विजडम या जीवन के यथार्थ की समझ; प्रकृति और मानव के रिश्तों की समझ आदि) और दूसरी व्यावहारिक बुद्धिमत्ता (प्रैक्टिकल विजडम / फ्रोनेसिस, सही कारणों के लिये, सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता) सम्मिलित है। इन दोनों प्रकारों में सम्मिलित घटकों को मापने की विधियां और क्षमता वैज्ञानिक विकसित कर चुके हैं। परन्तु सैद्धांतिक ज्ञान (गहन समझ) की तुलना में व्यावहारिक ज्ञान (व्यावहारिक समझ) को प्रश्नावली के माध्यम से अधिक सुगमता से मापा जा सकता है। इस मेटा-एनालिसिस में व्यावहारिक समझ के सम्बन्ध में समाजोन्मुखी व्यवहार और भावनात्मक विनियमन को लिया गया और सैद्धांतिक समझ के संबंध में आध्यात्मिकता को शामिल किया गया। बुद्धिमत्ता के अन्य घटकों से जुड़े इंटरवेंशन वाले अध्ययनों की कमी के कारण निर्णय लेने की क्षमता, अनिश्चितता से निपटने की क्षमता, और सहिष्णुता जैसे घटक अध्ययन में शामिल नहीं किये जा सके। फिर भी जिन तीन घटकों को शामिल कर यह अध्ययन किया गया वह नया रास्ता दिखाने वाला है क्योंकि अध्ययन में सम्मिलित तीनों घटक अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। विजडम जैसे विषय यदि एम्पिरिकल रिसर्च की सीमाओं से परे ना भी हों तो भी काफी चुनौतीपूर्ण हैं।

प्रज्ञा के संबंध में यह बताना भी उपयोगी है कि आध्यामिकता इसका एक महत्वपूर्ण घटक है (देखें, डी.वी. जेस्ते इत्यादि, जर्नल ऑफ़ साइकियाट्रिक रिसर्च, 132:174-181, 2021)। आध्यामिकता और धार्मिकता में अंतर समझना जरूरी है। आध्यात्म हमें प्रकृति के समीप ले जाता है। आध्यामिकता व्यक्ति को व्यक्ति के समीप ले जाती है। आध्यामिकता प्राकृतिक तंत्रों के समीप भी ले जाती है। आध्यात्म वस्तुतः आत्मावलोकन और आत्म-समीक्षा के अवसर प्रदान करता है। आत्म-समीक्षा में यह भी शामिल है कि प्रकृति के साथ हमारे क्या संबंध हैं और हमें प्रकृति को बेहतर करने में हमारा क्या योगदान है। धार्मिकता एक अलग विषय है। धर्म की त्रुटिपूर्ण किन्तु बड़ी लोकप्रिय व्याख्या लोगों के बीच में मिलती है। ध्यान दीजिये, आध्यामिकता में किसी एक धर्म के प्रति निष्ठा महत्वपूर्ण नहीं है। आध्यात्मिकता जहां एक और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के जैसा मानने का विचार देती है वहीं दूसरी ओर धर्म की समकालीन स्थिति यह है कि सारा विश्व अलग-अलग जाति धर्म और संप्रदाय में बंट गया है। आत्मवत्सर्वभूतेषु का सिद्धांत आध्यात्म की मूल आत्मा है। दरअसल एक रिलीजियस व्यक्ति आध्यात्मिक भी हो सकता है, लेकिन एक आध्यात्मिक व्यक्ति धर्म के लोकप्रिय स्वरुप के अनुसार धार्मिक भी हो ऐसा आवश्यक नहीं है। यहाँ यह भी समझना आवश्यक है कि भारतीय दर्शन में धर्म शब्द का मूल अर्थ उस शब्द से नहीं है जिसे दुनिया रिलीजन कहती है। असल में धर्म का मूल अर्थ व्यक्ति के नियत कर्तव्यों और उनके पालन से है।

> **सिद्धान्त के अनुसार एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता-पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता-पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है।**

प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक साहित्य में भी समझके वैज्ञानिक स्वरूप देखे जा सकते हैं। उदाहरण के लिये वैज्ञानिकों द्वारा गीता का अध्ययन कर उसमें विजडम, प्रज्ञा, ज्ञान आदि पर 10 घटक खोजे गये हैं। इनमें से जीवन का ज्ञान, भावनात्मक विनियमन (इमोशनल रेगुलेशन) या आत्म-नियंत्रण, इच्छाओं पर नियंत्रण, मध्यम-मार्ग (मॉडरेशन या टेम्पेरेंस) निर्णायकता, आत्मा और उसके विषय में ज्ञान, ईश्वर पर विश्वास, कर्म-योग, आत्म-संतोष, प्राणियों के प्रति दया, दान, योग इत्यादि ऐसे विषय हैं जो केवल दर्शन या धर्म के विषय नहीं हैं बल्कि क्लिनिकल ट्रायल्स में भी उपयोगी पाये गये हैं। वर्तमान और अद्यतन शोध की स्थिति यह है कि विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा के कम से कम सात घटक पहचाने जा चुके हैं। इनमें (1) सहिष्णुता एवं वैचारिक विविधता को स्वीकार करना, (2) अनिश्चितता के रहते हुये भी निर्णय लेने की क्षमता, (3) भावनात्मक विनियमन या इमोशनल रेगुलेशन, (4) समाजोन्मुखी व्यवहारया प्रोसोशल बिहेवियर जिसमें आत्म-नियंत्रण, दया, सहायता और करुणा आदि शामिल हैं, (5) आत्म-समीक्षा, (6) उचित सलाह देने में तत्परता या सोशल एडवाइजिंग तथा (7) आध्यात्मिकता शामिल हैं। जिस व्यक्ति में यह सभी सातों क्षमतायें (प्रज्ञा के घटक) पाये जाते हैं वह उन परिस्थितियों से बड़ी आसानी से बाहर निकल जाता है जिनमें प्रज्ञा में कमी वाले व्यक्ति उलझ जाते हैं।

वस्तुतः प्रज्ञा का मूल उद्देश्य स्वयं की और समाज की जिंदगी में बेहतरी लाना है। यहां एक प्रश्न उठता है कि यह विजडम, बुद्धिमत्ता या प्रज्ञा तो दुधारी तलवार हो सकती है। कोई ऐसा व्यक्ति भी हो सकता है जिसमें तिकड़मी बुद्धिमत्ता या एविल-विजडम हो। दरअसल ऐसा नहीं होता। यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि प्रज्ञा व्यक्ति को सदैव आत्म-नियंत्रित, आत्म-समीक्षक, और समाजोपयोगी ही बनाती है। प्रज्ञावान व्यक्ति अपने जीवन को सदैव बेहतर बनाता है और एक ऐसी आयु प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में सुखायु कहा जाता है। सुखायु के साथ-साथ प्रज्ञावान व्यक्ति एक ऐसी आयु भी प्राप्त करता है जिसे आयुर्वेद में हितायु कहा जाता है। सुखायु और हितायु प्रज्ञावान व्यक्ति के लिये ही संभव है। शातिर दिमाग, तिकड़मी या चलता-पुर्जा व्यक्ति प्रज्ञावान नहीं होता। तिकड़म के लिये उसके पास जानकारी बहुत हो सकती है परंतु प्रज्ञाविहीन कोरी जानकारी सुखायु और हितायु नहीं प्रदान कर सकती।

अब हम ज्ञान और समझ से आगे चलकर युक्ति की बात करते हैं जो ज्ञान और समझ से भी आगे समस्याओं के हल का रास्ता है। यह लोगों को लीक से हटकर सोचने और समस्याओं के समाधान हेतु विविध विकल्प देते हुए श्रेष्ठ विकल्प चुनने में मदद करती है। युक्ति एक सार्वभौमिक प्रबंधकीय सिद्धांत है। प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक, जो युक्ति-व्यपाश्रय सिद्धांत के जनक माने जाते हैं, के अनुसार अनेक कारणों की समग्रता और एकीकरण से उत्पन्न भावों को जो बुद्धि देखती है, वह युक्ति है। युक्ति से वर्तमान, भूत और भविष्य, तीनों कालों को जाना जा सकता है। युक्ति के द्वारा धन-संपत्ति, धर्म और कत्तर्व्यपालन और उपभोग और आनंद प्राप्त किया जाता है (च.सू.11.25): बुद्धिःपश्यति या भावान्बहुकारणयोगजान्। युक्तिस्त्रिकाला सा ज्ञेयात्रिवर्गःसाध्यतेयया।। ध्यान दीजिये, यहाँ आचार्य चरक ने युक्ति को परिभाषित तो किया ही है, साथ ही युक्ति के लक्षण और व्यापक सार्वभौमिकता का दर्शन भी स्पष्ट किया है। युक्ति के द्वारा अर्थ, धर्म और काम की सिद्धि का सिद्धांत वस्तुतः जीवन में पुरुषार्थ साधने की रणनीति है। संक्षेप में कहें तो पूर्व में प्राप्त समग्र अनुभव और जानकारी के द्वारा अज्ञात को जान लेने वाली बुद्धि ही युक्ति है।

युक्ति केवल कोरा दर्शन नहीं बल्कि एक ठोस प्रायोगिक साधन है। एक उदाहरण से युक्ति का ठोस प्रायोगिक महत्त्व और भी स्पष्ट हो जायेगा। सामान्य-विशेष सिद्धान्त के अनुसार एक जैसे भावों (द्रव्य, गुण और कर्म) को समान प्रकार के भावों से मिलाने पर बढ़त होती है और विशेष या असमान भावों को मिलाने पर ह्रास या घटत होती है। यह विज्ञात अर्थ है। इस सिद्धान्त के अनुसार एक बात स्पष्ट होती है कि घर में गुस्सैल किशोर या किशोरी के गुस्से को ठंडा करने के लिये यदि माता-पिता गुस्से और चिड़चिड़ाहट से पेश आते हैं तो किशोरों का गुस्सा और ज्यादा भड़केगा। इसके विपरीत यदि गुस्सैल किशोर या किशोरी से माता-पिता स्नेहपूर्वक व्यवहार करें उनका गुस्सा भी शांत हो जाता है। यह युक्ति है।

दैनिक जीवन में समस्या-समाधान हेतु ज्ञान, समझ और युक्ति एक साथ और उत्तरोत्तर श्रेणीबद्ध रूप दोनों प्रकार से उपयोगी हैं। ज्ञान जानकारी और तथ्य प्रदान करता है जो हमें समस्या को समझने और संभावित समाधानों पर मंथन करने में मदद कर सकता है। समझ हमें पिछले अनुभव और स्थिति के आधार पर बुद्धिमानी से निर्णय लेने में मदद करती है। युक्ति हमें आगा-पीछा देखकर एक जटिल समस्या को छोटे, आसानी से प्रबंधन-योग्यचरणों में तोड़ने में मदद करती है, जिसे समस्या को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए लागू किया जा सकता है। इन तीन बहुआयामी संसाधनों के बिना जीवन में हर क्षण आने वाली जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान निकालना लगभग असंभव हो जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंगप्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# करोना काल के लॉकडाउन के वो 68 दिन



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

करोना के जनता कर्फ्यू और लॉकडाउन को चार साल पूरे हो रहे हैं पर 24 मार्च को लॉकडाउन का दिन याद करके आज भी सिहरन उठ जाती है। 22 मार्च को 14 घंटे का जनता कर्फ्यू और 22 मार्च को ही सायंकाल ताली, थाली, घंटी बजाने के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को भरपूर समर्थन मिला पर लोग उस समय तक कोरोना की भयावहता को लेकर इतने गंभीर नहीं दिखे। लोगों ने ताली थाली के आह्वान का मखौल भी उड़ाया और शुरुआती दौर में हालात की भयावहता को समझ नहीं पाये। इसे पोंगा पंथी और ना जाने क्या क्या कहा जाने लगा। लगभग यही हाल आरंभ में कोरोना वैक्सिन को लेकर रहे पर फिर लोगों को सब कुछ समझ में आया कि ताली थाली भी जरुरी थी तो लॉक डाउन और वैक्सिनेसन भी उतना ही जरुरी। ज्योंही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से मुखातिब होते हुए 25 मार्च से 14 अप्रेल तक के देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की तो एक बार तो सब सकते में ही आ गये ।पर जिस तरह से लॉकडाउन के बावजूद कोरोना के मामलें दिन दूने रात चौगुने होने लगे और कोरोना पीड़ित अपनों से ही दूर होते गए तब इसकी भयावहता को समझा जाने लगा। सरकार ने बार बार सेनेटाइजर के उपयोग, मास्क के लगातार उपयोग और दूरी का संदेश दिया उसका असर आज समझ में आने लगा है। सरकार एसओपी जारी कर हालात को काबू में करने में जुट गई। चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों, पेरा मेडिकल स्टॉफ ने जान की वाजी लगा कर सेवा में जुट गए। हालात यहां तक देखे गए कि सेवा में लगे लोग में मौत का ग्रास बनने लगे। दूसरी लहर आते आते तो हालात यहां तक बदतर हो गए कि अस्पतालों में जीवन रक्षक वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की उपलब्धता की दिक्कत आ गई। यह सब तो एक और वहीं दूर-दराज में रहने वाले लोग जो भी साधन मिला यहां तक कि पैदल ही परिवार के साथ काम धंधा छोड़कर अपने गांव की और रुख करने लगे और हजारों किलोमीटर पैदल ही निकल पड़े।

सरकार के सामने इन लोगों के लिए यात्रा के दौरान खाने पीने ठहरने और नियत स्थान तक पहुंचाने की समस्या हो गई वह अलग। इसी तरह से विदेशों में अध्ययन कर रहे या रह रहे लोगों को सुरक्षित लाना भी सरकार के सामने किसी चुनौती से कम नहीं था। अखबारों में आक्सीजन की कमी, वेंटिलेटर के अभाव में अस्पताल परिसर या सड़क पर ही दम तोड़ते लोगों, अंतिम क्रिया तक में शामिल नहीं होने तक का दुख जैसे कई अनुभव इस दौरान देखने को मिले। बीस-पचास आदमियों में शादी की कल्पना को भी इसी दौरान साकार होते देखा गया। शुरुआती दौर मे तो कोरोना वैक्सिन की बात करना ही दूर की बात थी तो बाद में वैक्सिन के पहले दौर के दौरान जिस तरह से वैक्सिन को भी राजनीति की भेंट चढ़ाने के प्रयास हमने देखे हैं। खैर यह दूसरी बात है कि देशवासियों को निःशुल्क कोरोना वैक्सिनेशन की दो डोज और दुनिया के देशों को वैक्सिन उपलब्ध कराने की हमारी पहल को सारी दुनिया ने सराहा।

कोरोना के कारण देश दुनिया में सब कुछ थम जाने का दौर आज तो ना भूतो ना भविष्यती जैसा लग रहा है पर जिन्होंने कोरोना की भयावहता से गुजरने वालों के लिए आज भी यह किसी इतिहास की अब तक की किसी त्रासद घटना से कम नहीं है। जब रक्त बीज की बात की जाती है तो कपोल कल्पना से कम नहीं लगती पर जिन्होंने कोरोना का नजदीक से देखा और भुगता है वह जानते हैं कि राक्षस रक्त बीज से कम नहीं था कोरोना वायरस। रक्त बीज में भी तो यही है कि उसके रक्त की बूंद जहां भी गिरेगी वहीं नया राक्षस पैदा हो जाएगा। लगभग यही कुछ देखा है देश दुनिया के लोगों ने कोरोना काल में। गरीब हो या अमीर, साधन संपन्न हो या साधन विहीन, झोपड़ी वासी हो या महल में निवास करने वाला, लगभग सभी कोरोना के उस दौर में घर की चार दीवारी में बंद हो कर रह गए।

कोविड 19 से दुनिया में सब कुछ थमा कर रख दिया। हालात ही ऐसे थे। संपर्क ही जान लेवा बन रहा था। सेनेटाइजर, मास्क, डिस्टेंस, चार दीवारी, क्वरंटाइन और बस यही कुछ देखेन को सुनने को मिलता था तो अस्पतालों में कोरोना के कारण होने वाली क्या अपने क्या पराये की मौत। हालात लगभग सारी दुनिया में ऐसे ही रहे। 2019 में चीन से सारी दुनिया को अपने आगोश में लेने वाले कोरोना का हमारे देश में चीन के बुहान से केरल के रास्ते 30 जनवरी, 20 को प्रवेश हुआ और 24 मार्च 2020 जिस दिन से लॉक डाउन की शुरुआत हुई उस दिन तक कोरोना पोजेटिव के 519 मामलें सामने आ चुके थे और 19 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके थे।


खैर यह तो तस्वीर का एक पहलू रहा। दरअसल मुद्दे की बात यह है कि आज भले ही हम लॉक डाउन की चार साल की बात कर रहे हैं पर 68 दिन का यह लॉक डाउन ही कोरोना में सही मायने में जीवनदायी सिद्ध हो सका। 25 मार्च से 14 अप्रेल, फिर 15 अप्रेल से 3 मई, उसके बाद 4 मई से 17 मई और फिर 18 मई, 20 से 31 मई, 20 तक के 68 दिन घर की चार दीवारी में बंद रहकर गुजारने का अलग ही अनुभव रहा है। वर्क फ्राम होम से लेकर ऑन लाईन स्टडी तक का यह दौर रहा और आज भी भले ही कम हो गया हो पर ऑन लाईन स्टडी व वर्क फ्राम होम कमोबेस चल रहा है। हांलाकि कोरोना काल को भी लोगों ने भुनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी, वेंटिलेटर बेड और आक्सीजन सिलेण्डर, कंसरट्रेटर, ऑक्सीजन बेड और दवाओं की कालाबाजारी भी खूब देखने को मिली। खैर मानवता के दुश्मन तो हर युग में रहते आये हैं।

ऐसा नहीं है कि लॉकडाउन का दौर हमने ही देखा हो अपितु दुनिया के अधिकांश देशों में लॉकडाउन रहा और लॉकडाउन के माध्यम से ही कोरोना के फैलाव को रोकने के प्रयास सफल हो सके। भूलना नहीं चाहिए कि इंग्लेण्ड के तत्कालीन प्रधानमंत्री को करोना प्रोटोकाल की पालना में कोताही के कारण ही भले ही उन्होंने लाख सफाई दी, अपनी प्रधान मंत्री की कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। कोरोना प्रभावित की सूचना पर जिस तरह से उस घर से प्रभावित को अस्पताल ले जाते थे व घर के बाहर नोटिस चस्पा करने और अलग थलग होने के हालात कितने त्रासद होते थे यह कल्पना का विषय ही है। मामूली बुखार व संभावना पर ही घर में ही अलग थलग क्वारंटाइन होने को भुगतने वाले ही जानते हैं।दिन रात मौत का भय उस व्यक्ति या परिवार से पूछा जाए जो इन हालातों से गुजरे हैं।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि कोरोना के कारण 30 जनवरी, 2020 से 5 मार्च, 24 तक भारत में ही 3 करोड़ 37 लाख 66 हजार 707 मामलें सामने आ चुके हैं और 4 लाख 48 हजार 339 अपनों को खो चुके हैं। यह कोई छोटा मोटा आंकड़ा नहीं है। इसके अलावा सरकार के जनता कर्फ्यू व उसके बाद 68 दिन के लॉक डाउन नहीं होता तो कोरोना से प्रभावित होने वाले और इसके कारण होने वाली मौतों की संख्या अकल्पनीय होती। सरकार की सख्ती, लोगों की अवेयरनेस के बावजूद भी जो कोरोना काल के हालात देखें उसको याद करके ही सिहरन होने लगती है। ऐसे में यह कहने में दो राय नहीं होनी चाहिए कि कोरोना रुपी रक्त बीज का असर कम करने में अन्य के साथ ही लॉक डाउन की प्रमुख भूमिका रही है। आने वाली पीढ़ियों को भले ही यह अतिशयोक्तिपूर्ण लगे पर जिन्होंने देखा, भोगा और अपनों को खोया है वे कोरोना को भूल ही नहीं सकते। ताली-थाली की भले ही मजाक में लिया जाए पर यह और लॉक डाउन ने जिंदगियां बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देश दुनिया में इस तरह की महामारी की पुनरावृति कभी भी नहीं होनी चाहिए।

**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**(वरिष्ठ लेखक)**

# मसीह समाज का दीपावली समकक्ष पर्व "ईस्टर"



डॉ. जे. के. गर्ग

ईस्टर से पहले आने वाले सप्ताह को ईसाई पवित्र सप्ताह मानते है। ईस्टर मे, अंडे का बहुत महत्व है क्योंकि, जिस प्रकार चिड़िया सबसे पहले, अपने घोसले मे अंडा देती है। उसके बाद उसमे से, चूजा निकलता है उसी प्रकार, यहा अंडे को एक शुभ स्मारक माना जाता है क्योंकि अंडा अपनी जड़ता को तोड़ करके एक नये प्राणी को जन्म देता है। वास्तव के अंदर ईस्टर का संदेश है कि जो जड़ता को तोड़े, वही -है असली जीवन होता है। ईस्टर पर लोग अण्डों पर विभिन्न रंगो में कलाकृति एवँ चित्रकारी करके अपने स्वजनों मित्रों को उपहार के रूप में भेट करते है। ईसाई लोग चर्च गिरजा घर जाकर प्रार्थना करके मोम बत्तियां जलाते है। ईस्टर की दिन अपनी दुश्मनी को मिटा कर एक-दूसरों से गले मिलते हैं। ईसाईयों का मानना है कि जिस प्रकार अंडें में से नया जीव जन्म लेता है, उसी तरह ईस्टर के दिन वे परस्पर ईष्ट मित्रों और परिजनों को नये सुखमय स्वस्थ जीवन को जीने की शुभ कामनाएं देते हैं। कहीं पर अण्डों पर चित्रकारी करके, कही दूसरे रूप मे सजा कर, उपहार के रूप मे परस्पर एक-दूसरे को दिया जाता है। सभी एक-दूसरे को गिफ्ट्स, फ्लावर्स, कार्ड, चोकलेट, केक देकर परस्पर शुभकामनाएं एवं बधाईयाँ देते हैं। सुबह से शाम तक पार्टी चलती है ईस्टर मे जिसमे, पारंपरिक लोकप्रिय लंच-डिनर होता है। निःसंदेह मसीह समाज जे लिये ईस्टर का वो ही महत्व जो हिन्दुओं के लिये दीपावली का होता है। दीपावली के दिन प्रभु राम का 14 साल के वनवास के बाद अपने घर अयोध्या में प्रवेश हुआ था। इसी तरह शूली पर लटकाए जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह ईस्टर पर पुन अवतरित हुए थे। भारत में मुख्य रूप से मुंबई, गोवा और पूरे भारत मे जहां भी अधिकतर क्रिश्चियन लोग निवास करते है वहां पर चर्च को विशेष रूप से, सजाया जाता है। कनाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी ईस्टर एग्ग की साइट है। पश्चिमी ईसाई धर्म के लोग ईस्टर सीज़न के दौरान ऐश वेड्नस्डे को उपवास रखना शुरू करते हैं और ईस्टर संडे को अपने उपवास का अंत करते हैं।

भारत एक ऐसा देश है जहाँ विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोग परस्पर स्नेहपूर्ण तरीके से रहते हुए अपनी मान्यताओं का पालन करते वहीं पर दूसरे धर्मों की मान्यताओं का भी सम्मान करते है। हमारा भारत विभिन्न धर्मों, संस्कृति और भाषाओं का अद्भुत राष्ट्र है। भारत के संविधान मे सभी धर्मों के अनुयायियों को समान अधिकार प्राप्त है। हर जाति और धर्म के लोग अपने, त्यौहार अपने अपने तरीके से मनाते है। गुड फ्राइडे व ईस्टर क्रिश्चियन धर्म को मानने वालों के लिए बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है। ईसाई धर्म की मान्यताओं के मुताबिक गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु यीशु मसीह के सूली पर टाकने और दफन होने की दुखद घटना घटित हुई थी। अतः गुड फ्राइडे एक शोक का दिन है। कहा जाता है कि प्रभु यीशु ने बहुत कठिन उपवास किये, त्याग व आत्म बलिदान दिया और मानव मात्र को प्रेम स्नेह एवँ भाईचारे का पाठ पढाया था। यीशु को मानवता की खातिर क्रूस पर चढ़ाया गया था। मसीह समाज का दीपावली समकक्ष पर्व ईस्टर ईसाई धर्म को मानने वालों की मान्यता है कि गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को सूली पर लटका दिया गया था किंतु यीशु मसीह मात्र तीन दिन बाद पुनर्जीवित हो गये थे। इसी दिन को ईसाई समुदाय दुनिया भर में ईस्टर दिवस के रूप में मनाते हैं।

ईस्टर साधारणतया संडे यानी रविवार के दिन ही मनाया जाता है। इस वर्ष ईस्टर 31 मार्च 2024 रविवार को मनाया जाएगा। ईसाई धर्म को मानने वालों के लिये ईस्टर अत्याधिक महत्त्वपूर्ण और पवित्र दिन होता है क्योंकि इसी दिन यीशु मसीह पुनर्जीवित होने के साथ जीवन की आशा एवँ प्रभु ईसा मसीह के प्रति विश्वास का प्रतीक है। ईस्टर का पर्व साल के किसी निश्चित दिन को नहीं मनाया जाता बल्कि इसकी तारीख हर साल साधारणतया बदलती रहती है। ईस्टर को 40 दिनों तक मनाया जाता है। क्योंकि मान्यता मुताबिक प्रभु यीशु मसीह इस पावन धरती पर लगभग चालीस दिनों तक रहे और उन्होंने अपने अनुयायियों को प्रेम-सद्भाव का पाठ पढाया। इस दौरान सभी ईसाई उपवास, प्रार्थना करते हैं और अपनी गलतियों के लिये प्रायश्चित करते हैं। ईस्टर से पहले आने वाले सप्ताह को ईसाई पवित्र सप्ताह मानते है। ईस्टर में अंडे का बहुत महत्व है क्योंकि, जिस प्रकार चिड़िया सबसे पहले, अपने घोसले में अंडा देती है। उसके बाद उसमे से चूजा निकलता है उसी प्रकार, यहा अंडे को एक शुभ स्मारक माना जाता है क्योंकि अंडा अपनी जड़ता को तोड़ करके एक नये प्राणी को जन्म देता है। वास्तव के अंदर ईस्टर का संदेश है कि जो जड़ता को तोड़े, वही असली जीवन होता है। ईस्टर पर लोग अण्डों पर विभिन्न रंगो में कलाकृति एवँ चित्रकारी करके अपने स्वजनों मित्रों को उपहार के रूप में भेट करते है। ईसाई लोग चर्च गिरजा घर जाकर प्रार्थना करके मोमबत्तियां जलाते है। ईस्टर के दिन अपनी दुश्मनी को मिटा कर एक-दूसरों से गले मिलते हैं।

ईसाईयों का मानना है कि जिस प्रकार अंडें में से नया जीव जन्म लेता उसी तर ईस्टर के दिन वे परस्पर ईष्ट मित्रों और परिजनों को नये सुखमय स्वस्थ जीवन को जीने की शुभ कामनाएं देते हैं। कहीं पर अण्डों पर चित्रकारी करके, कही दूसरे रूप मे सजा कर, उपहार के रूप मे परस्पर एक-दूसरे को दिया जाता है। सभी एक-दूसरे को गिफ्ट्स, फ्लावर्स, कार्ड, चोकलेट, केक देकर परस्पर शुभकामनाएं एवं बधाईयाँ देते हैं। सुबह से शाम तक पार्टी चलती है ईस्टर मे जिसमें, पारंपरिक लोकप्रिय लंच-डिनर होता है। निःसंदेह मसीह समाज जे लिये ईस्टर का वो ही महत्व जो हिन्दुओं के लिये दीपावली का होता है। दीपावली के दिन प्रभु राम का 14 साल के वनवास के बाद अपने घर अयोध्या में प्रवेश हुआ था। इसी तरह शूली पर लटकाए जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह ईस्टर पर पुन अवतरित हुए थे। भारत मे मुख्य रूप से मुंबई, गोवा और पूरे भारत मे जहा भी अधिकतर क्रिश्चियन लोग निवास करते है वहां पर चर्च को विशेष रूप से, सजाया जाता है। कनाड़ा में विश्व की सबसे बड़ी ईस्टर एग्ग की साइट है। पश्चिमी ईसाई धर्म के लोग ईस्टर सीज़न के दौरान ऐश वेड्नस्डे को उपवास रखना शुरू करते हैं और ईस्टर संडे को अपने उपवास का अंत करते हैं। भारत मे ही नही बल्कि, संपूर्ण विश्व मे जहा गुड फ्राइडे को शांति से बनाते है वही ईस्टर को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। संसार के सभी देशों में 31 मार्च 2024 रविवार को मनाएंगे।

**डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक जयपुर**

# अंतर्राष्ट्रीय नाका पॉइंट पर पहुंची पंजाब-राजस्थान पुलिस

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश में भयमुक्त एवं निष्पक्ष चुनाव कराने, ड्रग्स एवं हवाला कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए मंगलवार को इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन कमेटी की श्रीगंगानगर में बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थ की तस्करी, हवाला कारोबार एवं बदमाशों व दोनों राज्यों के वांछितों की धरपकड़ की रणनीति पर मंथन किया गया।

राजस्थान व पंजाब पुलिस प्रशासन आपसी तालमेल के साथ वांछितों की धरपकड़ करेंगे। इसके लिए वे संयुक्त रूप से बदमाशों के ठिकानों पर दबिश देंगे। मीटिंग के बाद पुलिस अधिकारियों ने साधुवाली चेक पोस्ट पहुंचकर पंजाब-राजस्थान सीमा के पास अंतरराष्ट्रीय नाका पॉइंट को चेक किया। बैठक में पंजाब एवं राजस्थान पुलिस के अधिकारियों ने बदमाशों व वांछितों की सूची आदान-प्रदान की। बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने पंजाब पुलिस अधिकारियों को 960 वांछित व बदमाशों की सूची दी। वहीं पंजाब पुलिस ने 400 बदमाशों व वांछितों की सूची राजस्थान पुलिस अधिकारियों को सौंपी।

चुनावों के मद्देनजर पंजाब की सीमा पर रेंज के चारों जिलों में 39 चेकिंग नाके लगाए जाएंगे। बदमाशों पर निगरानी के लिए पड़ोसी राज्यों से सटे राजमार्गों पर स्थित होटल, ढाबों व धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। पंजाब में कोठा पुल, पतरेवाला, शिवपुर हेड सरवर खुईया, 500 एलएनपी पुल सरवर खुईया, पंजाबा पुल, भागसर पुल, साधुवाली चेक पोस्ट, दलियावाली पुल, चमारखेड़ा पुल, हाकमाबाद पुल, पतली चेक पोस्ट, मालापुरा चेक पोस्ट, हरिपुरा-खांदुखेड़ा सहित श्रीगंगानगर में 10 और हुनमानगढ़ जिले में दो जगह चेक पोस्ट लगाए जाएंगे। बैठक में गैंगस्टर-अपराधी गठजोड़ के उभरते रुझान, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दे, सोशल मीडिया निगरानी की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, पुलिस गतिविधियों में ड्रोन के उपयोग के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, जेल में बंद हार्डकोर/अपराधी आदि पर भी चर्चा की गई।

बैठक में अंतरराज्यीय सुरक्षा व्यवस्था, अपराध, संगठित अपराध, साइबर अपराध, ड्रग्स तस्करी, मानव तस्करी आदि जैसे गंभीर मुद्दों पर काम करने के साथ-साथ पुलिस के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

## राशिफल गुरूवार 28 मार्च, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, स्वाती नक्षत्र सांय 6:38 तक, हर्षण योग रात्रि 11:12 तक, विष्टि करण सांय 6:57 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सांय 6:57 तक रहेगी। आज चतुरथी व्रत कल्पादि है। आज चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:31 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:57 तक, चर 11:01 से 12:32 तक, लाभ-अमृत 12:32 से 3:35 तक, शुभ 5:07 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:26, सूर्यास्त 6:38

### मेष



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### सिंह



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

### धनु



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### वृष



मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कन्या



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। घर-परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन




परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### तुला




मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कर्क




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### वृश्चिक



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT




**Cooking? Nepal's *Rana* dynasty shows how**

"*Chaurasi Byanjan*" ceremony is a must during *Pasni*, *Bartaman* and *Biyah*. This goes back to story of the wedding celebration of *Ram*, where King *Janaka* is supposed to have served *84 Chaurasi* (varieties of food) at the banquet.

**Trees Near Highways Cut Air Pollution From Traffic**

# मु.मंत्री भजन लाल ने जयपुर शहर की भाजपा उम्मीदवार मंजू शर्मा के समर्थन में नामांकन सभा की

## मु.मंत्री ने कहा, मंजू शर्मा बूथ से लेकर प्रदेश महामंत्री तक कई जिम्मेवारियां निभा चुकी हैं

जयपुर, 27 मार्च (का.सं.)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए आज नामांकन के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशियों ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाली और अपना नामांकन दाखिल किया।

- मु.मंत्री ने मंजू शर्मा को जयपुर की बेटी बताया और उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील की।
- प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि, पूर्व में मेरे पिता स्व. भंवर लाल शर्मा ने जयपुर की जनता की सेवा की है और मैं जयपुर की बेटी भी लगातार जयपुर की जनता की सेवा करती आई हूँ।
- मु.मंत्री ने अलवर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव, करौली-धौलपुर की प्रत्याशी इंदू जाटव की नामांकन सभाओं को भी संबोधित किया।
- बुधवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, जयपुर ग्रामीण, झुंझुनूं, भरतपुर व दौसा के भाजपा प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कहा, बूथ से लेकर प्रदेश महामंत्री तक काम करने वाली मंजू शर्मा को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। राजस्थान में 2014 में भी 25 सीट आई थीं 2019 में भी 25 सीट आई थीं, और जयपुर ने तो रामचरण बोहरा को सबसे ज्यादा वोटों से जिताकर भेजा था। यहां मौजूद विशाल जनसमूह का उत्साह देखकर स्पष्ट है कि, जयपुर शहर में इस बार भी प्रचंड बहुमत से कमल खिलने जा रहा है। हमें प्रत्येक बूथ से भाजपा का कमल खिलाना है और बड़ी जीत दर्ज करानी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




*मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर शहर से भाजपा उम्मीदवार, मंजू शर्मा, अलवर से भूपेन्द्र यादव और करौली-धौलपुर से इंदु देवी जाटव की नामांकन सभाओं को संबोधित किया। जयपुर में मंजू देवी की नामांकन सभा में भारी भीड़ देखी गई, मु. मंत्री भजनलाल ने मंजू शर्मा को रिकॉर्ड वोटों से जिताने की अपील की।*

## भंवरी देवी के सर्विस रिकॉर्ड के लिए कोर्ट में आवेदन

जोधपुर, 27 मार्च (कासं)। ए.एन.एम. भंवरी देवी की हत्या के बाद अभी तक उसके नॉमिनी को पेंशन नहीं मिली है। अब उसके बेटे ने एस.सी.-एस.टी. कोर्ट में एप्लिकेशन दी है।

वर्ष 2011 में बहुचर्चित भंवरी देवी हत्याकांड हुआ था। उसकी जांच के समय भंवरी देवी की सेवा पुस्तिका सी.बी.आई. ने जब्त कर ली थी।

करीब बारह वर्ष बाद आज तक भंवरी देवी के नॉमिनी को पेंशन नहीं मिली और ना ही अन्य लाभ मिल सका है।

- ए.एन.एम. भंवरी देवी, जिसकी वर्ष 2011 में हत्या हो गई थी, के नॉमिनी, भंवरी के पुत्र साहिल ने भंवरी के सेवा परिलाभ प्राप्त करने के लिए कोर्ट में उनकी सेवा का रिकॉर्ड पेश करने को कहा है।

भंवरी के पुत्र साहिल ने अपने अधिवक्ता भवानी सिंह भलासरिया के मार्फत एस.सी.-एस.टी. कोर्ट जोधपुर महानगर में प्रार्थना पत्र पेश किया है। साथ ही सी.बी.आई. को भी प्रार्थना पत्र की कॉपी पेश की। सी.बी.आई. ने प्रार्थना पत्र के जवाब के लिए समय मांगा है।

# गहलोत व सी.पी. जोशी उन जिताऊ उम्मीदवारों को ब्लॉक करने में जुटे हैं जिन्हें पायलट ''बैक'' कर रहे हैं

## स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष रजनी पटेल व प्रभारी रंधावा ने लोकसभा चुनाव को इतने हल्के ढंग से क्यों लिया और अपना ''होमवर्क'' गंभीरता से पूरा क्यों नहीं किया, रोज नयी खामियां उजागर हो रही हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मार्च। राजस्थान में जिस तरह से टिकट बांटे गए हैं उसे लेकर कांग्रेस के पार्टी नेतृत्व ने राजस्थान के लिए गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष रजनी पाटिल को आड़े हाथों लिया है।

- उदाहरण के लिए एक भी ब्राह्मण को राजस्थान में टिकट नहीं दिया गया।
- साथ ही राजसमंद का टिकट सुदर्शन रावत को दिया गया, पर, रावत ने डोटासरा को चिट्ठी लिख कर कहा कि, वे विदेश यात्रा पर हैं तथा अगले दो महीने भारत नहीं लौट पायेंगे। अतः उदयपुर के एक वरिष्ठ नेता ने पायलट के उम्मीदवार को ब्लॉक करने के लिये मुझ से बिना पूछे, मेरा नाम उम्मीदवार के रूप में घोषित करवा दिया।
- इसी प्रकार घोर पायलट विरोधी वयोवृद्ध रामचन्द चौधरी को अजमेर से टिकट दिया। पर, इस टिकट को भी बदलने की बात चल रही है।

विशेष रुप से इस बात को लेकर भारी नाराज़गी है कि, 25 लोकसभा सीटों में से पार्टी ने किसी भी ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया है।

माना जा रहा है कि, पार्टी अब कुछ बदलाव करेगी और ब्राह्मण प्रत्याशी को टिकट दिया जा सकता है।

यह बात भी अधिकारिक रुप से स्पष्ट हो गई है कि, राजसमन्द से कांग्रेस प्रत्याशी सुदर्शन रावत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा को पत्र लिखकर साफ कर दिया है कि लोकसभा चुनाव लड़ने में उनकी रुचि नहीं है, क्योंकि, बिज़नैस के सिलसिले में वो विदेश में हैं और अगले कुछ महीने विदेश में ही रहेंगे।

रावत ने कहा कि, उन्हें चुनाव मैदान में उतारने में उदयपुर के एक वरिष्ठ नेता की भूमिका है, बावजूद इसके कि चुनाव लड़ने में उनकी रुचि नहीं है और उन्हें पता भी नहीं था कि क्या चल रहा है। उन्होंने कहा, पायलट के उम्मीदवार को ब्लॉक करने के लिए मुझ से बिना पूछे मेरा नाम उम्मीदवार के रुप में घोषित करवा दिया। रावत ने कहा, उनकी जगह एक युवा व योग्य प्रत्याशी का चयन किया जाना चाहिए।

पता चला है कि, अजमेर सीट को लेकर भी पुनर्विचार हो रहा है। वहाँ से घोर पायलट विरोधी, रामचंद चौधरी को टिकट दिया है, जिन पर रेप और यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। एक एफ.आई.आर. भी दर्ज हुई है। चौधरी अशोक गहलोत के करीब माने जाते हैं तथा कहा जा रहा है कि, गहलोत के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



# जयपुर डायलॉग्स को अवांछनीय तरीके से विवादों में पेश करके थरूर साफ झूठ बोल रहे हैं : संजय दीक्षित

## जयपुर डायलॉग्स के संस्थापक व पूर्व आई.ए.एस. दीक्षित ने शशि थरूर पर हमला बोलते हुए कहा कि, ''थरूर के खिलाफ मेरे पास बहुत सारे सबूत है''

**जयपुर**, (का.प्र.)। जयपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित होने के बाद सुनील शर्मा की ओर से उम्मीदवारी वापस लेने और फिर शशि थरूर पर हमला बोलने के बाद अब पूर्व आईएएस संजय दीक्षित ने शशि थरूर पर हमला बोलते हुए कहा है कि शशि थरूर के खिलाफ मेरे पास बहुत सारे सबूत हैं।

सुनील शर्मा के बाद अब जयपुर डायलॉग्स के संस्थापक और रिटायर्ड आईएएस संजय दीक्षित ने भी कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सोशल मीडिया पोस्ट करके सुनील शर्मा मामले में शशि थरूर को गलत बताया है। सुनील शर्मा ने कहा था कि शशि थरूर जयपुर डायलॉग्स में आने को तैयार थे और वो फाइव स्टार होटल व बिजनेस क्लास एयर टिकट मांग रहे थे। दीक्षित ने सुनील शर्मा की बात को आगे बढ़ाते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि, ''यही नहीं, शशि थरूर ने कुख्यात कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी केस को रफा-दफा करने के लिए मेरे बीसीसीआई के संपर्कों के जरिए मुझसे मदद मांगी थी। जयपुर डायलॉग्स को अवांछनीय तरीके से विवादों में पेश करने का प्रयास करके वो साफ झूठ बोल रहे हैं। मेरे पास थरूर के दोहरे चेहरे को बेनकाब करने के लिए कई सारे सबूत हैं।''

> ■ **उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि शशि थरूर ने कुख्यात कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी केस को रफा-दफा करने के लिए मेरे बी.सी.सी.आई. के संपर्कों के जरिए मुझसे मदद मांगी थी**

संजय दीक्षित ने सुनील शर्मा का समर्थन करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए लिखा है कि सुनील शर्मा ने बताया है कि कांग्रेस और लेफ्ट लिबरल क्लास किस तरह गलत दिशा में जा रहे हैं, क्या गलत हो रहा है? तथाकथित दक्षिणपंथी बुद्धिजीवियों को वामपंथी झुकाव वाले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में जाने में शायद ही कभी दिक्कत होती है।

दीक्षित ने लिखा कि लेफ्ट लिबरल क्लास उनकी आलोचना करने वाले हर व्यक्ति को दक्षिणपंथी ठहरा देते हैं और उनका बहिष्कार करने का प्रयास करते हैं। हद से ज्यादा असहिष्णुता और अक्षमता आज कांग्रेस का चरित्र बन गया है।

सुनील शर्मा का जयपुर डायलॉग्स से संबंध बताते हुए उनके टिकट पर कांग्रेस समर्थकों ने सवाल उठाए थे। उस वक्त शशि थरूर ने ट्वीट करके सुनील शर्मा के टिकट और जयपुर डायलॉग्स पर सवाल उठाए थे। थरूर ने जयपुर डायलॉग्स का एक ट्वीट शेयर करते हुए लिखा था कि इसने मेरे खिलाफ भी इस तरह के आरोप लगाए थे।

थरूर के ट्वीट के बाद विवाद ज्यादा बढ़ा, देश भर में मामला टॉप ट्रेंड करने लगा। विवाद बढ़ने के बाद सुनील शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके टिकट वापसी की पेशकश की। इसके कुछ ही देर बाद जयपुर से कांग्रेस ने टिकट बदलते हुए प्रताप सिंह खाचरियावास को उम्मीदवार घोषित कर दिया। यूपीए राज के दौरान साल 2010 में जब शशि थरूर विदेश राज्य मंत्री थे तो इंडियन प्रीमियर लीग की कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी टीम में हिस्सेदारी खरीदने पर विवाद हुआ था। थरूर पर विदेश राज्य मंत्री रहते हुए उनकी दोस्त सुनंदा पुष्कर को टीम की फ्रेंचाइजी खरीदने में पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई थी। विवाद के बाद शशि थरूर को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

संजय दीक्षित आईएएस रहते हुए मार्च 2009 में ललित मोदी को हराकर आरसीए के अध्यक्ष बने थे। उस वक्त राजस्थान में गहलोत सरकार थी। बाद में सीपी जोशी आरसीए अध्यक्ष बने, दीक्षित आरसीए के सचिव रहे।

## डॉ.पूनिया ने सैनी और खट्टर के साथ बैठक ली




हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात हुई। गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में डॉ. सतीश पूनिया, नायब सैनी, मनोहर लाल खट्टर लोकसभा चुनाव के विजय संकल्प एवं तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को लेकर प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक ले रहे हैं, इसके बाद प्रदेश चुनाव समिति की बैठक लेंगे और लोकसभा प्रत्याशियों के साथ बैठक कर संवाद करेंगे।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव 30 को

**जयपुर**, (का.सं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब लिमिटेड, जयपुर की प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के वार्षिक चुनाव 30 मार्च को सम्पन्न होंगे। बुधवार को नामांकन पत्र वापस लेने की प्रक्रिया के बाद विभिन्न पदों के लिए कुल 38 प्रत्याशी मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि इनमें अध्यक्ष के एक पद के लिए छः, महासचिव के एक पद के लिए चार, उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए पांच, कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए तीन और कार्यकारिणी के दस पदों के लिए 20 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार योगी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अभय जोशी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ 'बिल्लू बन्ना', बबीता शर्मा, भागीरथ, राधारमण शर्मा, रूपेष कुमार टिंकर, महासचिव पद के लिए मुकेश चौधरी, रामेन्द्र सोलंकी, राहुल शर्मा 'गौतम', योगेन्द्र शर्मा 'पंचौली' उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार सैनी (डी.के.), निखलेश शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, राहुल भारद्वाज, विमल सिंह तंवर तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए अनिल त्रिवेदी, गिरिराज प्रसाद गुर्जर व डी.सी.जैन प्रत्याशी रहे हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के लिए अनिता शर्मा ओमवीर भार्गव, उमंग माथुर, एवज पांचाल, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. सैयद शाहनवाज अली, नमोनारायण अवस्थी, प्रकाश सिंह चौहान, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, राघव शर्मा, लोकेन्द्र सिंह, विकास आर्य, सत्य पारीक, संजय गौतम 'पण्डितजी, संतोष कुमार शर्मा, सन्नी आत्रेय, सिद्धार्थ उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह चौहान, शालिनी श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने प्रत्याशी है।



लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को कलैक्ट्रेट में पूरे दिन भीड़ लगी रही। वहीं कलेक्ट्री के बाहर नामांकन रैलियों में आने वाले लोगों के कारण जाम के हालात बने रहे। इससे लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

## सार-समाचार

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिये निःशुल्क जाँच शिविर कल

**जयपुर**, (का.सं.)। इंपीरियल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर द्वारा निष्काम समाज सेवा की दिशा में एक और अद्भुत कदम बढ़ाते हुए दिल्ली एन.सी.आर. की देशव्यापी एनजीओ, गिफ़्ट (ग्लोबली इंटीग्रेटिड फॉउंडेशन फॉर थैलेसीमिया) के साथ मिलकर, 29 मार्च को, थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के स्थाई इलाज (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) की संभावना जानने के लिये निशुल्क ''हाई रेज़ोल्यूशन, एच.एल.ए. टैस्ट शिविर'' का आयोजन जयपुर के सुप्रसिद्ध दुर्लभजी मैमोरियल हॉस्पिटल में किया जायेगा। एच.एल.ए., यानि ''ह्यूमैन ल्यूकोसाइट एंटीजैन'' या साधारण भाषा में कहें तो एक प्रकार का डी.एन.ए. टैस्ट। यह टैस्ट उन थैलेसीमिक बच्चों या अन्य गम्भीर जानलेवा बीमारियों जैसे ब्लड कैंसर आदि से पीड़ित रोगियों के लिये अत्यंत आवश्यक है, जिनके ठीक होने का एकमात्र इलाज ऐलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट है। इस टैस्ट के बिना इन रोगियों का ऐलोजेनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट होना असंभव है। शिविर में विशेष रूप से एस.डी.एम.एच अस्पताल के वरिष्ठ डॉ पीयूष माथुर व उनके अन्य साथियों के अलावा, विशेष रूप से गुरुग्राम (हरियाणा) से फोर्टिस मैमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के बाल रक्त विकार, कैंसर एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं हैड डॉ विकास दुआ व फरीदाबाद (हरियाणा) से गिफ़्ट संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष मदन चावला शिरकत करेंगे। डॉ विकास दुआ को 50 से अधिक देशों के मरीज़ों को देखने का व लगभग 2000 बोन मैरो ट्रांसप्लांट्स का अनुभव है। मदन चावला के अनुसार जयपुर के शिविर से एकत्रित किये गए सैम्पल्स को जर्मनी में विश्वप्रसिद्ध जैनेटिक लैब डी. के.एम.एस. में जाँच के लिये भेजा जायेगा। जिन बच्चों के एच.एल.ए. मैचिंग के डोनर मिल जाते हैं, गिफ़्ट संस्था उनके बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु यथासंभव मार्गदर्शन एवं मदद करती है। इंपीरियल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संस्थापक सुनील दत्त गोयल ने बताया कि उनका संगठन व्यापारियों एव उद्योगों के मार्गदर्शन के अलावा अपनी सामाजिक और नैतिक ज़िम्मेदारी समझते हुवे इस प्रकार के आयोजनों में निरंतर सक्रिय रहता है। जयपुर में होने वाले इस विशेष शिविर की सफलता के बाद वो गिफ़्ट संस्था के साथ मिलाकर राजस्थान के अन्य प्रमुख ज़िलों में भी ऐसे शिविर आयोजित करते रहेंगे।

### संगीत की महफ़िल आज सजेगी

**जयपुर**, (का.सं.)। डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान के साथ वेस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगीत कार्यक्रम स्तुति, ओड टू म्यूजिकल ट्रेडिशन गुरुवार को शाम 5 बजें रामकृष्ण मिशन मंदिर में आयोजित होगा। जहां प्रदेशभर से ख्यातिप्राप्त संगीत कलाकार और संगीत में रुचि रखनें वाले लोग हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान का लोक संगीत, यहाँ की समृद्ध विरासत का हिस्सा है, इस तरह के आयोजन से एक ओर प्रदेश की प्रसिद्ध लोक कला संस्कृति और संगीत जीवंत होगे, वही इससे लंगा और मांगणियार भजनों के सुर फिर एक बार लोगो के दिलों तक पहुँच सकेंगे। कार्यक्रम में भुंगर खान ग्रुप द्वारा लंगा और मांगणियार गायन शैली में लोक भजनों और सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### जेकेके में लोक नृत्य कार्यशाला कल से

**जयपुर**, (का.सं.) लोक कलाओं के संरक्षण और युवाओं को इससे रूबरू करवाने के उद्देश्य से जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित की जा रही कार्यशालाओं के क्रम में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक लोक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डॉ. रूप सिंह शेखावात प्रशिक्षक व सुश्री गुलशन सोनी सह प्रशिक्षक रहेंगी। 16 वर्ष से अधिक उम्र के कलाकार नि:शुल्क कार्यशाला में हिस्सा ले सकेंगे। परिजात 1-2 में सायं चार से छह बजे तक कार्यशाला का आयोजन होगा।

## राजस्थान दिवस नववर्ष पर मनाने की मांग

**जयपुर**। नव वर्ष समारोह समिति मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि राजस्थान दिवस 30 मार्च के स्थान पर नव संवत् (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) पर मनाया जाए। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन चैत्र शुक्ला एकमा प्रतिपदा संवत 2006 तदनुसार 30 मार्च 1949 को प्रात: 10:40 बजे रोहिणी नक्षत्र इंद्रयोग में तत्कालीन उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था। सरदार पटेल ने संयुक्त राजस्थान का उद्घाटन करते समय दिए गए अपने भाषण में कहा था कि ''राजपूताना में आज नए साल का प्रारंभ है। यहां आज के दिवस साल बदलता है। शक बदलता है। यह नया वर्ष है। तो आज के दिन हमें नए महा-राजस्थान के महत्व को पूर्ण रीति से समझ लेना चाहिए। आज अपना हृदय साफ कर ईश्वर से हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि वह हमें राजस्थान के लिए योग्य राजस्थानी बनाये।

# नितिन फौजी और रोहित राठौड़ से एन.आई.ए. ने पूछताछ की

## जयपुर में शराब कारोबारी की हत्या का प्रयास करने का मामला

**जयपुर**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपी नितिन फौजी और रोहित राठौड़ को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से जयपुर लेकर आई है। एनआईए की टीम सोड़ाला थाने में दोनों बदमाशों से शराब कारोबारियों की हत्या की साजिश रचने के मामले में पूछताछ करने में जुटी है।

लॉरेंस गैंग से जुड़े दोनों बदमाशों से पूछताछ के चलते सोडाला थाने पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। थाना परिसर और आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि उर्वेश और आकाश बंजारा की लॉरेंस विश्नोई गैंग के एक गुर्गे ने जेल में बंद रोहित राठौड़ से सिग्नल एप के जरिए बात करवाई। इसी दौरान उन्हें रोहित राठौड़ ने जयपुर के एक शराब कारोबारी को उड़ाने का जिम्मा दिया। इसके बाद ये दोनों बदमाश अपने एक साथी कुश के साथ जयपुर आए और होटल में ठहरे। तीनों ने शराब कारोबारी की पूरी रैकी की। इससे पहले कि ये वारदात को अंजाम देते। पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पड़ताल में सामने आया है कि उर्वेश मीणा और आकाश बंजारा करौली में एक युवक की हत्या के मामले में जेल भी गए थे। वहां मामूली विवाद में इन दोनों ने एक युवक की हत्या कर दी थी। जिसके आरोप में दोनों को पुलिस ने पकड़कर जेल भिजवा दिया था। कुछ समय पहले ही जेल से छूटने पर ये शराब कारोबारी की हत्या की साजिश में शामिल हो गए और रोहित राठौड़ के कहने पर उसकी रैकी भी की।


> ■ **अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के आरोपियों को जयपुर लाकर एनआईए पूछताछ कर रही है।**

गौरतलब है कि जयपुर की हरमाड़ा थाना पुलिस ने 11 मार्च को तीन बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े गए उर्वेश मीणा, आकाश बंजारा और कुश अग्रवाल से पूछताछ में सामने आया कि यह बदमाश जयपुर में एक शराब कारोबारी की हत्या करने आए हैं। यह टास्क उन्हें अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद रोहित राठौड़ ने दिया।


## तीये की बैठक




अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती कान्ता देवी** का स्वर्गवास दिनांक 26.03.2024 मंगलवार को हो गया है। जिनकी तीये की आज बैठक गुरुवार 28.03.2024 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक निवास स्थान 125, पूर्ण विहार विस्तार बोयतावाला, बैनाड रोड, जयपुर पर होगी। **शोकाकुल**- सुभाष चन्द्र (पति), राजेश, अतुल (पुत्र), अभिषेक, लव, कुश, विनय (पौत्र) एवं समस्त जोशी परिवार, जयपुर। मो. नं. 7014540003, 8947844760, 9829475187



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है की हमारी पूजनीय दीदी (ननद) **श्रीमती चन्द्रा चौधुरी** धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री शरदिंदु चौधुरी का स्वर्गवास 26.03.2024 को हो गया है तीये की बैठक 28.03.2024 सांय 5 से 6 बजे तक श्री राम मंदिर श्री राम मार्ग श्री राम नगर सुमेर नगर विस्तार न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर जयपुर में रखी गई है। **शोकाकुल**- रीता (भाभी), सुमिता- प्रफूल्ल (भाभी- भाई),पारुल- ध्रुव (भतीजा-वधू), माला- मोलय, मालोती- प्रताप, अनुश्री (भतीजी- दामाद) समस्त मुखर्जी परिवार। मो.नं.- 9829093648

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# फैमिली कोर्ट अन्य अदालतों से अलग, इसके भवन में परिवार के लिए भी उचित हो व्यवस्था : सी.जे.

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि फैमिली कोर्ट पारिवारिक मामलों के निस्तारण के लिए बने हैं। यहां की प्रक्रिया अन्य न्यायालयों से अलग होती है। यहां वकील, काउंसलर और जज पक्षकारों में सुलह का प्रयास करते हैं। इन अदालतों में बच्चों की अभिरक्षा के मामले भी आते हैं। जिसके चलते इन अदालतों में परिवार के लोग भी आते हैं। ऐसे में फैमिली कोर्ट का भवन न केवल अच्छा हो, बल्कि आने वाले परिवार के लोगों के बैठने के लिए भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। इसलिए फैमिली कोर्ट का अपना अलग से भवन भी होना चाहिए। सीजे श्रीवास्तव बुधवार को फैमिली कोर्ट के अलग भवन के लिए आयोजित भूमि पूजन समारोह में उपस्थित वकीलों सहित अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सीजे श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में फैमिली विवाद के प्रकरण बढ़ रहे हैं। इसलिए अदालतों की संख्या भी बढ़ रही है। इसलिए कोर्ट के भवन का निर्माण भी उसी गति से होना जरूरी है। सीजे ने आश्वस्त किया कि भवन निर्माण को लेकर किसी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। फैमिली कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस शेखावत ने बताया कि महिला आयोग की बिल्डिंग के पास करीब एक बीघा जमीन में फैमिली कोर्ट बनना प्रस्तावित है। इसके लिए 19 करोड रुपए से बेसमेंट सहित बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। अब तक फैमिली कोर्ट महिला आयोग की बिल्डिंग में चल रहा था।



मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव बुधवार को फैमिली कोर्ट के अलग भवन के लिए आयोजित भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए।

## अपात्रों का चयन करने पर मांगा जवाब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने वेटनरी ऑफिसर भर्ती-2019 में अपात्र अभ्यर्थियों को चयनित करने के मामले में कार्मिक सचिव, प्रमुख पशुपालन सचिव और आरपीएससी सचिव सहित अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश राजवीर सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने आरपीएससी को कहा है कि वह याचिकाकर्ता को संबंधित अभ्यर्थियों की विस्तृत जानकारी दे, ताकि उन पर नोटिस तामील कराए जा सके।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने वेटनरी ऑफिसर के नौ सौ पदों के लिए वर्ष 2019 में भर्ती निकाली थी। भर्ती विज्ञापन में आरपीएससी ने वेटनरी साइंस पाठ्यक्रम अंतिम वर्ष में शामिल अभ्यर्थियों को पात्र माना। जबकि भर्ती नियम के अनुसार पात्रता अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल होना है।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मोहन लाल पुत्र स्व. राधेश्याम, प्रभा देवी पत्नी मोहन लाल निवासीगण 26 गोवर्धन नगर मुहाना सांगानेर जयपुर का पुत्र मनोज कुमार एवं उसकी पत्नी श्रीमती ललिता पुत्री श्री रूप सिंह मेरे अभिभाष्यगण को लम्बे समय से हेरान परेशान कर रहे है आये दिन दोनों मेरे अभिभाष्यगण से लड़ाई झगड़ा करते है और प्रताड़ित करते है अतः मेरे अभिभाष्यगण ने दोनों को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं आज से अपने सभी सम्बन्ध दोनों से समाप्त करते है अगर कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र एवं उसकी पत्नी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करते है तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। सो सूचित रहे।
(रहीम भाटी) मो.नं. 7791037118, 8239710587

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मोहम्मद इदरीस पुत्र मोहम्मद इस्माईल निवासी मकान नंबर 59-बी, काली कोठी, निवारू रोड, दरबार स्कूल के पास, झोटवाड़ा, जयपुर राज. का मेरा पुत्र मोहम्मद शोएब मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है तथा आये दिन मेरे मुवक्किल से दुर्व्यवहार करता है नाफरमानी करता है तथा मोहम्मद शोएब ने मेरे मुवक्किल का जीना दूश्वार कर रखा है इसलिए मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र मोहम्मद शोएब पुत्र मोहम्मद इदरीस संपूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज से मोहम्मद शोएब का मेरे मुवक्किल व उसकी चल अचल सम्पत्ति से कोई संबंध व हक अधिकार नहीं रहा है तथा मोहम्मद शोएब के द्वारा किये जाने वाले आपराधिक कृत्यों, संव्यवहार, लेन देन, वाद विवाद मुकदमा व कृत्यों के बारे में मेरे मुवक्किल की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अत सूचित रहे।
दिनांक-26.03.2024 (मौहम्मद अशफाक) एडवोकेट मो.नं. 8387862985

**खोया पाया**

मेरे प्लाट संख्या 25, 27, 29 बालाजी विस्तार, सबरामपुरा जयपुर का मूल पट्टा, साइडप्लान, रसीद गुम गयी है। मिलने पर संपर्क करें। जितेन्द्र शर्मा- 9829065868

मकान नं.21/283, मानसरोवर स्कीम सेक्टर नं.2 जो की असलम खान के नाम से मूल अलॉटमेंट लेटर, अलॉटमेंट लेटर नं.9009. 31.03.86 को हाउसिंगबोर्ड ने जारी किया था वह मूलअलॉटमेंट लेटर मेरे (गिरीश वाधवानी) के घर बी-801 जे.एल.एन मार्ग से जयपुरिया अस्पताल के बीच खो गए। सूचित करें- 9799334050

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम**
**राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक- 17985 दिनांक-28.03.2024
**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या LB/626 (LIG) Prata Apartment का आवंटन श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी स्व. श्री लेखराज को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1122 दिनांक 11.11.2011 को जारी किया गया था। श्रीमती सरस्वती देवी की मृत्यु दिनांक 15.01.2019 को हो जाने के कारण उनके पौत्र श्री नरेश कुमार मोटवानी पुत्र स्व. श्री जेठानन्द मोटवानी आवासन मण्डल ने अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री नरेश कुमार मोटवानी पुत्र स्व. श्री जेठानन्द मोटवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय सांभरलेक जि. जयपुर
**अशोक कुमार नागर बनाम राजस्थान सरकार व अन्य**
प्रार्थना पत्र 2/2024
प्रार्थना पत्र अ.धारा 128 व 111 भू-राजस्व अधिनियम बनाम-1. शंकरलाल बैरवा पुत्र रामकिशन बैरवा जाति बैरवा निवासी सदापुरा तहसील टोडाराय सिंह जिला टोंक राज. 2. भगवानसहाय, 3. शंकरलाल, 4. भारती, 5. सम्पति पुत्रान व पुत्रीयान हजारी, 6. राकेश, 7. राहुल, 8. लेखराज, 9. सुनीता पुत्रान/पुत्रीयान पूरणमल, 10. कमला देवी, 11. संतोष देवी, 12. किशनलाल, 13. रामेश्वर, 14. शंकरलाल, 15. गोपीराम पुत्रीयान/पुत्रान मंगल्या, 16. मंगलन्द, 17. सूरजमल पुत्रान लक्ष्मण, 18. सायरीदेवी पत्नि लक्ष्मण समस्त जाति खटीक निवासीयान नौरंगपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर राज. 19. अमरचन्द, 20. गोपाल लाल 21. गलकूदेवी, 22. प्रभुदेवी, 23. बदामदेवी पुत्रान/पुत्रीयान नंदलाल, 24. ज्ञानादेवी पत्नि नन्दलाल, 25. रामलाल, 26. सूरजमल, 27. हुक्माराम, 28. हरजी पुत्रान किशना, समस्त जाति जाट निवासीयान नौरंगपुरा तहसील फुलेरा जिला जयपुर राज.
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 18 माह 04 सन 2024 को 10.00बजे ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
अतः आज दिनांक 26 माह 03 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
मोहर उपखंड अधिकारी, सांभरलेक

# पॉक्सो कोर्ट ने दुष्कर्मी की 20 साल की सजा को बरकरार रखा

## हालांकि अदालत ने पूर्व में लगाए गए दो लाख रु. की जुर्माना राशि को घटाकर अब एक लाख 30 हजार रुपए कर दिया है

■ **पॉक्सो कोर्ट की ओर से सजा सुनाने के बाद अभियुक्त ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रकरण को पुनः पॉक्सो कोर्ट में भेजते हुए सुनवाई करने को कहा था**

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने नौ साल की पीड़िता से दुष्कर्म कर उसे मारने की कोशिश करने वाले अभियुक्त कमलेश मीणा को पूर्व में दी गई बीस साल की सजा को बरकरार रखा है।

हालांकि अदालत ने पूर्व में लगाए गए दो लाख रुपए की जुर्माना राशि को घटाकर एक लाख तीस हजार रुपए कर दिया है। अदालत ने 5 अक्टूबर, 2021 को अभियुक्त को सजा सुनाई थी। इसके बाद अभियुक्त ने सजा के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने पॉक्सो कोर्ट को मामले की पुनः सुनवाई करने को कहा था। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने बताया कि 26 सितंबर, 2021 की शाम नौ साल की पीड़िता अपने नाना के लिए बीड़ी खरीदने बाजार गई थी। रास्ते में अकेला पाकर अभियुक्त ने उसका अपहरण कर लिया और सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान अभियुक्त ने उसका गला दबाया और बाद में उसे मरा हुआ समझ कर घर आ गया। वहीं जैसे तैसे पीड़िता ने घर पहुंच कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिस पर परिजनों को कोटखावदा थाने में मामला दर्ज कराया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 12 घंटे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं अगले छह घंटे में जांच पूरी कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया गया था।

ट्रायल के दौरान अस्पताल से ही पीड़िता के वीसी के जरिए बयान लेने की व्यवस्था की गई थी। पॉक्सो कोर्ट की ओर से सजा सुनाने के बाद अभियुक्त ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रकरण को पुनः पॉक्सो कोर्ट में भेजते हुए सुनवाई करने को कहा था।

## 'एल.आई.सी. दुनिया में सबसे मजबूत बीमा ब्राँड'

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 2024 ने एल.आई.सी. ऑफ इंडिया को दुनिया के सबसे मजबूत बीमा ब्राँड्स में प्रथम स्थान दिया गया है।

भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष सिद्धार्थ महांति ने कहा कि "हम अपने सभी पॉलिसीधारकों और हितधारकों के आभारी हैं, जिन्होंने लगभग 7 दशकों से भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रति अपना विश्वास कायम रखा हैं। हम अपने ग्राहकों की जरूरतों के प्रति सचेत हैं और उनकी बीमा और निवेश की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए उत्पाद विकसित कर रहे हैं। हम ग्राहक सेवा पर लगातार ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं और अपने सभी हितधारकों के लिए मूल्य संवर्धन कर रहे हैं। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 2024 द्वारा सबसे मजबूत बीमा ब्रांड 2024 की सूची में पहला स्थान पाकर हम अभिभूत हैं, जो हम पर उनके विश्वास का प्रतिबिंब है।"



**डॉ विजय एवं उमा बासोतिया ने अपने परिवार के साथ होली त्यौहार के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के अच्छे स्वास्थ, राज्य और देश में चल रहे विकास की चर्चा की। बासोतिया परिवार ने राज्यपाल को आने वाले समय में सफलता एवं स्वास्थ की शुभकामनाएँ दी।**

# एस.एम.एस. सहित 8 मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को नोटिस

## क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था लागू नहीं करने का मामला


**जयपुर** । राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स आधारित (क्यूआर कोड) साफ-सफाई व्यवस्था लागू नहीं करने पर प्रदेश के 8 मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालयों से सम्बद्ध अस्पतालों में क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए थे।

यह व्यवस्था लागू होने से सरकारी अस्पतालों के शौचालयों व परिसर की साफ-सफाई में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बार-बार निर्देश दिए जाने व नियमित निरीक्षणों के बाद भी मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध कुछ चिकित्सालयों में क्यूआर कोड आधारित सफाई व्यवस्था लागू नहीं की गई है। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि जेएलएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल अजमेर, सरदार पटेल चिकित्सा महाविद्यालय बीकानेर से सम्बद्ध गंगाशहर सैटेलाइट हॉस्पिटल, एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय, टीबी एण्ड चेस्ट हॉस्पिटल, मनोचिकित्सा केन्द्र, मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल डूंगरपुर, सम्पूर्णानंद चिकित्सा महाविद्यालय जोधपुर से सम्बद्ध सैटेलाइट चिकित्सालय चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, जिला अस्पताल प्रतापनगर, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं जयपुरिया हॉस्पिटल, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर के डेंटल कॉलेज अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय सीकर से सम्बद्ध राजकीय एसके जिला चिकित्सालय एवं एमसीएच हॉस्पिटल तथा सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर से सम्बद्ध पीडीडीयू राजकीय चिकित्सालय गणगौरी बाजार, टीबी अस्पताल, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, आईडीएच चिकित्सालय, एसआर गोयल राजकीय चिकित्सालय सेठी कॉलोनी, सैटेलाइट हॉस्पिटल बनीपार्क एवं सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में क्यूआर आधारित सफाई व्यवस्था लागू नहीं होने पर संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# नाटक 'चित्रलेखा' का मंचन



**विश्व रंगमंच दिवस पर बुधवार को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में नाटक चित्रलेखा का मंचन किया गया।**

**जयपुर,** (का.सं.) विश्व रंगमंच दिवस पर बुधवार को जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में नाटक चित्रलेखा का मंचन किया गया। नाटक पद्म भूषण अलंकृत साहित्यकार भगवती चरण वर्मा की कृति चित्रलेखा पर आधारित है। वरिष्ठ नाट्यय निर्देशक धीरज भटनागर ने नाट्यय रूपांतरण और निर्देशन किया। अभिनय, संगीत और नृत्य को समाहित करने वाली इस प्रस्तुति ने दर्शकों की प्रशंसा हासिल की।

सभागार में प्रवेश करते ही दर्शक मंच पर मध्यकालीन भारत की छवि देखते हैं। महल और योगी की कुटिया को दर्शाने के लिए लकड़ी से सेट तैयार किया गया जिस पर बने चित्र दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। मंच पर अभिनेता आशुतोष राणा की आवाज में गूंजते शिव तांडव पर नृत्य के साथ नाटक की शुरुआत होती है जिसका भावानुवाद आलोक श्रीवास्तव ने किया है। आचार्य रत्नांबर के दो शिष्य श्वेतांक और विशालदेव अपने गुरु से पाप और पुण्य में अंतर पूछते हैं, इस पर आचार्य उन्हें संसार से ही ज्ञानार्जन की शिक्षा देते हैं। दोनों अपने-अपने रास्ते पर निकलते हैं, श्वेतांक पाटलिपुत्र के सामंत बीजगुप्त और विशालदेव योगी कुमारगिरि के पास पहुंच जाता है। यहीं से दोनों की शिक्षा शुरू होती है।

चित्रलेखा जो अपने नृत्य कौशल और सुंदरता के लिए पूरे पाटलिपुत्र में प्रसिद्ध है वह बीजगुप्त की प्रेयसी भी है। चित्रलेखा ही इस नाटक का केन्द्र भी है। कुमारगिरि वैराग्य को श्रेष्ठ मानते हैं तो बीज गुप्त और चित्रलेखा के लिए भोग विलास ही सब कुछ है। अनायास कुमारगिरि और चित्रलेखा की मुलाकात होती है। चित्रलेखा के ज्ञान से कुमारगिरि प्रभावित होते हैं।

चित्रलेखा कुमारगिरि से दीक्षा लेने वन में जाती है लेकिन परिस्थितिजन्य कारणों से दोनों फिर मुख्यधारा के जीवन में लौट आते हैं। इधर बीजगुप्त सन्यास धारण कर लेते हैं। अंततः चित्रलेखा और कुमारगिरि को आत्मज्ञान होता है और दोनों फिर विरक्त की ओर अग्रसर होते हैं। श्वेतांक और विशालदेव दोनों को ज्ञात होता है कि ज्ञान तर्क की नहीं अनुभव की वस्तु है और पाप दृष्टिकोण की विषमता है जिसकी परिभाषा संभव नहीं है।

सरगम भटनागर ने चित्रलेखा तो दीपक गुर्जर, प्रेमचंद बाकोलिया, अनमोल त्यागी, मुकेश पारीक, तनिष्का मुद्गल, वैभव दीक्षित, देवेश शर्मा, अथर्वा कुलश्रेष्ठ और वाणी पाण्डेय ने विभिन्न किरदार निभाए। दिनेश प्रधान तकनीकी सलाहकार रहे। प्रकाश संयोजन गगन मिश्रा ने संभाला। ग्वालियर घराने के सितार वादक पं. दीपांशु शर्मा ने संगीत दिया वहीं मुरैना की समीक्षा त्रिवेदी, ग्वालियर के अनुज व राजा बनर्जी ने गीतों को अपनी सुरीली आवाज में पिरोया। नृत्य निर्देशन जयपुर घराने की आद्या कालिया और प्रेरणा कुलश्रेष्ठ ने किया। रूप सज्जा असलम पठान ने की जबकि पोशाक नेहा चतुर्वेदी और करुणा भटनागर ने तैयार की।

# सिंधी कैम्प पर बस ने बालिका का कुचला

■ **मृतक के परिजन खाटूश्यामजी के दर्शन करने आए थे**

**जयपुर** । राजधानी में हिट एण्ड रन का मामला सामने आया है। सिंधी कैम्प इलाके में मंगलवार देर रात एक बस ने सात साल की बालिका को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। यह बालिका अपने परिवार के साथ यूपी से खाटूश्याम जी के दर्शन करने आई थी और सिंधी कैम्प बस स्टेंड पर उतरने के कुछ समय बाद ही यह हादसा हो गया। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम पुलिस कर रही है। पुलिस बस की तलाश में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार यूपी से एक परिवार खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए जयपुर पहुंचा था। सिंधी कैम्प बस स्टेण्ड पर उतर वहां जाने के लिए बस खोज ही रहे थे कि रात करीब ढाई बजे एक बस ने इस परिवार की पैदल जा रही सात साल की बालिका को कुचल दिया और चालक बस को लेकर वहां से भाग निकला। घायल अवस्था में परिजनों ने बालिका को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सात वर्षीय नंदिनी निवासी यूपी के रुप में हुई है। मृतका अपनी बड़ी बहन और मां के साथ खाटूश्याम जी के दर्शन करने के लिए मंगलवार रात जयपुर आई थी। यहां से बस बदल कर परिवार खाटूश्याम जी मंदिर जाने की तैयारी कर रहा था कि इसी दौरान किसी बस ने नंदिनी को कुचल दिया। फिलहाल बस का पता नहीं चल पाया है। नंदिनी के कमर के ऊपर से बस निकलने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई थी, जिसकी बाद में मौत हो गई।

## मंडी से लाखों रु. के कैरिट चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुहाना मंडी में लाखों रुपये की कीमत के कैरिट चुराने वाले एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लाखों रुपये की कीमत के कैरिट भी बरामद किए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कैरिट चुराने वाले दीनू उर्फ दीनदयाल निवासी सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुहाना मंडी में लाखों रुपये की कीमत के कैरिट बरामद किए गए है। जो अपने साथियों के साथ वारदात को अंजाम देना कबूला है।

आरोपित नशा करने का आदि है और दिन में मंडी में ठेला लगाते है और फिर स्थान चिन्हित कर रात्रि में चोरी की वारदातों को अंजाम देते है।

# कार की टक्कर से ऑटो रिक्शा चालक की मौत

**जयपुर** । महेश नगर में देर रात एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रात करीब साढ़े 9 बजे एक तेज रफ्तार कार ने त्रिवेणी नगर पुलिया पर ऑटो को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से ऑटो चालक घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर ऑटो चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 30 वर्षीय अनिल कुमार निवासी गंगोत्री नगर गोपालपुरा के रुप में हुई है। मृतक रात को सवारी छोड़कर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसे के बाद चालक को पकड़कर कार जब्त कर ली।

## सार-समाचार

### सूरज बैरवा को पी.एच.डी.की उपाधि



**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से सूरज कुमार बैरवा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में अध्ययनरत बैरवा ने अपना शोध कार्य 'समाचार पत्र पाठकों पर डिजिटल मीडिया का प्रभाव (विशेषतः जयपुर के संदर्भ में)' विषय पर किया है। उन्होंने यह शोध कार्य समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मोनिका राव के निर्देशन में किया है। बैरवा वर्तमान में राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ) के पद पर कार्यरत हैं।

### साहित्य की प्रदर्शनी का आयोजन

**जयपुर,** (का.सं.)। बीकेबीआईईटी में रामकृष्ण मिशन की ओर से स्वामी विवेकानंद के साहित्य की प्रदर्शनी सह-बिक्री का आयोजन किया गया। पिलानी, बीके बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्वामी विवेकानंद विचार दर्शन नामक मोबाइल बुक स्टॉल का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी विवेकानंद के साहित्य की सह-बिक्री को बीकेबीआईटी, बीकेबीआईईटी, बीटीटीआई के सभी शिक्षक, स्टाफ और विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक पुस्तकालय एवं सूचना विभाग से डॉ. सरिता जैन ने बताया कि कार्यक्रम भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव और रामकृष्ण मिशन की125वीं वर्षगांठ के अवसर पर आधारित था जिसमें भारतीय दर्शन की प्रमुख पुस्तक वैदिक विज्ञान, प्रेरणादायक पुस्तके, शास्त्रीय, धार्मिक ग्रंथ,आध्यात्मिक विकास, सह मासिक विकास और योग पर प्रदर्शित की गई। बीकेबीआईईटी निदेशक डॉ. एसएम प्रसन्न कुमार ने स्वामी विवेकानंद को माला अर्पित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को महान दार्शनिक एवं महान विचार स्वामी विवेकानंद के मार्गदर्शन पर चलने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में बीकेबीआईईटी प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, बीटीटीआई प्राचार्य मनोज गौर और बीकेबीआईईटी,बीटीटीआई और बीकेबीआईएचई स्टाफ उपस्थित थे। बीकेबीआईईटी जीम कमर्शियल केके पारीक ने कहा कि इस तरह का आयोजन संस्था में होता रहना चाहिए जिससे देश के युवा का स्वास्थ्य एवं संस्कार राष्ट्र की बहुआयामी प्रगति का आधार बने कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षक और छात्रों ने इस प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्वामी विवेकानंद की पुस्तकों के प्रति रुचि दिखाई।

### जेवरात-नकदी लेकर भागे नौकर पकड़े

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर थाना पुलिस ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुराने वाले के मामले में घर में काम करने वाले घरेलू नौकरानी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि पडौसी के कार्यक्रम में परिवार के शामिल होने जाने पर पीछे से नौकरानी ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी नौकरानी चोरी का माल भी बरामद किया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि वैशाली नगर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में घरेलू नौकरानी पुष्पा देवी उर्फ खुशी (26) निवासी मिर्जापुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में वैशाली नगर निवासी डॉक्टर रत्नेश जैन ने मामला दर्ज करवाया था कि उसके घर में घरेलू कामकाज के लिए नौकरानी पुष्पा देवी उर्फ खुशी को रख रखा था और शुक्रवार रात वह परिवार सहित पडोसी के कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। कार्यक्रम से वापस लौटने पर गेट खुला मिला। घर में मौजूद नौकरानी भी गायब मिली। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, दस लाख रुपए, मोबाइल व टेबलेट गायब मिले। इसके बाद नौकरानी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था।

### सड़क पर खड़ी कार के टायर चोरी

**जयपुर** । मुहाना इलाके में बदमाशों द्वारा सड़क पर खड़ी एक कार के टायर चोरी कर पत्थरों के सहारे खडा करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि चोरी की वारदात को कार में सवार होकर आए बदमाशों ने जैक लगाकर पीछे के दोनों टायर निकाले और फिर फरार हो गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में टायर चोरों की करतूत कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल खेमचन्द ने बताया कि गांधी पथ करणी विहार निवासी आयुष जैन (27) ने मामला दर्ज करवाया है कि मुहाना रोड पर उसके ताऊ जी का घर है। दादाजी की मृत्यु होने पर गत दो दिन पहले वह ताऊजी के घर आए था। वहां उसने घर के बाहर अपनी कार पार्क की थी। रात के अंधेरे में बदमाश कार को जैक पर खड़ा किया और फिर पिछले दोनों टायर रिम सहित निकाल कर जैक हटाकर कार को पत्थर पर खड़ा कर छोड़ गए। सुबह कार संभालने पर टायर गायब मिले।

# जयपुर में शूटिंग के लिए आई एक्ट्रेस से दुष्कर्म

## पीड़िता ने मुम्बई में मामला दर्ज कराया

■ **साथी एक्टर ने होटल में बनाया अश्लील वीडियो, फिर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी में एक एक्ट्रेस से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। होटल में रुकने के दौरान साथी एक्टर ने कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। फिर बेहोशी की हालत में रेप कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। आखिर मुंबई पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया। फिर जीरो नंबर एफआईआर आमेर थाने भेजी गई है। अब आमेर थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

आमेर पुलिस ने बताया कि मुंबई में रहने वाली 34 साल की एक्ट्रेस ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि साल 2010 से मुंबई में रहकर फिल्मों में काम कर रही है। साल 2019 में मुंबई में काम करते समय शूटिंग के दौरान गौरव सिंह से मुलाकात हुई थी। एक ही प्रोफेशन के कारण बातचीत होने लगी। इस दौरान वेब फिल्म में एक साथ काम करने से मना करने पर गौरव सिंह नाराज हो गया।

साल 2023 में वेब फिल्म की शूटिंग के लिए जयपुर आई थी। मुंबई एयरपोर्ट पर गौरव सिंह मिला। प्रोड्यूसर ने पूछने पर बताया कि गौरव सिंह फिल्म में मुख्य भूमिका करने जा रहे हैं। ऐतराज करने पर इस बार शूट कर फिर दोबारा कास्ट नहीं करने के लिए कहा। वह और गौरव सिंह वेब फिल्म की टीम के साथ एक ही फ्लाइट में जयपुर आए।

शूटिंग के दौरान कूकस के एक होटल में रुके। दोपहर के समय गौरव सिंह उसके रूम में कॉफी के लिए आया। बातचीत के दौरान खुद के लिए और उसके लिए कॉफी बनाई। कॉफी पीने के बाद बात करते हुए नींद आ गई। अगले दिन सुबह नींद खुलने पर गौरव सिंह कमरे में ही था।

पीड़िता ने बताया कि उसके कमरे में होने का कारण पूछने पर गौरव सिंह ने कहा के तुम्हारे बेहोश होने के कारण वह यहीं सो गया था। शूटिंग के बाद गौरव सिंह उससे मिलने कमरे में आया। आरोपी गौरव सिंह ने अपने मोबाइल में उसके साथ रेप करते हुए का वीडियो दिखाया। विरोध करने पर मारपीट कर जबरन रेप किया।

## अदालतों की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर पेश पी.आई.एल. निस्तारित

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुकदमों की सुनवाई के दौरान अदालतों की लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर पेश जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश हर्षित दूदावत की ओर से पेश जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में सभी पक्षकारों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की सुविधा दी गई है।

इसके साथ ही अदालत ने मामले में किसी भी तरह का आदेश देने से इनकार करते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता को संविधान के तहत दिए गए अधिकार के आधार पर हाईकोर्ट में चल रही अदालती कार्रवाई के बारे में वास्तविक समय में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है। कानून का प्रमुख सिद्धांत है कि न्याय न केवल सार्वजनिक रूप से किया जाना चाहिए, बल्कि यह दिखाई भी दिया जाना चाहिए। ऐसे में इस लक्ष्य को प्राप्त करने के का सर्वोत्तम तरीका मुकदमों की लाइव स्ट्रीमिंग करना है। इसके चलते सभी वकीलों के तथ्यों और सुना जा सकता है और न्यायाधीशों व वकीलों के बीच हुई बातचीत की जानकारी भी मिल सकती है। ऐसा करने से न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर विश्वास बढेगा। याचिका में यह भी कहा गया कि न्यायालय के निर्णय से देश के प्रत्येक नागरिक व निवासी प्रभावित होते है, ऐसे में उन्हें निर्णय लेने के दौरान की कार्रवाई को देखने का अधिकार है। याचिका में यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट सहित अनेक हाईकोर्ट भी लाइव स्ट्रीमिंग के पक्ष में आदेश दे चुके हैं। याचिका में गुहार की गई कि लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर नियम बनाए जाए और मुकदमों की सुनवाई के दौरान लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था हो।

# बदमाशों ने लोगों पर पथराव किया

**जयपुर** । राजधानी के करधनी इलाके की फ्रेंडस कॉलोनी में दो पक्षों के बीच पथराव और मारपीट हो गई। हमले में 6 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कॉलोनी के लोगों ने बदमाशों के खिलाफ पुलिस को सूचना दी। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की एक बाइक जब्त की। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि घायलों का मेडिकल कराया गया। फ्रेंडस कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार ने बताया- 25 मार्च को वह करीब 2 बजे के समय फ्रेंडस कॉलोनी के गेट के पास गया, जहां अंबे ड्राइविंग के नाम से 2 दुकानें बनी हुई है। उस दुकान के ऊपर कुछ लड़के रहते हैं। ये होली के दिन शराब पीकर आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान यह लोग रोड पर खाली बोतलें फेंक रहे थे। शराब पी रहे 3-4 लड़के आए और कॉलोनी के लोगों पर पथराव कर दिया और सरियो-डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान एक बदमाश ने उस पर डंडे से हमला किया। कॉलोनी के लोग बीच-बचाव करने आए तो उन पर भी हमला कर दिया गया। मारपीट में कॉलोनी के अध्यक्ष अजीत सिंह भी घायल हो गए। शोर सुन कॉलोनी के लोग जमा हुए तो बदमाश मौके से भाग निकले। फायरिंग कर दो कॉलोनी के लोगों ने बताया कि बदमाशों ने भागने के दौरान एक दूसरे को फायरिंग करने के लिए भी कहा। ऐसे में संभावना है कि उनके पास अवैध हथियार भी होगा। करधनी थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक अप्रैल से "क्रेश प्रोग्राम"

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मौसमी बीमारियों से बचाव एवं प्रभावी रोकथाम के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रदेश में एक अप्रैल से क्रेश प्रोग्राम चलाया जाएगा।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आयोजित अन्तर्विभागीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। साथ ही बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए संबंधित विभागों में नोडल अधिकारी बनाए जाने व स्वास्थ्य निदेशालय में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम शुरू करने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस बार डेंगू, मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों का प्रसार ज्यादा होने की आशंका व्यक्त की है। इसके मद्देनजर प्रदेश में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी तैयारियां पुख्ता रूप से की जाएं।

सिंह ने निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग पूर्ण समन्वय से साथ काम करते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंजाम दें। सभी विभाग चेकलिस्ट बनाकर साप्ताहिक समीक्षा करें तथा डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग करें। जिन क्षेत्रों में केस ज्यादा सामने आएं, वहां विशेष फोकस करते हुए सर्विलेंस, एंटीलार्वा, सोर्स रिडक्शन व स्प्रे आदि गतिविधियां की जाएं। पॉजिटिव केसों की दैनिक रिपोर्टिंग आवश्यक रूप से केन्द्र सरकार के आईएचआईपी पोर्टल पर किया जाना सुनिश्चित करें ताकि बीमारी के प्रसार को रोकने में आसानी रहे।

उन्होंने कहा कि पानी जमाव की स्थिति रोकने के लिए आवश्यकतानुसार एरियल सर्वे भी कराया जा सकता है। समझाइश के बाद भी अगर पानी जमाव की स्थिति सामने आए तो स्थानीय निकाय विभाग चालान की कार्रवाई करेगा। उन्होंने मानव संसाधन के क्षमता संवर्द्धन, अस्पतालों में जांच, दवा एवं उपचार के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने, रेपिड रेस्पांस टीम का गठन करने, केसेज की समय पर लाइन लिस्ट तैयार करने, ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल तैयार करने, हाईरिस्क मरीजों को चिह्नित करने सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार गतिविधियां लगातार की जाएं।

# दो बाल अपचारी बिहार में पकड़े

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सेठी कॉलोनी स्थित बाल सुधार गृह से भागे दो बाल अपचारियों को पुलिस ने बिहार में पकड़ा है। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि बाल सुधार गृह में बंद लॉरेंस विश्नोई के गुर्गे ने उन्हें झांसा दिया था। लॉरेंस के गुर्गे ने उन्हें लॉरेंस से मिलवाने की बात कहकर बाल सुधार गृह से फरार करवाया था। पुलिस अब इनसे पूछताछ करने में जुटी है।




## Physicians Week

As human history has advanced, the science and practice of medicine has evolved over time, bringing the world into the modern era of *physicians*, who treat patients for a plethora of reasons and with a wide range of treatments. As medical doctors, physicians gain knowledge through many years of medical school and residency, often working long hours and practicing under stressful conditions. Physicians are instrumental in keeping their patients healthy and, many times, providing life-saving care. Certainly, these folks deserve a time of extra recognition, and that's what *Physician's Week* is all about!



#ENVIRONMENT

## Trees Near Highways Cut Air Pollution From Traffic

To achieve a more comprehensive reduction in the health hazards associated with highways, municipalities can improve air quality by making it safe, pleasant, and convenient for people to get where they need to go without a motor vehicle. Changes could include expanding public transportation, and developing and improving bicycle and pedestrian infrastructure, for example.





We should plant more trees along highways because they provide benefits that go beyond aesthetics. A new study finds that trees and bushes 'planted near highways' significantly reduce air pollution caused by motor vehicles, which has been linked to a host of illnesses.

Over two three-month periods, researchers sampled *air quality* at five sites along metro Atlanta interstates and highways. When compared to similar sites without vegetation, the researchers found a 37% reduction in soot and a 7% reduction in ultrafine particles at sites with natural or ornamental vegetation.

The findings appear in the journal *PLOS ONE*.

"Trees and bushes near roadways don't solve the problem of air pollution caused by motor vehicles, but they can help reduce the severity of the problem," says lead author Roby Greenwald, associate professor in the Georgia State University School of Public Health.

A growing body of evidence has linked motor vehicle pollution to conditions such as asthma, chronic bronchitis, lung cancer, and heart attacks.

Solutions to the problem of elevated pollution levels near roadways are urgently needed, Greenwald and his colleagues note, because 45 million people in the United States live, work, or attend school within 300 feet of a major highway.

Roadside vegetation reduces air pollution through several mechanisms, including by creating a large surface area onto which small particles adhere.

The new study builds on previous research into the role that 'vegetation' can play in reducing air pollution by sampling at several sites over an extended period and incorporating a model that allowed the researchers to account for factors such as wind direction, traffic volume, and distance to the highway.

Greenwald emphasizes that while roadside vegetation can significantly reduce particulate air pollution, it doesn't reduce carbon dioxide emissions or ozone pollution. He says that to achieve a more comprehensive reduction in the health hazards associated with highways, municipalities can improve air quality by making it safe, pleasant, and convenient for people to get where they need to go without a motor vehicle. Changes could include expanding public transportation, and developing and improving bicycle and pedestrian infrastructure, for example.

"We should plant more trees along roadways because they provide benefits that go beyond aesthetics," Greenwald says. "But I don't want to give anyone the impression that we can solve all of the problems associated with motor vehicle emissions simply by planting trees."

Additional co-authors are from Emory University Rollins School of Public Health and the University of Georgia College of Engineering.

The National Institute of Environmental Health Sciences of the National Institutes of Health supported the work. The content is solely the responsibility of the authors and does not necessarily represent the official views of the National Institutes of Health.



# Cooking? Nepal's *Rana* dynasty shows how

The bird species including junglefowl, partridge, pheasants, ducks, quail and peacocks were hunted by the *Ranas* themselves, on their many *Shikar trips* or by their trained *Shikaris* (trained hunters), separately maintained by each *Rana* household to ensure the constant flow of fresh meat to their tables. The only bird that did not reach their ornate platters was the common chicken, because it pecked at dirt and droppings. So, it was not considered hygienic. With the waning of *shikar trips* and *shikaris*, the chicken finally found its way to the cooking pot, although in a separate kitchen.





Courtesy: *The Rana Cookbook*: Recipes from the Palaces of Nepal, by Rohini Rana, Penguin Viking.



**Rohini Rana**
*Writer*

The *Ranas* ruled Nepal for just over a century as Prime Ministers, and are famous to date for their stucco, colonial style palaces, beautifully manicured gardens, magnificent jewellery, palace intrigues and autocratic rule. This glamorous, colorful regime that shaped the history of the country for 104 years, imported ideas concerning architecture, dress and even administration from far off Europe but in the field of *culinary art*, they did not stray too far from their homeland. The local cuisine was influenced to a certain extent by the *khansamas* (cooks), brought in from Mughal India after the loot of Lucknow during Jung Bahadur's time.

The festivals and ceremonies always brought on more pomp and pageantry, making the menus more elaborate than ever. The tables groaned under the display of various delicacies. The main ceremony, which totally involves and rotates around food is the "*Chaurasi Byanjan*." This ceremony is still a must during *Pasni* (rice feeding of a child), *Bartaman* (sacred thread ritual) and *Biyah* (wedding). This tradition goes back to the epical story of the *Ramayana* and the wedding celebration of Sita's marriage to Ram, where King *Janaka* is supposed to have served *84 Chaurasi* (varieties of food) at the banquet. The display is usually served in beautifully handcrafted silver platters, surrounding one massive platter (*thaal*), consisting of one *paathi* of cooked rice, decorated with boiled eggs and dried fish, topped by a *bhadrai* bird. The heads of a wild boar, goat, a whole duck and fish would be smeared with a preservative paste of mustard oil and turmeric powder and proudly displayed with a variety of other meats, vegetables, fruits and sweetmeats, comprising the 84 dishes that the lucky child or bridal couple were expected to partake of. In the old days, the wild boar used to be hunted in the *jungles of the Terai*. Many succulent recipes were tried and perfected and still are a favorite in any celebration. Various other wild game, mainly from the deer family, found their way to the silver platters of the Rana households.




The bird species including junglefowl, partridge, pheasants, ducks, quail and peacocks were hunted by the *Ranas* themselves, on their many *Shikar trips* or by their trained *Shikaris* (trained hunters), separately maintained by each *Rana* household to ensure the constant flow of fresh meat to their tables. The only bird that did not reach their ornate platters was the common chicken, because it pecked at dirt and droppings. So, it was not considered hygienic. With the waning of *shikar trips* and *shikaris*, the chicken finally found its way to the cooking pot, although in a separate kitchen.

rajeshsharma1049@gmail.com

#FINE-DINING








## *Khasi Ko Tandruk* (Mutton Gravy)

**Preparation time: 45 minutes** **Serves: 8 persons**

### Ingredients

- 1 kg mutton
- 2½ cup mustard oil
- 1½ tsp. turmeric powder
- 2 Tbsp. cumin powder
- 1 Tbsp. coriander powder
- 1 tsp. *timur* powder
- 1 Tbsp. *Kashmiri* mirch
- 1½ Tbsp. red chili powder
- 1½ cups onion paste
- 3 Tbsp. garlic paste
- 2 Tbsp. ginger paste
- 3 Tbsp. ghee
- 1 Tbsp. sugar
- 1 tsp. carom seeds
- ¼ tsp. fenugreek seeds
- 1 tsp. jimbu
- 1 cup fried onions
- Salt to taste
- Whole spices
- 4 bay leaves
- 4 cloves
- 2 cinnamon sticks
- 5 small cardamoms

Recipe credit to Col. Jeevan SJB Rana, son of Rukmani Rajya Laxmi, grand daughter of Maharaja Padma SJB Rana.



Courtesy: *The Rana Cookbook*: Recipes from the Palaces of Nepal, by Rohini Rana, Penguin Viking.

### Preparation

Cut the mutton in 2 inch cubes and place in a large bowl. Add all the ingredients from section 2 and salt and mix well. Marinate overnight or for 6 hours. Heat the oil till it smokes and add the fenugreek and carom seeds, jimbu, bay leaves and whole spices and let it crackle. Add the sugar and marinated meat. Stir and cook for 20 minutes till the oil separates. Add 3 cups of water and pressure cook for 4 whistles. Let the pressure cooker cool open and add 1 cup of fried onions and cook till the water dries and the oil floats on top. Garnish with coriander and serve.

## *Tare Ko Chara* (Fried Chicken Gravy)

**Preparation time: 1 hour** **Serves: 6 persons**

### Ingredients

- 1 kg chicken cut in approximately 2 inch pieces
- ½ cup mustard oil
- ½ cup ghee
- ½ tsp. asafoetida powder
- 1 ½ cup sliced onions
- 1½ cup chopped tomatoes
- 3 Tbsp. garlic paste
- 3 Tbsp. ginger paste
- 2 tsp. cumin powder
- 1½ tsp. coriander powder
- 1 tsp. turmeric powder
- 1 tsp. chili powder
- 1½ tsp. *Kashmiri* mirch powder
- 1 Tbsp. ground *kudke achar* (if available)
- 2 Tbsp. chopped green coriander for garnish
- Salt to taste



Recipe credit to Mr. Nanda SJB Rana Baber Mahal, family of Maharaja Chandra SJB Rana.

### Preparation

Make ½ inch slits in the chicken pieces and keep aside. Heat mustard oil in a heavy bottomed pan till it smokes and add ghee and asafoetida powder and onions. Stir till they are light golden color. Then add ginger and garlic paste and stir for further 5 minutes, till the raw smell dissipates. Add the chicken, salt and turmeric powder and stir from time to time till the chicken changes color to a light brown. Now, add the cumin, coriander and chili powders. Stir for 2 minutes and add the tomatoes and *kudke achar*. Lower the heat and keep stirring till all the ingredients are well integrated and chicken is cooked and the oil separates. You can add ½ cup of water, if the chicken is not cooked. After the chicken is cooked, add ½ teaspoon whole spice powder (*garam masala*) to the dish. Stir and garnish with chopped coriander leaves and serve.

#HEAT INDEX

# Feel The Burn

The temperature alone does not accurately reflect the *heat stress* that people feel



A new study concludes that the *heat index*, essentially how hot it really feels, has increased much faster than has the measured temperature, about three times faster.

That means that on some extreme days, what the temperature feels like is between 8 and 11 Fahrenheit (5 to 6 Celsius) hotter than it would, without climate change.

The study, using data from June, July, and August of 2023, highlights a problem with communicating the dangers of rising temperatures to the public.

The temperature alone does not accurately reflect the *heat stress* that people feel. Even the heat index itself, which takes into account the 'relative humidity' and thus the capacity to cool off by sweating, gives a conservative estimate of *heat stress*, according to study author David Romps, a professor of Earth and Planetary Science at the University of California, Berkeley.

In 2022, Romps co-authored a paper pointing out that the way most government agencies calculate the *heat index* is inaccurate, when dealing with the temperature and humidity extremes that we're seeing today. This leads people to underestimate their chances of suffering *hyperthermia* on the hottest days and of their chances of dying.

### Dangerous Heat


"The reason that it feels much hotter than you'd expect from the increase in ambient temperature alone is that 'global warming' is affecting the interplay between humidity and temperature," Romps says. In the past, relative humidity typically dropped when the temperature increased, allowing the body to sweat more and thus feel more comfortable.

But with climate change, the relative humidity remains about constant as the temperature increases, which reduces the effectiveness of sweating to cool the body.

"To deal with the irreversible temperature increases that we already experience, people need to take precautions to avoid hyperthermia," Romps says. He advised that, for those in extreme heat situations and unable to take advantage of air conditioning, you can use shade and water as your friends.

"You can coat yourself in water. Get a wet rag, run it under the faucet, get your skin wet, and get in front of a fan. As long as you are drinking enough water and you can keep that skin wetted in front of the fan, you're doing a good thing for yourself."





### How Hot It Really Feels

Romps, an atmospheric physicist, got interested several years ago in how the human body responds to global warming's increased temperatures. Although the heat index, defined in 1979, is based on the 'physiological stresses' induced by heat and humidity, he noted that the calculations of the heat index did not extend to the extremes of heat and humidity experienced today. Romps and graduate student and now postdoctoral fellow Yi-Chuan Lu extended the calculation of the *heat index* to all combinations of temperature and humidity, enabling its use in even the most extreme heat waves.


The fact that people can survive high temperatures is a testament to the power of 'evaporative cooling' to cool the body, though intense sweating requires the heart to pump more blood to the skin to shed heat, which is part of *heat stress*. In a 2023 paper, Romps and Lu argued that what many have referred to as the 'maximum survivable temperature,' a wet bulb temperature of 35 C (equivalent to a skin temperature when sweating of 95 F, close to the average person's core body temperature), would actually rarely lead to death in a young and healthy adult, though it would cause hyperthermia. The 'wet bulb temperature' is what a thermometer measures when a wet rag is wrapped around it. So, it takes account of the cooling effects of sweat.

"*Heat index* is very much like the wet bulb thermometer, only it adds the metabolic heat that a human has, and that a thermometer does not have," Romps says. "We think if you kept your skin wet and you were exposed to 167 degrees, even though we're approaching something like a setting on the oven, you'd still be alive. Definitely not happy. But alive."

"If humanity goes ahead and burns the fossil fuel available to it, then it is conceivable that half of Earth's population would be exposed to unavoidably hyperthermic conditions, even for young, healthy adults," Romps says. "People, who aren't young and healthy, would be suffering even more, as would people who are laboring or are out in the sun, all of them, would be suffering potentially life-threatening levels of *heat stress*."





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS


By Jerry Scott & Jim Borgman



# 85 लाख की नकदी व सोने-चांदी के गहनों की चोरी का पर्दाफाश

## सात गिरफ्तार, नकदी व गहनों की बरामदगी के प्रयास जारी

- भरूड़ी गांव में सितंबर 2023 में हुई थी चोरी
- दो दिन पूर्व जमीन खरीदने के लिए घर पर लाए हुए थे 85 लाख रुपए



पुलिस ने लाखों की नगदी व जेवर चोरी के मामले में सात जनों को गिरफ्तार किया।

**भीनमाल,** (निसं)। नकबजनी व चोरी की अनट्रेस घटनाओं में सफलता हासिल करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद्र यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल व भीनमाल वृत्त अधिकारी अन्य राजपुरोहित के निकटतम पर्यवेक्षण में गठित टीम ने भरूड़ी गांव में माह सितम्बर 2023 के दौरान हुई बड़ी चोरी का राजफाश किया है। पुलिस ने मामले में सात जनों को गिरफ्तार किया है।

गठित टीम में रामसीन थानाधिकारी कमल किशोर मय जाब्ता, डीएसटी टीम प्रभारी बलदेव राम एसआई मय जाब्ता ने भरूड़ी गांव में पीड़िता एक विधवा के घर में 20 सितंबर 2023 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा 85 लाख रूपए नकद एवं 700 ग्राम सोने के गहने व चांदी के गहनों की की गई चोरी का पर्दाफाश कर सात मुलजिमों को गिरफ्तार किया। चोरी की नगदी एवं सोने चांदी के गहनों की बरामद की हेतु आरोपियों का पुलिस रिमांड लिया जाकर बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार 21 सितंबर 2023 पुलिस थाना रामसिन क्षेत्र के भरूड़ी गांव में स्वर्गीय अमर सिंह की पत्नी कैलाश कंवर के मकान में से रात्रि के समय अज्ञात चोरों द्वारा दो दिन पूर्व जमीन खरीदने के लिए लाए हुए 85 लाख रुपए तथा कैलाश कंवर तथा उसकी पुत्री दीपिका के करीब 700 ग्राम सोने व चांदी के गहने चोरी कर ले जाने पर पुलिस थाना रामसिन में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण में गिरफ्तारसुदा आरोपी राजू मेघवाल जो कि पीड़िता कैलाश कंवर का विश्वासपात्र होकर उनके कुएं पर खेती-बाड़ी करता था। पीड़िता का एक पुत्र बीमार होकर कोमा में है। ऐसे में आरोपी राजू मेघवाल के द्वारा ही पीड़िता के पैसे बैंक में जमा करवाने एवं घरेलू सामान लाने ले जाने आदि का छोटा मोटा कार्य भी करता था। राजू मेघवाल को पीड़िता कैलाश कंवर की जमीन बेचने की बड़ी रकम एवं सोने की जेवरात की जानकारी होने से राजू ने दासपां निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह राव से मिलीभगत कर नकबजनी की योजना बनाई। राजू उर्फ राजेंद्र सिंह राव ने सद्दाम हुसैन के साथ कैलाश कंवर की पुत्री की शादी के दिन ही चोरी करने की योजना बनाई थी। मगर कैलाश कंवर के पति की मौत हो जाने के कारण पुत्री की शादी नियत तारीख को नहीं होने पर घटना को अंजाम नहीं दे पाए। माह सितंबर 2023 में राजूराम मेघवाल व राजू राव ने घटनास्थल की रैकी की तथा उसके पश्चात राजू राव ने उसकी जानकारी मीठालाल और मुकेश व पारसमल को ग्राम भरूड़ी में बुलाकर मकान की रैकी करवाई।

आरोपी मुकेश माली ने अपने जानकार राजू उर्फ रामसाजीवन विश्वकर्मा निवासी यूपी को घटना में सहयोग हेतु बुलाया एवं 20 सितंबर की रात्रि में सभी आरोपियों द्वारा मकान की चारदीवारी के ऊपर से मकान की परिधि में प्रवेश कर 85 लाख रूपए नकद एवं 700 ग्राम के सोने चांदी के गहनों की चोरी कर वहां से निकल गये। इन सभी सहयोगी आरोपी सद्दाम हुसैन को आरोपी राजू राव के द्वारा फोन कर घासेड़ी नदी के ब्रिज पर बुलाया एवं पुल के नीचे बैठकर चोरी के माल का बंटवारा किया गया।

आरोपी सद्दाम हुसैन ने घटनास्थल से चुराये जेवरात को गलाकर ठिकाने लगाने में आरोपी साहिद का सहयोग लिया गया। साहिद जो कि सद्दाम हुसैन के रिश्ते में बहन का बेटा भांजा लगता है। गिरफ्तार आरोपियों में सद्दाम हुसैन पुत्र गुलाब बागवान, राजूराम पुत्र लसाराम मेघवाल, राजू सिंह उर्फ राजेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह, पारसमल पुत्र मूलाजी, राजू उर्फ रामसाजीवन विश्वकर्मा पुत्र रामसबत विश्वकर्मा बढई, मीठालाल उर्फ मुकेश पुत्र तेजाराम, साहिद पुत्र करामत अली है।

# खेतों में हेलीकॉप्टर मंडराया, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## किसानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर जमीन से मात्र 10 से 15 फीट ऊंचाई पर था

- बज्जू थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर जानकारी जुटाई तो यह सेना का अभ्यास था

**बीकानेर,** (निसं)। बज्जू फुलासर गांव की रोही में एक हेलीकॉप्टर खेतों पर मंडराने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बज्जू कस्बे से करीब 25 किलोमीटर दूर फुलासर बड़ा के चक 3 पीएसडी में दोपहर करीब चार बजे एक हेलीकॉप्टर जैसलमेर जिले की ओर से आया और खेतों पर मंडराने लगा।

चक के किसान सदासुख उदाणी ने बताया कि हेलीकॉप्टर उसके खेत में मंडराने लगा, जो करीब पांच मिनट तक रहा। इसके बाद गोडू क्षेत्र में भी एक खेत पर कुछ देर उड़ा और बाद में वापस उनके खेत के ऊपर से जैसलमेर की ओर निकल गया। किसानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर जमीन से मात्र 10 से 15 फीट ऊंचाई पर था और खेत में जैसे-जैसे नीचे उतर रहा था। वैसे वैसे धूल का गुबार सा बन गया और धूल से दिखना बंद हो गया। खेत में करीब दो मिनट तक रहा, इसके बाद वापस काफी ऊंचाई पर चल गया।

सदासुख उदाणी व ओमप्रकाश मेघवाल ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार हेलीकॉप्टर आया था। इतना नीचे हेलीकॉप्टर आने से फुलासर के ग्रामीण डर गए और हड़कंप मच गया। घरों से लोग बाहर आ गए और बच्चे चिल्लाने लगे। हेलीकॉप्टर इतना नीचे आने से तेज हवा के कारण खेत में कटी इसबगोल फसल उड़ गई। हालांकि कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है।

बज्जू थानाधिकारी आनंदकुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर जानकारी जुटाई तो यह सेना का अभ्यास था। इससे किसी को घबराने की जरूरत नहीं थी। सीमावर्ती गांवों में हेलीकॉप्टर नीचे आया, जिससे किसान डर गए।

## नकदी से भरा पर्स चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। खरीददारी करने के दौरान कपड़े की दुकान से चोर नकदी से भरा पर्स चुरा ले गया। पीड़ित प्रियंका पुत्री राजेश्वर वैष्णव निवासी चिरवा सुखेर ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें पीड़िता ने बताया कि 26 मार्च सांय मैं कपड़े खरीदने के लिए कोमल काम्प्लैक्स में स्थित कपड़ों की दुकान पर गई थी। जहां खरीददारी करने के दौरान पास में पर्स रख कर कपड़े देख रही थी। इस दोरान अज्ञात चोर पर्स चुरा ले गया। जिसमें सोने का लॉकेट व 18 हजार 500 रूपये नकदी थी।

## साठ हजार लीटर वाश नष्ट कराई

**उदयपुर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान डबोक एवं खेरवाड़ा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 60 हजार लीटर से अधिक वाश नष्ट कर प्रकरण दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने छाणी स्थित कन्हैयालाल पुत्र खातु निवासी छाणी खेरवाड़ा के बाड़े में दबीश देकर 28 हजार लीटर वाश एवं भट्टी नष्ट कर मौके से 10 लीटर देशी महुआ शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह सुन्दरा स्थित बद्रीलाल पुत्र पदमा मीणा रोबीया के बाड़े में दबीश देकर 27 हजार लीटर वाश एवं भट्टी नष्ट कर मौके से सात लीटर देशी शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस मनीष के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी सुबोध जांगिड़ के नेतृत्व के नेतृत्व में गठित दल ने भूतपुरा स्थित प्रकाश पुत्र अम्बालाल कीर निवासी उपला भूतपुरा बाड़े में दबीश देकर 8 हजार 200 लीटर वाश नष्ट कर 10 लीटर शराब जब्त की।

# घाटोली-नयागांव सेक्शन का 120 किमी/घंटा स्पीड से ट्रायल

**कोटा,** (निसं)। मध्य परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा द्वारा बुधवार को घाटोली-नयागांव सेक्शन में मोटर ट्राली निरिक्षण किया गया। नई लाईन परियोजना की सौगात के लिए रेल संरक्षा आयुक्त का स्वागत क्षेत्रीय आमजनता ने सीआरएस को तिलक लगाकर एवं साफा पहनाकर किया।

इस 15 किलोमीटर दूरी के सेक्शन में 6 मुख्य आरओबी, 9 किमी लंबी हाई कटिंग, एक लंबी सुरंग एवं 20 मीटर तक ऊंचा तटबंध है। रामगंजमण्डी से भोपाल नई विद्युतीय लाईन परियोजना के अन्तर्गत घाटोली-नयागांव सेक्शन का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा अंतरिम रूप से 120 किमी/घंटा स्पीड से ट्रायल किया गया। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा सेक्शन में पड़ने वाले सभी ब्रिज, ट्रैक, ओ.एच.ई. एवं सुरंग का सुरक्षा दृष्टिकोण से गहनता से अवलोकन किया गया। 12 मार्च से झालावाड़ सिटी से अकलेरा तक विस्तारित लाइन पर सवारी गाड़ी का संचालन किया जा रहा हैं। कोटा मंडल लाइन दोहरीकरण एवं नई परियोजनाओं के विकास कार्यो को गति देने का कार्य कर रहा है।

सीआरएस निरिक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक कोटा आर. आर. के. सिंह, मुख्यालय अधिकारियों सहित सीईई - सीईडीई, डिप्टी सीआरएस इलेक्ट्रिकल, डिप्टी सीआरएस एस-टी, सीई/टीमसी-सीई/सी, सीएसटीई/सी-सीसई, सीएओ/सी मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य परियोजना प्रबंधक विजय पांडे, उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण गौरव मिश्रा एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना पुलिस ने महुडी गांव में शराब के अवैध भण्डारण और बिक्री के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। चौरासी थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि मुखबिर के जरिये महुंडी गांव में भंवरलाल कलाल की दुकान पर अवैध रूप से शराब रखने और बेचने की शिकायत मिली थी। इस पर पुलिस ने महुंडी गांव में भंवरलाल की दुकान पर दबिश दी। इस दौरान वहा पर आरोपी भंवरलाल की ओर से लोगों को शराब बेची और पिलाई जा रही थी।

# जेवर की दुकान में चोरी की वारदात का खुलासा

## दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**चिड़ावा** (निसं)। शहर की पुरानी तहसील रोड पर ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि 29 दिसंबर 2023 को पुरानी तहसील रोड पर शुभम साड़ी सेंटर के सामने स्थित नेहा ज्वैलर्स के महेश सोनी ने रिपोर्ट दी कि 29 दिसंबर को सुबह दुकान के सामने रहने वाले राकेश बाछुका ने उनको फोन किया कि सुबह 5.21 बजे कुछ चोर उसकी दुकान का शटर तोड़कर चोरी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर महेश तुरंत दुकान पर पहुंचा और देखा तो दुकान शटर आधा खुला हुआ था। दुकान का सामान भी अस्त-व्यस्त था। दुकान में रखे सोने चांदी के जेवरात और रुपए संभाले तो बैग में रखे दो लाख रुपए नगद और पिता संतोष कुमार का आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि चोरी मिले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एक विशेष टीम का गठन किया गया। आसपास के सीसीटीवी चेक किए गए। इधर जयपुर के रेनवाल थाने में नकबजनी के मामले में पकडे गए चोरों ने ये वारदात करना भी कबूल कर लिया। इन चोरों को प्रोटेक्शन वारंट पर श्योजीराम उर्फ पारिया निवासी सुनाडिया, दूदू व सीताराम बागरिया निवासी हिरनोदा, डिग्गी को सांभर लेक से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से फिलहाल चोरी का सामान बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**शहर में निकाला चोरों जा जुलूस :-** चोरों को शर्मिंदगी महसूस हो और चोरों में भय पैदा करने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएसपी विकास ढिंढवाल के निर्देश पर सीआई विनोद सामरिया की अगुवाई में चोरों को बाजार में पैदल घुमाया गया। सीआई विनोद सामरिया ने कहा कि अपराधियों में भय पैदा करने के लिए चोरों को जनता के बीच ले कर आए हैं।

# मालपुरा कृषि मंडी में 50 हजार सरसों व चने के कट्टे आये

**मालपुरा,** (निसं)। राजस्थान की ए श्रेणी की मंडियो मे शामिल मालपुरा की कृषि मंडी में बुधवार को बिकवाली के लिये कृषि जिन्सो से भरे 400 से अधिक वाहन पहुंचने से मंडी गेट से डाक बंगले तक वाहनों की लम्बी कतारें लग गई।

जयपुर भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर जिन्सो से भरे वाहनों की कतारों के चलते बाधित हुये यातायात की सुचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस टीम ने मोर्चा संभाल मशक्कत के बाद यातायात सुचारू करवाया। बुधवार को एक ही दिन मे मालपुरा मंडी मे 50 हजार से अधिक सरसों व चने के कट्टे बिकवाली के लिये पहुंचने से मंडी परिसर में जगह कम पड़ गई।

मंडी प्रशासन की अनदेखी व अव्यवस्थाओं के आगे किसान व व्यापारी बैबस व लाचार नजर आये। अलसवेरे से ही जिन्सों से भरे ट्रेक्टर-ट्रोली पहुंचने का क्रम शुरू हुआ जो कि दोपहर दो बजे तक भी जारी रहा। व्यापारियो की सीजन से पूर्व मंडी प्रशासन से तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बार-बार प्लेटफार्म निर्माण सहित परिसर में सीसी व डामर फर्श के निर्माण की मांग करवाने के बावजूद मंडी प्रशासन द्वारा व्यापारियों की मांग को अनदेखा करने से बुधवार को किसानो व व्यापारियो को भारी समस्याओं का सामना करना पडा। मंडी व्यापारियों के बताये अनुसार बुधवार को तकरीबन 30 हजार कट्टे चना व 20 हजार से अधिक सरसों के कट्टे खुली बोली से बेचे गये।

## रेलवे कर्मचारी की मौत

**झुंझुनूं,** (निसं)। मंडावा थाना इलाके के नूआं ग्राम पंचायत की हुड्डा की ढाणी में कपडे सुखाते समय रस्सी टूटकर गले में लिपटने के बाद लगी फांसी से रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। परिजन रेलवे कर्मचारी संजय कुमार को बीडीके अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना के बाद मंडावा पुलिस अस्पताल पर पहुंची और परिजनों से घटनाक्रम को लेकर जानकारी ली। परिजनों की रिपोर्ट के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा दिया है।

# अवैध खनन से भरे तेरह वाहन जब्त किये

## पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अलग-अलग जगह नाकाबंदी में कार्रवाई की

**उदयपुर,** (निसं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध खनन सोपस्टोन से भरे पांच ट्रेलरों को जब्त किया तथा पहाड़ा पुलिस ने अवैध बजरी से भरा डंपर एवं कुराबड़ थाना पुलिस ने एक डंपर व एक ट्रक तथा ऋषभदेव थाना पुलिस ने पांच ट्रेक्टर जब्त किये।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलिपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने खाण्डी ओवरी टोल के पास नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान सोपस्टोन से भरे पांच ट्रेलरों को रोक कर चैक किया। पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

इसी तरह पहाड़ा थानाधिकारी गणपतसिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरा डंपर गुजरात से राणी बार्डर होते हुए डेरी की तरफ जा रहा था। जिसे रोक कर पूछताछ की लेकिन संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर बजरी सहित डंपर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में कुराबड़ थानाधिकारी चेलसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने भल्लों का गुडा में नाकाबंदी कर अवैध खनन से भरे डंपर व ट्रक को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इसी अभियान के दौरान ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरे पांच ट्रेक्टर वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## जानलेवा हमले के मामले में दो को आजीवन कारावास

**भवानीमंडी** (निसं)। भवानीमंडी थाना क्षेत्र के सुलिया गांव में जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास कि सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक लोकेश गुप्ता ने बताया कि बुधवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शिवचरण मीना ने चुन्नीलाल पुत्र भंवरलाल निवासी सूलिया थाना भवानी मंडी एवं अनिल कुमार पुत्र चुन्नीलाल तेली निवासी सूलिया थाना भवानी मंडी को भादस की धारा 302, 34 में आजीवन कारावास जुर्माना 20,000 रूपयें एवं अदम अदायगी 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा से दण्डित किया है एवं भादस की धारा 307, 34 भादस के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20,000 रूपये जुर्माना एवं अदम अदायगी 2 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है।

मामले के अनुसार फरियादी पिंकेश कुमार पुत्र रतनलाल निवासी सुलिया थाना भवानी मंडी ने अस्पताल भवानी मंडी में पुलिस को एक तहरीर रिपोर्ट इस आशय पेश की की में कक्षा 12वीं तक पढ़ा लिखा हूं एवं पेट्रोल पंप पर काम करता हूं। मेरे पिताजी रतनलाल व मेरे बड़े पापा चुन्नीलाल निवासी सुलिया के बीच में जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। 11 नवम्बर 2021 को मेरे पिताजी रतनलाल व बड़े भाई रामबाबू मेरे खेत पर काम करने के लिए गए थे इसी दौरान मुझे मेरे मोबाइल पर हमले कि सुचना मिली थी। मेरे पिताजी व भाई के खेत की मेड को लेकर झगड़ा हुआ था और मेरे पिताजी रतनलाल व भाई रामबाबू घर आने लगे तो बड़े पापा चुन्नीलाल व उनके लड़के अनिल ने रोक कर लोहे के सरिया और लकड़ियों से जान से मारने की नीयत से मारपीट की। जिससे मेरे भाई की मौत हो गई व पिताजी को गंभीर चोटें आई थी।

# अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

## पुलिस आरोपी से पिस्टल खरीदने-बेचने से संबंधित से पूछताछ में लगी है



भीमगंज थाना पुलिस ने हथियार के साथ एक जने को पकड़ा।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिलेभर में की जा रही नाकाबंदी और गश्त के दौरान अपराधियों की धरपकड़ अभियान के रूप में की जा रही है। इसी के तहत भीलवाड़ा की भीमगंज थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल और चार राउंड फायर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से और ज्यादा पूछताछ में लगी है।

भीमगंज थाना प्रभारी आशुतोष पांड्या ने बताया कि आगामी चुनाव और त्योहारों के मद्धेनजर शहर में नाकेबंदी और गश्त व्यवस्था सख्ती से की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बस स्टैंड के पास में पिस्तौल लेकर घूम रहा है और लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है। इस पर तुरंत वहां जाप्ता भेजा और उस व्यक्ति को डिटेन किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शेरू माली बताया। तलाशी लेने पर इसके पास एक पिस्टल और चार कारतूस मिले हैं। पुलिस इससे पिस्टल खरीदने बैंचने से संबंधित से पूछताछ में लगी है।

## 101 किलो अवैध गांजे के पौधे जब्त, एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। कोटड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान खेत पर दबीश देकर एक सौ एक किलो अवैध गांजे के पौधे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित दल ने कोटड़ा नयावास निवासी हीरालाल पुत्र पागता के खेत में दबीश देकर वहां उगा रखे अवैध गांजे के 101 किलो अवैध पौधों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# वृद्धा को मरने के बाद भी नहीं मिली दो गज़ जमीन

**ब्यावर,** (निसं)। समीपवर्ती गांव जुंझारो का बाड़िया में कालबेलिया समाज की एक 60 वर्षीय महिला अस्थमा पीड़ित रुक्मा देवी पत्नी बंशीनाथ की राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में सोमवार की शाम लगभग आठ बजे मौत हो गई थी।

मृतका के पुत्र ने रोते हुए बताया कि उनकी मौत की खबर बाद देर रात्रि को ही श्री सीमेंट के सुरक्षाकर्मी पहुंच गए और धमकाया कि यहां दफनाना मत वरना परिणाम अच्छा नहीं होगा। इससे मृतका का पुत्र कालूनाथ बुरी तरह से सहम गया। दूसरे दिन 26 मार्च को सवेरा होते होते श्री सीमेंट के सुरक्षाकर्मी फिर तैनात हो गए और दफन हेतु गड्ढा खोदने आई जेसीबी मशीन को डरा धमका कर भगा दिया गया। इसी दौरान लूलवा सरपंच श्रवण काठात, पूर्व सरपंच भोला काठात, सदर थानाधिकारी मय जाप्ता, तहसीलदार, पटवारी और ग्रामवासी भी वहां पहुंच गए और दफनाने से मना करते हुए धमका दिया और मृतका के पुत्र और अन्य लोगों को थाने लेकर आ गए।

मृतका के पुत्र कालू नाथ ने बताया कि थाने ले जाकर उसका मोबाईल ले लिया गया। घटनाक्रम से जुड़े बनाये गए वीडिओ डिलीट कर दिए गए और मारपिटाई करके वापस रवाना कर दिया। कालूनाथ और साथ आये कालबेलिया समाज के लोगो ने अपनी सफाई में कहा कि जबकि हम यहां पिछले चालीस वर्षों से रहते आये है पूर्व में भी इसी स्थान पर दो बार दफनाया चूका है। यहां के ही हमारे राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड आदि बने हुए हैं फिर हमारे साथ इतना अन्याय क्यों ? आखिर थक हार कर लगभग पांच किलोमीटर दूर बाड़ी घाटी में लेकर शव को दफनाया गया।

लूलवा सरपंच श्रवण काठात का कहना था कि पूर्व में वोटों की राजनीति के चलते इन्हें यहां स्थापित कर दिया गया था और इनके ज़रूरी कार्ड, दस्तावेज़ आदि भी बनवा दिए गए थे लेकिन चूँकि ये ज़मीन श्री सीमेंट वालों की है इनका यहां दफनाने का कार्य संभव नहीं हो सकता। गौरतलब है कि वहां काठात समाज वालों का कब्रिस्तान है और उस गांव के लोग उसी स्थान पर दफनाते हैं लेकिन अन्य समाज के लोगों को इसकी इज़ाज़त नहीं दे सकते। आने वाले समय में हम इन्हें अन्य स्थान दे देंगे।

# ट्यूबवेल में छिपाकर रखा एक करोड़ का डोडा-पोस्त पकड़ा

## आरोपी खेत में बने ट्यूबवेल में से एक-एक थैले को निकालकर आठ-दस किलो के पैकेट बनाकर बेच रहे थे

- वहीं दो युवकों से एमडी एवं एक युवक से साढ़े आठ किलो डोडा-पोस्त जब्त किया है
- पुलिस ने जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत करीब पौने दो करोड़ रुपए बताई है

**बीकानेर,** (निसं)। पांचू पुलिस ने खेत में बने ट्यूबवेल में छिपाकर रखे डोडा-पोस्त को जब्त किया है, वहीं दो युवकों से एमडी एवं एक युवक से साढ़े आठ किलो डोडा-पोस्त जब्त किया है। पुलिस की ओर से जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत करीब पौने दो करोड़ रुपए बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के चलते जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों पर नकेल डाल रखी है। इसी क्रम में पांचू पुलिस ने खेत में बने ट्यूबवेल में छिपाकर रखे डोडा-पोस्त को जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पांचू पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयसिंहदेसर मगरा की रोही में एक खेत में मादक पदार्थ छिपाकर रखा हुआ है। इस पर आईपीएस प्रशिक्षु आदित्य काकड़े के नेतृत्व में पांचू थानाधिकारी रामकेश मीणा, हवलदार गंगाराम, बलवान सिंह, अशोक कुमार, रामनिवास, सिपाही रामेश्वर लाल, बलवान, धन्नाराम व सुनील की टीम ने खेत में दबिश दी। आरोपी ने खेत में बने ट्यूबबेल के अंदर डोडा-पोस्त के थैले छिपा रखे थे। किसी को इसकी भनक नहीं लगे, इसलिए उस पर सीमेंट के थैले डाल दिए और बाद में मिट्टी डालकर हरी घास उगा दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी ट्यूबवेल में से एक-एक थैले को निकाल कर आठ-दस किलो के पैकेट बनाकर बेच रहे थे। पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर सिपाहियों को अलर्ट किया। जांच-पड़ताल में पता चला है कि मादक पदार्थ की खेप झारखंड से लाई गई थी। ट्यूबवेल से 10 क्विंटल 73 किलो 200 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया गया। आरोपी का पता नहीं चला है, आरोपी के बारे में पुलिस पता कर रही है।

वहीं पांचू पुलिस ने दो और कार्रवाई की। नाकाबंदी के दौरान बंधाला निवासी मनीष पुत्र महीराम बिश्नोई बाइक पर जा रहा था। पुलिस ने रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 105 ग्राम एमडी बरामद हुई। वहीं जांगलू गांव में गश्त के दौरान गोपाल पुत्र शिवनारायण बिश्नोई को रोका। उसके पास से आठ किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

## नाबालिग से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

- माता-पिता खेत पर कर रहे थे काम, मामला दर्ज

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 15 वर्षीय नाबालिग से पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़ित के परिजनों ने लिखित शिकायत देकर मंगलवार को सदर थाने में मामला दर्ज कराया हैं। घटना 25 मार्च की बताई जा रही है।

थाना प्रभारी कैलाशचंद ने बताया कि परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि धुलंडी पर्व पर बालिका के परिजन कृषि कार्य के लिए खेत पर चले गए। बच्ची घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाला युवक मौका देखकर उनके घर में घुस गया और कमरा बंद कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद परिजन जब घर आए तो पीड़िता ने परिजनों को सारी बात बताई। जिसके बाद पीड़िता के चाचा ने सदर थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी गजेंद्र की तलाश शुरू कर दी है।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

## बाइक पर मां-बेटी व पिता देवली के राजनगर से भीलवाड़ा जा रहे थे



जहाजपुर थाना पुलिस ने शवों को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जहाजपुर थाना क्षेत्र के कुराडिया माताजी का खेड़ा गांव के पास बाइक पर मां-बेटी व पिता देवली के राजनगर गांव से भीलवाड़ा जा रहे थे कि रास्ते में ट्रक ने बाइक को पिछे से टक्कर मार दी, जिसमें मां व बेटी की मौत हो गई। वहीं लोगों की सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को जहाजपुर हास्पिटल की मोर्चरी में रखवाया।

जहाजपुर थाने के एएसआई भागचन्द वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि कुराडिया माताजी का खेड़ा गांव के पास रोड पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मारने की सूचना मिली जिस पर मौके पर पहुंचे और मौके पर मृतक मां बीना मीणा व बेटी टीनजल मीणा निवासी राजनगर तहसील देवली जिला (टोक) के शव को जहाजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी में रखवाया व पति लेखराज मीणा से मामले की जानकारी कर परिजनों को सूचना दी जिस पर परिजन जहाजपुर पहुंचे। वहीं ट्रक को डिटेन कर थाने पर खड़ा करवाया गया है।

वहीं मृतकों का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सूपुर्द किया। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में परिजनो से जानकारी करने पर बताया कि लेखराज भीलवाड़ा फैक्ट्री में काम करता है जो आज लेखराज, बीना व टीनजल तीनों ही बाइक पर राजनगर से भीलवाड़ा जा रहे थे कि जहाजपुर के माताजी का खेड़ा गांव के पास ट्रक ने पिछे से टक्कर मार दी जिससे बीना व टीनजल की मौत हो गई।

# 73 तोला सोना और डेढ़ किलो चांदी के जेवर सहित नगदी चोरी

## करठा निवासी घर के लोग रात्रि में घर के चौक में सोए हुऐ थे

- चोरों ने मकान के पिछे की दीवार फांदकर छत के रास्ते प्रवेश किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र के करठा गांव में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए पांच लाख रुपये की नकदी सहित 73 तोला सोना और डेढ़ किलो चांदी के जेवरात चुरा लिए।

जानकारी के अनुसार, करठा निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र गणपत सिंह चुण्डावत व परिवार के लोग रात्रि में घर के चौक में सोए हुऐ थे। इस बीच देर रात चोरों ने मकान के पिछे की दीवार फांदकर छत के रास्ते अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखी आलमारी तोड़कर पांच लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात दो सोने की रखड़ी 2.25 तोला, दो शीशफूल पांच तोला, दो नथ 2.5 तोला, लौंग पांच, सोने की दो जोड़ी पूणच पांच तोला, चार बाजूबंद 18 तोला, दो हथफूल करीब 10 तोला, कान की झूमरिया 2.5 तोला, गले के पांच हार सेट 15 तोला, सोने का दो आंवल 2.5 तोला, सोने की छह अंगूठी तीन तोला, सोने की चैन नग दो करीब दो तोला, सोने के लोंग कानों के तीन जोड़ी, सोने-चांदी के मिक्स में बने दो नारीयल, सोने की आड़ पांच तोला, चांदी के पायजेब जोड़ी पंद्रह, चांदी की बिछुड़ीयां दस जोड़ी, चांदी के कड़े एक जोड़ी चुरा ले गये।

चोर कुल 73 ग्राम सोना और डेढ़ किलो चांदी चुरा ले गये। वारदात का पता सुबह जाग होने पर चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और वारदात स्थल का जायजा लेते हुये महेंद्र की रिपोर्ट पर मामले की जांच शुरु कर दी।

## जमीन विवाद में युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के फलासिया थाना क्षैत्र में जमीन विवाद को लेकर दो युवकों ने लठ्ठ से हमला कर युवक की हत्या कर दी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च सवेरे जमीन विवाद को लेकर थावरा (45) पुत्र कवाराम ने जमीन विवाद को लेकर अपने चचेरे भाई सुरेश पुत्र दीता निवासी लुणियारा की हत्या कर दी। सुरेश व थावरा दोनों चचेरे भाई है तथा दोनों के बीच रास्ते की जमीन को लेकर कहासूनी हो गई थी।

इसको देख रमेश ने लठ्ठ से सुरेश के सिर पर हमला कर दिया और फरार हो गया। घायल होने पर नीचे गिरने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर परिजन सुरेश को उपचार के लिए झाड़ोल चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर फलासिया थानाधिकारी सीताराम ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

इधर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक महावीरसिंह शेखावत के सुपरविजन में फलासिया थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर हत्या करने के आरोपी थावरा पुत्र कवाराम व रमेश पुत्र दीता निवासी लूणियारा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। मृतक एवं आरोपी चेचेरे भाई लगते है जिनके बीच में आने जाने के लिए रास्ते की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर मारपीट होने की जानकारी सामने आई है।

## शराब से भरी दो जीपें जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के पाटिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी दो जीपें जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर दो जीपों को जब्त कर 54 कार्टन अवैध शराब जब्त कर आरोपी लक्ष्मण पुत्र कमजी निवासी बाबरी पाटिया तथा प्रवीण पुत्र नरसी निवासी बाबरी पाटिया को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# अवैध अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। कानोड़ थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध अफीम जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र जैन के सुपरविजन में कानोड़ थानाधिकारी मुकेश चन्द्र के नेतृत्व में गठित दल ने खेता-खेड़ा बस स्टैंड पर नाकाबंदी के दौरान बाइक को रोककर दो व्यक्ति ओमप्रकाश पुत्र उदयलाल निवासी नया राजपुरा थाना कानोड़ तथा धर्मराज पुत्र रतनलाल निवासी नया राजपुरा कानोड़ की तलाशी ली। जिनके कब्जे में 60 ग्राम अवैध अफीम पाई गई, जिसे जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर जांच वल्लभनगर थानाधिकारी दिपीका राठौड़ को सौंपी।

# प्रशिक्षु उप निरीक्षक को निलंबित किया

## प्रोबेशन पीरियड में ही दो बार हो चुका है निलंबित

- पुलिस ने दो युवकों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पासआउट परेड के दौरान रमेश नोखा को बेस्ट कैडेट के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था। उसी रमेश को एसपी तेजस्वनी गौतम ने निलंबित कर दिया है। बीकानेर में पांचू पुलिस ने दो युवकों को मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था।

इस मामले में प्रशिक्षु उप निरीक्षक रमेश की भूमिका संदिग्ध होने पर बीकानेर एसपी तेजस्वनी गौतम ने निलंबित कर दिया है। निलंबित प्रशिक्षु उप निरीक्षक रमेश वर्ष 2021 बैच का है, जिसका अब तक फिक्सेशन भी नहीं हुआ है। प्रोबेशन पीरियड के दौरान ही उसे विभागीय कार्रवाई में सजा मिल चुकी है। इसलिए परिवीक्षा काल बढ़ा दिया गया है। रमेश को अब तक दो बार सस्पेंड किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि प्रशिक्षु उप निरीक्षक रमेश की तस्करों से मिलीभगत सामने आई है। पांचू टोल नाके के पास आरोपियों की कार को रोका गया। वहीं नाके के पास ही प्रशिक्षु उप निरीक्षक रमेश अपनी कार से गया था। वह लगातार आरोपियों के संपर्क में भी था।

आरोपी ओमप्रकाश उप निरीक्षक रमेश का दूर के रिश्ते में भाई है। उप निरीक्षक रमेश नोखा थाने में प्रोबेशन के दौरान भी एक मामले में अनुसंधान के दौरान सस्पेंड हो चुका है। वर्तमान में वह पुलिस लाइन पदस्थापित है। उसके खिलाफ में विभागीय जांच भी शुरू की गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पासआउट परेड के दौरान उसे बेस्ट कैडेट के रूप में सम्मानित किया गया था। उसे यह सम्मान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से दिया गया था।

## मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**बीकानेर,** (निसं)। कोडमदेसर में भैंरुजी मंदिर में होली फागोत्सव के दौरान एक युवक के साथ मारपीट और चाकूबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 22 मार्च को हुई इस घटना में जयप्रकाश के साथ मारपीट कर चाकू से वार किया गया था। जयप्रकाश के पर्चा बयानों के आधार पर थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुये गठित पुलिस टीम द्वारा अज्ञात व्यक्ति की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास में लगे सी.सी.टी.वी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। इस दौरान वारदात में शामिल मुख्य आरोपी राहुल जीनगर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल से घटना के संबंध में अनुसंधान जारी है।

## 12वीं कक्षा के छात्र का घर से युवकों ने अपहरण किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के बिजयनगर थाना क्षेत्र के गांव जालिया द्वितीय में रहने व 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र का कुछ युवकों द्वारा अपहरण कर ले जाने और उसके साथ मारपीट कर वीडियो बनाकर पुनः घर छोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के पिता ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

बिजयनगर थाने में दी शिकायत में पीड़ित पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा 12वीं कक्षा में पढ़ता है। कुछ युवक उनके घर आए और लड़के से पढ़ाई से संबंधित कुछ बातचीत के बहाने तालाब क्षेत्र में ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ बेल्ट व लात-घूसों से मारपीट की और मारपीट का भी वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड किया। मारपीट में पुत्र के काफी चोटें आई है।

उन्होंने ने बताया कि जिन युवकों ने उनके पुत्र का अपहरण कर मारपीट की उन्होंने धमकी भी दी कि यदि उसने यह बात किसी को बताई तो वीडियो वायरल कर देंगे, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। बेटे ने घर पर परिजन को आपबीत बताई। बेटे की आपबीत सुनकर पीडित् पिता ने पुलिस में युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# कृषि उपज मंडी में नारियल से भरे ट्रक में आग लगी



नारियल से भरे ट्रक में लगी आग को फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बुझाया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। नारियल से भरे ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफ़री मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार मामला भीलवाड़ा की कृषि उपज मंडी का है। यहां बुधवार को कृषि उपज मंडी में नारियल से भरा ट्रक नारियल खाली करने आया था। ड्राइवर मंडी में पहुंचने के बाद ट्रक को खड़ा कर चाय पी रहा था। इसी दौरान ट्रक में भरे नारियलों में से धुंआ निकला और अचानक नारियल से भरे ट्रक में आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया, ट्रक के टायर भी जलने लगे। वहां मौजूद भीड़ में से किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर एक एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर सुभाष नगर थाना पुलिस भी मोके पर पहुंची है।

बताया जा रहा है कि जहां आग लगी उसी के पास में बड़ी मात्रा लोगों के बारदाने के गोदाम हैं पर गनीमत रही कि आग पर समय रहते क़ाबू पा लिया गया। अचानक आग लगने की घटना के बाद कृषि उपज मंडी परिसर में अफरा-तफ़री का माहौल बन गया। लोगों ने अपने-अपने साधनों से आग बुझाने के प्रयास भी शुरू किए। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है और आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है। छह फायर ब्रिगेड की गाड़ियों द्वारा करीब एक घंटे की मशक्क़त के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

# रिश्वत लेते पूर्व उप प्रधान गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। एसीबी ने बुधवार को कार्यवाही करते हुए वल्लभनगर थाने के दलाल पूर्व उप प्रधान कमलेश पोखरना को अस्सी हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। कार्रवाई को देख कांस्टैबल बजरंगसिंह मीणा मौके से फरार हो गया। आरोपी कांस्टेबल व दलाल परिवादी से उसका जब्त किया गया जेसीबी व ट्रेक्टर छोड़ने की एवज में डेढ़ लाख रूपये रिश्वत मांग रहे थे।

एसीबी डीआईजी राजेन्द्र प्रसाद गोयल ने बताया कि वल्लभनगर निवासी कमलेश पोरखना को अस्सी अहार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दलाल भींण्डर पंचायत समिति का पूर्व में उप प्रधान रह चुका है। परिवादी ने वल्लभनगर कांस्टेबल बजरंग सिंह मीणा और दलाल के खिलाफ एसीबी कार्यालय में शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी एक जेसीबी व ट्रेक्टर जब्त किया हुआ है। जिन्हें छोड़ने के एवज में आरोपियों ने डेढ लाख रूपये की रिश्वत मांगी थी। इस पूरे मामले की कमलेश पोरखना दलाल कर मुझे परेशान कर रहा है। एसीबी एएसपी विक्रमसिंह राठौड़ ने शिकायत का सत्यापन करवाया। पुष्टि होने पर बुधवार को एसीबी उप अधीक्षक रतनसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही की गई। जिसमें दलाल कमलेश पोखरना को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वही ब्यूरों की कार्यवाही का पता चलने पर कांस्टेबल बजरंग मीणा फरार हो गया। एसीबी ने बताया कि प्रकरण में थानाधिकारी की भूमिका की जांच की जा रही है।

# सफाईकर्मी भर्ती आवेदन में संशोधन प्रक्रिया शुरू

## अभ्यर्थी चार अप्रैल तक करवा सकेंगे संशोधन

- आवेदन में फर्जीवाड़ा या झूठा शपथ पत्र लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

**अजमेर,** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से निकाली गई 24 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के आवेदनों में संशोधन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुई। अभ्यर्थी 4 अप्रैल तक संशोधन करवा सकेंगे, इसके लिए डीएलबी ने वेबसाइट का लिंक खोल दिया है।

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से बुधवार से सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में संशोधन के लिए वेबसाइट को खोल दिया गया है। संशोधन पत्र के अलावा अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्रों के साथ नए आदेशों के तहत नगरीय निकाय के ठेकेदार से एक साल सीवरेज व सार्वजनिक सड़क साफ किए जाने का अनुभव प्रमाण पत्र भी लाना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि कई अभ्यर्थियों ने केवल निजी संस्थानों में सफाई के कार्य का अनुभव लगाया है। अभ्यर्थियों को हस्ताक्षरशुदा नया अनुभव प्रमाण पत्र के साथ पीएफ या ईएसआई से जुड़े प्रमाण पत्र भी लगाने होंगे। आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया अंतिम तिथि 4 अप्रैल तक रहेगी। आवेदन में फर्जीवाड़ा या झूठा शपथ पत्र लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सफाई कर्मचारियों के लिए निकाली गई 24 हजार 797 पदों की भर्ती में से अजमेर नगर निगम में 650 पद शामिल हैं।

**अजमेर संभाग में 1610 पद** :- स्वायत्त शासन विभाग की ओर से निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए अजमेर जिले में अजमेर निगम में 650, ब्यावर में 177, किशनगढ़ में 81, केकड़ी में 74, पुष्कर में 68, सरवाड़ में 47, बिजयनगर में 70, टोंक 248, निवाई 33, मालपुरा 96, देवली 17, टोडारायसिंह 49 में रिक्त सीटों के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 18 से 40 साल के अभ्यर्थी विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया है।

## तालाब में डूबे युवक का शव मिला

**उदयपुर,** (निसं)। बड़गांव थाना क्षैत्र खेडा तालाब में तैरने के दौरान झाड़ियों में फंसे युवक को बचाने के लिए गए दूसरे युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद तीसरे दिन उसका शव मिला। प्रकरण के अनुसार सोमवार सेवेरे खेड़ा भील बस्ती कुंडाल निवासी मोहन पुत्र शंकर गमेती तथा धन्नालाल पुत्र धुला गमेती दोनों कठार गांव के समीप स्थित खेड़ा तालाब के दूसरे छोर पर स्थित खेत पर जाने के लिए रवाना हुए। जहां धन्ना तालाब में तैरते हुए खेत की तरफ जा रहा था। जहां बीच में झाड़ियों में फंसने पर चिल्लाने पर मोहन उसे बचाने के लिए गया। जहां मोहन पानी में डूब गया। इसका पता चलने पर आए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर धन्ना को बाहर निकाला, जबकि मोहन का पता नहीं चला। इधर सूचना मिलने पर इसवाल चौकी प्रभारी यागेश्वरसिंह, कांस्टेबल नारायणलाल प्रजापत ने मौके पर पहुंच कर 108 की मदद से उसे गोगुन्दा चिकित्सालय में भर्ती करवा उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी।

# ऊंटों की तस्करी करते दो गिरफ्तार, 16 ऊंट मुक्त करवाए

## बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्र से ऊंटों को लेकर हरियाणा जा रहे थे

- ट्रक में ऊंटों को बांधकर बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्र से हरियाणा व दिल्ली के बूचड़खाने ले जा रहे थे
- तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए सभी ऊंटों के हाथ-पैर व मुंह पर रस्सी बांध रखी थी

**छतरगढ़,** (निसं)। पुलिस ने ऊंटों की तस्करी करने पर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ट्रक में 16 ऊंटों को बांध कर क्षेत्र से हरियाणा व दिल्ली के बूचड़खाने लेकर जा रहे थे और पुलिस से बचने के लिए सभी ऊंटों के हाथ-पैर व मुंह पर रस्सी बांध रखी थी।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने देर रात को सत्तासर गांव के पास नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक की तलाशी ली, तो ट्रक में भरे ऊंटों की हालत देखकर होश उड़ गए। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर ट्रक से 16 ऊंटों को मुक्त करवाया। थानाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सत्तासर तिराहे पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने ट्रक में सवार नसीम पुत्र नूर मोहम्मद व आरिफ पुत्र हमीद खान निवासी रिटथ नुवा हरियाणा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनसे संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन उनके पास कोई कागजात नहीं होने पर ट्रक को थाने लाकर खड़ा कर दिया। पुलिस टीम में एएसआई रणवीर सिंह, हैड कांस्टेबल रामचरण मीना, सिपाही रविन्द्र कालेर, बिट्टू बिश्नोई व दलीपदास शामिल रहे। पुलिस ऊंट तस्करी को लेकर मुख्य सरगना तक पहुंचने के लिए पूछताछ कर रही है।

एसएचओ ने कहा कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि तस्कर बीकानेर जिले के ग्रामीण क्षेत्र से ऊंटों को लेकर हरियाणा जा रहे थे। इन्होंने ग्रामीण क्षेत्र से ऊंटों को खरीदा था। इनके खिलाफ पशु क्रूरता, जानवरों की तस्करी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। साथ ही तस्करों के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। तस्करों का पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। गौरतलब है कि छतरगढ पुलिस इससे पहले भी कई बार ऊंटप्रेमी राजू राइका टीम की सहायता से तस्करी के लिए क्षेत्र से ले जा रहे ऊंटों को तस्करों से मुक्त करवा चुकी है। गत वर्ष एक पिकअप से पांच ऊंट मुक्त कराए थे।

# दौसाः कांग्रेस प्रत्याशी को मिल सकता है भाजपाइयों का अंदरूनी साथ



नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा ने जनसंपर्क किया ।

- भाजपा से कन्हैयालाल, कांग्रेस से मुरारी लाल और निर्दलीय नरेश मीणा ने नामांकन किया दाखिल

**दौसा।** लोकसभा क्षेत्र दोसा से बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा एवं कांग्रेस के प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा वह निर्दलीय तौर पर कांग्रेस से भागी हुई नरेश मीणा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। वहीं लोकसभा क्षेत्र में नामांकन के बाद चर्चा का विषय है कि कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में टिकट की लड़ाई के बाद अंदरूनी तौर पर कांग्रेस के प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा को आंदोलन तौर पर भाजपा नेताओं द्वारा समर्थन मिल सकता है।

चर्चा का विषय है कि जग जाहिर है कि कांग्रेस में मंत्री रहे दोसा विधायक रहे मुरारी लाल मीणा को भाजपा नेताओं का लंबे समय से अंदरूनी समर्थन प्राप्त है। चर्चा का विषय रहा कि इसी के चलते दोसा विधानसभा क्षेत्र से मुरारी लाल मीणा भारी मतों से जीते एवं पूरे 5 साल कांग्रेस में मंत्री रहने के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा किसी भी प्रकार का कोई विरोध दर्ज नहीं कराया। चर्चा का विषय है कि कुछ भाजपा के बड़े दिग्गज नेता खुद के परिवार जनों को टिकट दिलाना चाहते थे लेकिन केंद्रीय नेतृत्व के सामने उनकी दाल नहीं गलने के बाद भी हताश में निराशा निराशा हुआ परेशान दिखाई दे रहे हैं एवं एक भाजपा के बड़े दिग्गज नेता के अंदरूनी तौर पर नाराजगी का नुकसान कांग्रेस के प्रत्याशी को आंदोलन तौर पर समर्थन मिलने से भाजपा के लोकसभा क्षेत्र से उतरे प्रत्याशी को नुकसान होने की चर्चा भी जोरों पर है।

चर्चा का विषय है कि क्षैत्र में उस भाजपा के दिग्गज नेता का काफी प्रभाव है एवं उसे दिग्गज नेता की नाराजगी एक अंदरूनी इशारा मात्र से ही भाजपा के उसे बड़े दिग्गज नेता के समर्थक भारतीय जनता पार्टी के मतदाताओं में सेधमारी कर कहीं ना कहीं टिकट वितरण में हुई नाराजगी के कारण कांग्रेस प्रत्याशी को सपोर्ट कर सकते हैं। वही हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए युवा नेता नरेश मीणा द्वारा भी कांग्रेस से भाग होकर दौसा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है।

चर्चा है कि नरेश मीणा के भी कुछ समर्थक दोसा लोकसभा क्षेत्र में चाहे वह कांग्रेस के हो या फिर भाजपा के नरेश मीणा को समर्थन कर रहे हैं ऐसे में इस चुनाव में निर्दलीय तौर पर बागी प्रत्याशी इन दोनों पार्टियों के चुनाव का जाएगा बिगाड़ सकता है। चर्चा का विषय है कि खासकर भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता एवं दिग्गज नेताओं में टिकट वितरण को लेकर अंदरूनी नाराजगी का आलम कुछ इस कदर दिखाई दे रहा है कि हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी लेकर डूबेंगे। बहरहाल आने वाले समय में ही साफ होगा कि इस राजनीतिक ऊंट किस करवट बैठेगा।

## स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**कोटपूतली।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोनेड़ा व देवता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों की समीक्षा की ग । बीसीएमओ ने कहा कि सभी स्टॉफ संस्थान पर समय पर पहुंचे, युनिफॉर्म में उपस्थित रहे, संस्थान की साफ-सफा का विशेष ध्यान रखे, एमएनडीवा एवं जांच योजना के तहत जन समुदाय को उपलब्ध करवा जा रही सेवाओं की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जावें। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत शत् प्रतिशत -केवा सी करने, एएनसी, पीएनसी, टीकाकरण, आ यूडी एवं नसबन्दी के लक्ष्यों के अनुसार समीक्षा की ग । उन्होंने वार्षिक लक्ष्यों को शीघ्र ही शत्-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बीपीएम विजय तिवाड़ी, राजवीर सिंह गुर्जर, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, आशा, डी ओ समेत अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् उप स्वास्थ्य केन्द्र खड़ब व जगदीशपुरा का औचक निरीक्षण किया।

## सार-समाचार

### शीतला माता मंदिर में 31 से मेला

**चाकसू**(निस) कस्बे की शिलकी डूंगरी पहाड़ी के शीतला माता मंदिर में हर वर्ष की भांति आगामी 31 मार्च व 1 अप्रैल को लक्खी मेला भरेगा। मंदिर श्री शीतला माता ट्रस्ट के महामंत्री लक्ष्मण प्रजापति ने बताया कि उक्त मेले के मध्यनजर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा सफाई व्यवस्था, पानी-शौचालय की व्यवस्था, सीसीटीवी की व्यवस्था, मंदिर परिसर में रंग रोगन इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाओं को अन्तिम रुप दिया जा चुका है। मेले में पधारने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए मन्दिर ट्रस्ट शेष बची व्यवस्थाओ में जी जान से लगा हुआ है।आपको बता दें कि शीतला माता मंदिर का पक्का निर्माण लगभग 111 साल पूर्व में जयपुर दरबार सवाई माधो सिंह ने बनवाया था और जयपुर जिले के चाकसू कस्बा के पास शिलकी डूंगरी पहाड़ी पर स्थित है। जहाँ शीतला अष्टमी के दिन बहुत भारी मेला लगता है । और मेले के दिन ठंडे पकवानों का भोग लगाया जाता है। अभी वर्तमान में जो टीन सेट के नीचे सीढ़ियां है यह श्रद्धालु के द्वारा बन गई बनाई गई है । शीतला माता के लगभग प्रत्येक समाज की सार्वजनिक धर्मशाला है यह सभी यात्रियों की सुविधा के लिए है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार आज भी यहां पर प्रजापत समाज के लोग ही पूजा करते हैं । वहीं रान्धा पुआ एवं रात्रि को जागरण के साथ मेले का शुभारंभ होगा जो 1 अप्रैल तक चलेगा जहां लाखों की तादाद में श्रद्धालु माता के दर्शन करके अपने घर परिवार व क्षेत्र में सुख समृद्धि की मन्नत मांगी जायेगी मेले के दिन कहीं मनोरंजन के साधन व दुकाने लग जायेगी और वहीं प्रशासन की तरफ से सुरक्षा को लेकर शांति व्यवस्था बनाई रखने के लिए जगह-जगह कैमरे सहित कई और भी पुख्ता व्यवस्थाओं के प्रबंधन में लगा हुआ है

### कार्यालय खोलने की मांग

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर उपखंड मुख्यालय पर देवस्थान, पर्यटन और पुरातत्व विभाग के कार्यालय खुलवाने के लिए राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक शैलेश माथुर व सामाजिक कार्यकर्ता तरुण कुमार उपाध्याय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पर्यटन मंत्री दियाकुमारी को पत्र भेजकर अनुरोध किया है। इन कार्यालयो के अभाव में सांभर की प्राचीन धरोहरों का अस्तित्व पूरी तरह से खतरे में आ गया है, क्योंकि यहां पर अंठोजों व राजा महाराजाओं के काल के समय की एतिहासिक इमारतों का कोई धणीधोरी नहीं है। इन्होंने बताया कि सांभर उपखंड कार्यालय की पुराने भवन के अटेच अंठोजों के जमाने की बनी हुई बिल्डिंग जिसमें कैदियों को रखा जाता था तथा आजादी के बाद भी इसे इसी काम में लिया जाता था लेकिन नवीन जेल बनने के बाद इस बिल्डिंग को जेल प्रशासन ने लावारिस छोड़ दिया है। जिसकी वजह से इस बिल्डिंग में असामाजिक तत्वों ने कुछ प्राचीन धरोहरों को भी नष्ट कर दिया है तथा बिल्डिंग के दूसरे रास्ते की तरफ दीवार को तोड़ दिया गया है। इसके नजदीक एक पुराना भवन भी मौजूद है जहां पर पुराना न्यायिक रिकॉर्ड भरा हुआ है तथा यह बिल्डिंग भी अंदर से खोखली हो चुकी है। यहां पर जोधपुर और जयपुर रियासत के अलग-अलग दरबारों की प्राचीन निशानियां भी धूमिल हो रही है। इसी प्रकार देवयानी तीर्थ स्थल जिसका उल्लेख महाभारत काल से चला आ रहा है उसकी स्थिति भी संतोष जनक नहीं है। कुछ अरसा पहले घाटों पर मौजूद सभी देवी देवताओं के प्राचीन मदिरों का जीर्णोद्धार देवस्थान विभाग की देखरेख में पर्यटन व पुरातत्व विभाग की तरफ से करवाया गया था लेकिन डेढ़ दशक बीत जाने के बाद भी दोबारा सरकार की ओर से कोई सुध नहीं ली गई। सरकार से अपेक्षा की गई है की सांभर मुख्यालय पर मौजूद इमारत को हेरिटेज का दर्जा दिया जाए तथा उपरोक्त विभागों के कार्यालय खोले जाए ताकि प्राचीन इमारतें का संरक्षण भली भांति हो सके।

### जिला रसद अधिकारी ने किया निरीक्षण

**कोटपूतली।** जिला रसद अधिकारी संजीव माथुर द्वारा क्षेत्र में राशन डीलर्स, गैस एजेंसी व पैट्रोल पम्प की निरन्तर जाँच, निरीक्षण किये जा रहे है। बुधवार को भी माथुर ने औचक निरीक्षण कर राशन वितरण में अनियमितता एवं उचित मूल्य की दुकान बंद होने पर ग्राम जैनपुरबास में एक व गुंती में दो राशन डीलर्स का प्राधिकार पत्र निलम्बित कर दिया। माथुर ने बताया कि आमजन से शिकायत मिलने पर कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

### इंदौरिया जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**कोटपूतली।** विश्व हिंदू परिषद श्री रामोत्सव समिति की बैठक बुधवार को विहिप कार्यालय पर आयोजित की ग । जिसमें ज्योतिषाचार्य राहुल इंदौरिया को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। जिला मंत्री महावीर सिंह ने श्रीराम दुपट्टा पहनाकर जिला उपाध्यक्ष की घोषणा की। बजरंग दल संयोजक नेमीचंद हिंदू ने बताया कि आगामी कार्यक्रम श्रीराम नवमी के अवसर पर 14 अप्रैल को श्रीराम ध्वज शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। आयोजन की तैयारियों व व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में चर्चा की गई ।

### डॉ. कैलाश बने मालपुरा अस्पताल प्रभारी

**मालपुरा** (निस) जनस्वास्थ्य विभाग निदेशक रवि प्रकाश माथुर ने एक आदेश जारी कर डॉ. अनिल मीणा को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा मे अस्पताल प्रभारी के पद से कार्यमुक्त कर अस्पताल मे ही पदस्थापित डॉ. कैलाश सामरिया वरिष्ठ विशेषज्ञ ईएनटी को नवीन अस्पताल प्रभारी का दायित्व संभालने के लिये आदेशित किया गया। डॉ. सामरिया पूर्व मे भी मालपुरा अस्पताल प्रभारी के पद पर सेवाऐं दी है।

### नए अध्यक्ष का चयन आज होगा

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाली विश्व विख्यात हैला ख्याल संगीत दंगल के नए अध्यक्ष का चयन आज गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में होगा। अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गणगौर हैला ख्याल दंगल समिति के नए अध्यक्ष के चयन एवं गत वर्ष समिति के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका कार्यालय परिसर में दंगल समिति की बैठक आज गुरूवार को दोपहर तीन बजे आयोजित की जाएगी।

### लाखों की शराब जब्त

**लालसोट।** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता की पालना के लिए नाकाबंदी के दौरान बड़ का पाडा टोल प्लाजा पुलिस व एफएसटी और एसएसटी टीम ने सयुक्त कारवाई करते हुए ने कंटेनर में दवाइयों के कार्टुनो के बीच भरकर ले जाई जा रही लाखो रूपए कीमत की अवैध अंठोजी शराब को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। लोकसभा चुनाव के चलते जब जांच टीम जांच पड़ताल कर रही थी उसी समय उनको उस कंटेनर में कुछ अवैध सामठाी होने का शक हुआ जहां कंटेनर की सील तोड़ी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

# कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा, दोनों बागियों से परेशान

- कर्नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित 5 मंत्रियों के बच्चों को टिकट दिया जा चुका है।
- इसे लेकर पार्टी में भारी नाराजगी है, कई विधायकों ने तो इस्तीफा देने तक की धमकी दे डाली है।
- भाजपा में, रायपुर, कोप्पल, शिमोगा, टुमकुर सहित कई सीटों के प्रत्याशियों के प्रति भारी विद्रोह है।
- विधानसभा चुनावों में भाजपा छोड़कर कांठोस में गए जगदीश शेट्टर भाजपा में लौट आए हैं, उन्हें बेलगावी से टिकट दिया गया है, पर उनका भारी विरोध हो रहा है।

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

**नई दिल्ली**, 27 मार्च। विद्रोह की समस्या के बिना कोई भी चुनाव पूर्ण नहीं होता है और इस बार एक परिवार को मिले एक टिकट पर कांग्रेस में भारी उथल-पुथल मची है। कांग्रेस ने अपनी सरकार के मंत्री के.एच. मुनियप्पा के दामाद चिक्का पेद्दन्ना को कोलार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है जिससे पार्टी के भीतर ही भारी विरोध उठ रहा है और उसके 5 विधायकों तथा विधान परिषद के दो सदस्यों ने इस निर्णय को ना बदले जाने की सूरत में इस्तीफे देने की धमकी दी है।

चिक्कोडी को टिकट दिए जाने पर अपना गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस के एक सीनियर विधायक एवं मंत्री एम.सी. सुधाकर ने एक प्राइवेट टेलीविजन चैनल को बताया कि पार्टी किसी एक परिवार की गुलाम नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि हम मुनियप्पा परिवार के गुलाम नहीं बन सकते और पार्टी को एक ही परिवार के लोगों को मनोनीत करते नहीं देख सकते।

उन्होंने आगे कहा कि "हम चाहते हैं कि पार्टी के अन्य लोगों को भी मौका मिले। हम मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बात करेंगे। मुनियप्पा जब यहाँ थे तब हम उनकी कार्यशैली से परेशान हुए। निर्वाचन क्षेत्र में एक आम धारणा यह है कि अनुसूचित जाति समुदाय को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है।"

उन्होंने स्वयं एवं अन्य असंतुष्ट विधायकों की ओर से बोलते हुए स्पष्ट किया कि वे पार्टी हाईकमान के निर्णय में संशोधन की प्रतीक्षा करने के बाद अपने इस्तीफे देंगे। विद्रोही गुट ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने उनकी शिकायत को धैर्यपूर्वक सुना, लेकिन साथ ही उसने इस मुद्दे पर एक गंभीर चुप्पी साधे रखी।

उत्तेजना का केन्द्र बिन्दु बने मंत्री मुनियप्पा ने कहा कि "हम मौके पर भी हाईकमान के निर्णय का पालन करेंगे। पार्टी हाईकमान को कोई निर्णय तो लेने दीजिए।"

कांठोस ने गत 21 मार्च को 17 प्रत्याशियों की जो लिस्ट फायनल की थी, उसमें चिक्कोडी का भी नाम है।

इस लिस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पांच मंत्रियों के बच्चों के नाम हैं। इससे भाजपा के ही इस आरोप को बल मिलता है कि कांग्रेस एक वंशवादी पार्टी है और गांधी परिवार की जागीर है।

हालांकि, इससे कांग्रेस को राहत मिलने वाली नहीं है परन्तु भाजपा भी टिकट वितरण की समस्या से बुरी तरह ठासित है और पार्टी के नामांकित प्रत्याशियों के विरूद्ध रायचुर चिक्काबल्लापुर, कोप्पल, शिमोगा, हवेरी, टुमकुर, बिदर व चित्रगुडगा की सीटों पर खुली बगावत हो रही है।

यहाँ तक पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार की उम्मीदवारी पर भी जो विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस में शामिल हो गए थे और अब वो पास लौटकर भाजपा में चले गए है उनका भी बेलगावी में भारी विरोध किया जा रहा है। इस निर्वाचन क्षेत्र में बाहरी उम्मीदवार के बतौर माना जा रहा है।

भाजपा के स्थानीय दिग्गज नेता वे पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. युद्दियुरप्पा ने इस निर्वाचन क्षेत्र में दौरे के दौरान इस मुद्दे पर बात की और उन्होंने नाराज़ नेताओं स बातचीत कर उन्हें राजी किया।

## जनप्रतिनिधियों का होली मिलन समारोह हुआ

**बहरोड़ / नीमराना।** राठ क्षेत्र बहरोड़ के वरिष्ठ विद्वतजनों और जनप्रतिनिधियों ने पंचायत राज के नाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कस्बे के सुरभि मैरिज होम में आयोजित पंचायत राज होली मिलन समारोह में क्षेत्र के जिला पार्षद तथा पंचायत समिति सदस्य व अभिभाषकगण एवं राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों सहित विद्वतजनों ने किसान नेता बस्तीराम यादव के नेतृत्व में एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली। वहीं आयोजित कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी व ठााम विकास अधिकारी एवं पंचायत राज के कर्मचारियों ने भी जनप्रतिनिधियों के साथ रंगों की होली खेली । आयोजित कार्यक्रम का मंच संचालन मानस तत्व अनुसंधान के निदेशक पंडित अशोक बोहरा द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पूर्व प्रधान नंदराम ओला सहित क्षेत्रीय सरपंच तथा पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत राज जनप्रतिनिधि व अनेक गणमान्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे।

## शोभायात्रा 13 अप्रैल को

**फुलेरा ।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित श्रीसिद्ध गणेश मन्दिर परिसर में राम जन्मोत्सव नववर्ष कार्यकारिणी की बैठक राम जन्मोत्सव एवं हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा को लेकर जिला संघ चालक दिनेश चन्द शर्मा व विश्व हिन्दू परिषद के सांभर जिला मंत्री विष्णु सैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान आगामी 13 अप्रेल को हिन्दू नववर्ष व राम जन्मोत्सव शोभायात्रा का आयोजन गाजे-बाजे के साथ करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्व हिन्दू समाज द्वारा फुलेरा नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जानकारी के अनुसार उक्त शोभायात्रा श्रीरामनगर स्थित बालाजी की बगीची से दोपहर 2:15 बजे प्रारंभ होकर फुलेरा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए स्कूल खेल मैदान पहुंचेगी। इस दौरान मार्ग शोभायात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनन्दन भी किया जायेगा।

# भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका की टिप्पणी पर नाराजगी जताई

## देर से व्यक्त की गई प्रतिक्रिया में भारत सरकार ने कहा कि, इस तरह की टिप्पणियां गलत मिसाल कायम करती हैं

- भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की कार्यवाहक मिशन उप प्रमुख ग्लोरिया बर्बीना को तलब किया और अमेरिका की आपत्ति को भारतीय आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की संज्ञा दी।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

**नई दिल्ली**, 27 मार्च। विलम्ब से व्यक्त की गई प्रतिक्रिया, शराब नीति घोटाले के आरोप में पिछले सप्ताह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने पर अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने उनकी गिरफ्तारी को लेकर टिप्पणी की थी इस पर मोदी सरकार ने आज अमेरिका के राजनयिक को बुलाया और विदेश विभाग की टिप्पणी पर सख्त एतराज दर्ज कराया।

अमेरिकी मिशन के कार्यवाहक उप प्रमुख गलोरिया बरबेना को आज विदेश मंत्रालय में तलब किया और उनके साथ दोपहर में 40 मिनट जारी एक संक्षिप्त बयान में कहा गया कि विदेश मंत्रालय ने "अनुचित उदाहरणों" व "अवांछित आक्षेपों" के प्रति आगाह किया।

विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि अन्य देशों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरे देशों की सम्प्रभुता का सम्मान करें और आंतरिक मामलों में दखल नहीं दें और यह दायित्व तब और भी ज्यादा हो जाता है जब भी प्रजातंत्रात्मक देश हों अन्यथा यह अस्वास्थ्य कर मिसाल कायम कर सकता है। बयान में इस बात पर विशेष जोर दिया है कि "भारत की विधिक प्रक्रिया स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित है जो कि अपने उद्देश्य व समयबद्ध परिणाम के प्रति प्रतिबद्ध है। इस पर आक्षेप लगाना अनुचित है।" मंगलवार को अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा था कि वह केजरीवाल की गिरफ्तारी की खबरों पर नजर बनाए हुए है और नई दिल्ली से कहा था कि वह "जेल में बंद आम आदमी पार्टी के नेता के लिए निष्पक्ष व समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया अपनाए।"

# स्वच्छता सेवा दल खाटू से लौटा

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय स्वच्छता सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतू माली के नेतृत्व में 450 से अधिक कार्यकर्ताओं की टीम ने श्री खाटू श्याम के लक्खी मेले में एक सप्ताह तक अपनी सेवायें प्रदान की। स्वच्छ खाटू अपना खाटू के संदेश के साथ टीम ने खाटू श्याम मेले में साफ-सफा की जिम्मेदारी निर्भा । संयोजक प्रवीण बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोटपूतली से लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने खाटू श्याम मेले में साफ सफा की एवं श्याम भक्तों को विभिन्न प्रकार की सेवाऐं प्रदान की। टीम के कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से श्याम भक्तों की सेवा की। मंदिर परिसर से लेकर पैदल डायवर्जन मार्ग, चारण ग्राउंड, लखदातार ग्राउंड, मेला ग्राउंड तक शाम भक्तों पर सुगंधित इत्र की वर्षा की एवं श्याम नाम के जयकारें लगाकर भक्तों को उत्साहित किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता अभियान विशेष रूप से चलाया जाता है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को काम करना चाहिए एवं स्वच्छता की ओर ध्यान देना चाहिए। टीम स्वच्छता सेवादल से सेवा कार्यों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण बागड़ा, रमन अग्रवाल, हेमंत मोरीजावाला, पराग गुप्ता, गिरवर शर्मा, राजेश यादव, बबलू मीणा, आशीष मित्तल, विजेंद्र सैनी, कृष्णकांत शर्मा, राहुल मोरीजावाला गौरव गुप्ता, बजरंग लाल सैनी, रवि बालास्या, गोविंद शर्मा, मुदित शर्मा, अंकित गुप्ता, रवि वर्मा, हेमंत सिंह, विशाल सोनी, गणेश वर्मा व मनोज सैनी सहित अन्य टीम सदस्य मौजूद थे।

# कड़ी पुलिस सुरक्षा में 88 बीघा भूमि को करवाया अतिक्रमण मुक्त



तहसीलदार राहुल पारीक ने कडी पुलिस सुरक्षा में हटाया अतिक्रमण।

**मालपुरा** (निस) न्यायालय के आदेशो पर तहसीलदार राहुल पारीक ने मालपुरा थाना क्षैत्र की राजपुरा ग्राम पंचायत के हाथगी गांव मे कडी पुलिस सुरक्षा मे तालाब की पाल के पास स्थित 88 बीघा सरकारी जमीन को कराया अतिक्रमण से मुक्त। तहसीलदार राहुल पारीक ने बताया कि हाथगी गांव के सार्वजनिक तालाब के पास 88 बीघा सरकारी जमीन की जिस पर श्मशान की भूमि भी आरक्षित थी। उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशानुसार राजस्व विभाग टीम का गठन किया गया। बुधवार को थानाधिकारी चेनाराम बेडा के साथ मौजूद आरएसी के जवानो व थाना पुलिस के भारी जाप्ते की मोजूदगी मे राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी भूमि पर हुये अतिक्रमणो को जेसीबी मशीनो की सहायता से हटा सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की कार्यवाही की गई। प्रशासन की इस कार्यवाही से ग्रामीणो ने हर्ष व्यक्त कर माननीय न्यायालय व तहसीलदार सहित पुलिस प्रशासन एवं राजस्व टीम का आभार जताया।

## गरीबों के लिए सबंल बनी योजना

**शाहपुरा ।** जयपुर में सड़क हादसे में 13 दिसम्बर 2023 को एक व्यक्ति की मौत होने के बाद उसके खाते को बंद करवाने पहुँची मृतक की पत्नी तो बैंक खाते को देखा तो बैंक कर्मी सारथी बनते हुए दिखाई दिए। यह मामला जयपुर ठाामीण की शाहपुरा एसबीआई ब्रांच का हैं। बैंक मैनेजर कैलाश चन्द मीणा ने बताया कि रायपुरा जागीर निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र कुमार की सड़क हादसे में जयपुर मौत हो गई थी। जब मृतक की पत्नी मीनाक्षी पंकज अपने पति का खाता बंद करवाने पहुँची तो पता चला मृतका के पति ने एक हजार रुपये का पर्सनल दुर्घटना बीमा करवा रखा हैं। इसके बाद मृतका की पत्नी से दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। उसके बाद बीमा पॉलिसी के तहत 20 लाख रुपये मृतक की पत्नी को दिए गए।

एसबीआई की उप प्रबंधक कल्पना खोरवाल ने बताया कि एसबीआई की एक हजार की पर्सनल दुर्घटना बीमा पॉलिसी में 20 लाख रुपये दुर्घटना में मौत पर मिलते हैं। उसी के तहत शाहपुरा का पहला केस हैं जिसे यह राशि दी गई हैं। ऐसे में मृतक की पत्नी की बैंक कर्मी सारथी बने तो महिला के आँखों से आँसू नहीं रूके।

# शत् प्रतिशत मद मतदान का दिलाया संकल्प

- रैली में 95 छात्र, 55 छात्राऐं, स्थानीय स्थफ 14 सदस्य, समेत रैली में 260 से अधिक सदस्य उपस्थित रहें।

**रामगढ़** पचवारा। उपखंड मुख्यालय पर को ब्लॉक स्तरीय स्वीप टीम द्वारा जगनेर तुर्कान में रैली के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सीबीईओ रामगढ पचवारा ने माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया।

समस्त विद्यार्थियो, कार्मिको, ठाामीण जनो ने मतदान की शपथ ठाहण की। सीबीईओं मुरारीलाल जांगिड ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का आ ान किया और बताया कि वोट डालकर राष्ट्र के प्रति अपना धर्म निभाएँ साथ ही बताया कि मतदाता को भयमुक्त होकर अपना मत जरूर डालना है। प्रधानाचार्य गनी मोहम्मद ने पधारे सभी मतदाताओं का स्वागत किया और स्वीप टीम सदस्य महेन्द्र साहू, लालूराम बैरखा ने गीतो के माध्यम से नृत्य कर मतदान का सकल्प संदेश दिया ।

नाथूलाल मीना ने मतदाताओं को किसी बहकावे में नहीं आना है अपना वोट जरूर डालना है। विकाश गौतम ने लोकसभा चुनाव में आवश्यक दस्तावेज व मतदान सम्बन्धी नियमों के बारे में बताया। इस दौरान आचुकी व कोमल ने नृत्य किया व रैली के दौरान ठाामीणो मे उत्साह इतना दिखा कि कई जगह रैली का स्वागत किया। महिलाओं ने भरोसा दिलाया कि लोकसभा में अधिक मतदान करेंगें । रैली में 95 छात्र, 55 छात्राऐं, स्थानीय स्थफ 14 सदस्य, समेत रैली में 260 से अधिक सदस्य उपस्थित रहें।

इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में खालिद, आमिन खान, शरीफ खान उपसरपंच, ठााम विकास अधिकारी पूजा यादव जन्नत बेगम, सूबेदा, संजीत, गमीना बानो, रजिया आगनबाड़ी कार्यकर्ता. श्याम सैनी, गोपालकृष्ण शर्मा, कमलेश बैरवा आदि ठाामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय स्थफ लाइराम मीना, मीठालाल, गिर्राज चौधरी, विनोद, अनिल चांवला, विकाश अमीर मोहम्मद, रामावतार मलाराम, बनवारीलाल, रामबिलास आदि मोजूद रहे।

# 'भूपेंद्र यादव का अलवर से चुनाव लडना मोदी जी का तोहफा'

**अलवर** (निस)। अलवर प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपना नामांकन किया । नामांकन से पूर्व बाइक रैली व सभा का आयोजन किया गया । सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव जी का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित किया ।

उन्होंने कहा की इस बार फिर राजस्थान की जनता 25 की 25 सीट जीतकर मोदी को तोहफा देगी । उन्होंने कहा की राजस्थान की अलवर से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का चुनाव लडना मोदी जी द्वारा राजस्थान की जनता को दिया गया ब्लैंक चेक है जिसमे विकास के जितने भी कार्य राजस्थान में होने है वह भरकर सभी विकास कार्य पूरे करवाए जा सकते है ।

उन्होंने कहा की आगामी 19 अप्रैल को कमल के फूल पर वोट देकर विकास की गंगा में अपना योगदान दे । सभा को संबोधित करने के बाद मिनी सचिवालय पहुचकर केंद्रीय मंत्री ने अपना नामांकन दाखिल किया ।

सभा को केबिनेट मंत्री संजय शर्मा, सुरेश रावत, पुर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने भी सम्बोधित किया

सभा मे जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उम्मेद सिंह भाया, रोशन लाल सैनी, लक्ष्मी कांत भारद्वाज, विधायक महन्त बालक नाथ, जशवंत यादव, लोकसभा सयोजक संजय सिंह नरूका ,पुर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा, जयराम जाटव, रामहेत यादव, बनवारी लाल सिंघल,पुर्व जिला अध्यक्ष अशोक अठावाल,धरमवीर शर्मा, इंद्रजीत सिंह, बन्ना राम मीणा, जय आहूजा,हरि शंकर खण्डेलवाल, हरिश यादव,जी मौजूद रहे ।




*पूर्व उप मु. मंत्री सचिन पायलट जयपुर ग्रामीण सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चोपड़ा और दौसा से मुराली लाल मीणा की नामांकन सभा में शामिल हुये। जयपुर में अनिल चोपड़ा की नामांकन सभा में पायलट ने उन्हें अपने संघर्ष का साथी बताते हुये जनता से उन्हें जीत दिलाने की अपील की।*

# 'अनिल चोपड़ा संघर्ष के साथी हैं, इन्हें जितवाएं'

## सचिन पायलट ने जयपुर ग्रामीण के कांग्रेस प्रत्याशी के लिए लोगों से अपील की

जयपुर, 27 मार्च (का.प्र.)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की मौजूदगी में जयपुर ग्रामीण से कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चोपड़ा और दौसा से विधायक मुरारीलाल मीणा ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन सभा में सचिन पायलट ने अनिल चोपड़ा को संघर्ष का साथी बताते हुए जीत दिलाने की अपील की। सभा में जयपुर ग्रामीण लोकसभा के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा, मनीष यादव,

- **सचिन पायलट ने दौसा के प्रत्याशी विधायक मुरारी लाल मीणा के लिए कहा कि, मुरारी लाल मीणा को अगर सांसद बनाकर भजेंगे तो दौसा का और ज्यादा विकास होगा।**

जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत भी शामिल हुए।

दौसा से कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए विधायक मुरारीलाल मीणा के नामांकन से पहले हुई सभा में सचिन पायलट ने उपस्थित जनता से उन्हें जीत दिलाने की अपील करते हुए कहा कि, दौसा क्षेत्र में मुरारी लाल मीणा ने आप लोगों के बीच रहकर लगातार काम किया है। ऐसे में इन्हें अगर सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे, तो दौसा के विकास को चार चांद लगेगा। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज खटाना सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे। राजस्थान में पहले दौर के नामांकन की अंतिम तिथि पर आज राजस्थान की 12 सीटों पर उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जयपुर शहर से कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास, जयपुर ग्रामीण से अनिल चोपड़ा, दौसा से मुरारी लाल मीणा, चूरू से राहुल कस्वा, झुंझुनूं से बिजेंदर ओला सहित अन्य उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए।

# मु.मंत्री केजरीवाल को जेल भेजकर ई.डी. पहला राउण्ड तो जीत गयी

## पर, अब "अरैस्ट" की वैधता पर कोर्ट में बैकफुट पर नज़र आयी

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मार्च। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) और जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच रस्साकशी जारी है।

आबकारी नीति के केस में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख एवं दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री को जेल के सींखचों के पीछे डालकर प्रथम दौर की बाजी जीतने के बाद लगता है कि ई.डी. अब बैकफुट पर आ गया है। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और जेल को इस आधार पर चुनौती दी है कि उन्हें किसी उचित एवं निर्णायक जाँच-पड़ताल के बिना ही जेल में डाल दिया गया।

ई.डी. ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट से अनुरोध किया है कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका का जवाब प्रस्तुत करने के लिए उसे समय दिया जाए।

ई.डी. की तरफ से कोर्ट में पेश हुए एडीशनल सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कहा कि प्रतिवादी पक्ष की ओर से मंगलवार को ही एक भारी-भरकम याचिका दायर की गई और उसका जवाब तैयार करने के लिए तीन सप्ताह

- **ई.डी. ने न्यायालय से तीन सप्ताह का समय मांगा केजरीवाल द्वारा तुरंत रिहाई के लिये दायर याचिका का जवाब देने के लिये।**
- **केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी प्रभावशाली तर्क देते हुए न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा से यह आदेश लेने में सफल हुए कि, न्यायालय शीघ्र ही मामले की सुनवाई करेगा, ज्यादा लंबी तारीख नहीं देगा।**

का समय दिया जाए। उन्होंने कहा कि अंतरिम राहत के लिए भी जवाब के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए।

"आप" प्रमुख की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट ए.एम. सिंघवी ने आरोप लगाया कि जवाब प्रस्तुत करने में समय मांगने का अनुरोध मामले को लम्बा खींचने की चाल है। उन्होंने कहा कि चुनौती यह है कि गिरफ्तारी का आधार क्या है और ऐसे कई "सुस्पष्ट मुद्दे" हैं, जिन पर हाई कोर्ट को तुरन्त निर्णय लेने की आवश्यकता है।

सिंघवी ने अदालत को बताया कि एक वर्तमान मुख्यमंत्री को चुनावों के ठीक पहले गिरफ्तार कर लिया गया। "लोकतंत्र के मर्म में समान अवसर दिए जाने की बात है। इसका मतलब है स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव। यदि आप समान अवसरों को किसी भी तरह से असमान करते हैं तो आप लोकतंत्र की मूल संरचना से छेड़छाड़ कर रहे हैं।"

चुनाव के ठीक पहले की गई इस गिरफ्तारी का उद्देश्य किसी व्यक्ति को चुनाव प्रचार के लिए अक्षम बना देना और किसी पार्टी को तगड़ा झटका देना है। ऐसा करने से पहला वोट डालने से पूर्व ही थोड़ी बढ़त मिल जाती है। उन्होंने आगे कहा कि "हां, मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा सकता है, लेकिन प्रश्न गिरफ्तारी के समय का है।

ई.डी. की याचिका में तीन दिन का समय मांगे जाने पर सिंघवी ने कहा कि यह अनुरोध पूर्णतया दुर्भावनापूर्ण है। एक दिन की कैद भी आधारभूत अधिकारों का मुद्दा है। ई.डी. क्या जवाब प्रस्तुत कर सकती है? वह जवाब गिरफ्तारी के आधार से अलग नहीं हो सकता।

एक एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि वह कुछ समय बाद इस मामले पर फिर से सुनवाई करेंगी।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ई.डी. ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था, बाद में दिल्ली की एक निचली अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक ई.डी. की हिरासत में सौंप दिया था।

हाई कोर्ट ने जब केजरीवाल को ई.डी. के दण्डात्मक कार्यवाही से संरक्षण प्रदान करने से इन्कार कर दिया था, तब ई.डी. ने उन्हें कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया था।

इस बीच, केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके आवास पर ई.डी. द्वारा मारे गए कई छापों में कोई भी पैसा नहीं मिला था और उनके पति दिल्ली की आबकारी नीति के केस में 28 मार्च को कोर्ट में सच्चाई बयान करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे पति ने दिल्ली के जल मंत्री को हिरासत से ही निर्देश जारी किए, लेकिन केन्द्र इस पर अपनी टांग अड़ा रहा है। क्या वह दिल्ली को बर्बाद करना चाहता है? सुनीता ने मंगलवार को ई.डी. के दफ्तर में केजरीवाल से मुलाकात की थी।

## निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी

नई दिल्ली, 27 मार्च। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने संबंधी भाजपा के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जरूरी उस तरह का धन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष ने उन्हें आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से चुनाव लड़ने का विकल्प दिया था। भाजपा नेता सीतारमण ने यहां टाइम्स नाउ समिट 2024 में कहा, एक हफ्ते या दस दिन तक सोचने के बाद, मैंने जवाब दिया, नहीं।

# कर्नाटक कांग्रेस में विवाद गहराया

तिरुवनंतपुरम, 27 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में कांग्रेस के लिए परेशान करने वाली खबर सामने आ रही है। पार्टी के पांच विधायकों (विधानसभा सदस्य) और दो एमएलसी (विधान परिषद सदस्य) ने टिकट विवाद पर इस्तीफा देने की धमकी दी है। बताया जा रहा है कि ये मामला कोलार निर्वाचन क्षेत्र को लेकर है।

दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री केएच मुनियप्पा के एक रिश्तेदार को कोलार निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया है। अब कुछ कांग्रेस विधायक इसका विरोध कर रहे हैं। एक

- **5 कांग्रेस विधायकों ने इस्तीफे की खुली धमकी दी।**

बातचीत में कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. एमसी सुधाकर ने अन्य विधायकों के हवाले से कहा कि वे "गुलाम नहीं हो सकते"।

एमसी सुधाकर भी विरोध करने वाले विधायकों में शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम (मुनियप्पा) परिवार के गुलाम नहीं हो सकते।

उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी परिवार के भीतर टिकट बांटती है। बाद में, समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, सुधाकर ने कहा, "हम चाहते हैं कि पार्टी में अन्य लोगों को मौका मिले। हम आज मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से बात करेंगे। जब वह (मुनियप्पा) यहां थे, तो हमें उनकी कार्यशैली से दिक्कतें होती थीं। हमने कठिनाइयों का सामना किया। निर्वाचन क्षेत्र में आम धारणा है कि अनुसूचित जाति समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम इस परिवार के अलावा किसी और को उम्मीदवार के तौर पर देखना चाहते हैं।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर दो विमान आपस में टकराये

कोलकाता, 27 मार्च। आज कोलकाता एयरपोर्ट के रनवे पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान आपस में टकरा गए। इंडिगो विमान टैक्सी वे से गुजर रहा था और उड़ान भरने के लिए एयरपोर्ट से ग्रीन सिग्नल के इंतजार में था। वहीं, दूसरी ओर एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान रनवे पर खड़ा था। विमान में सैकड़ों की संख्या में यात्री थे। विमानों के

- **इस हादसे में किसी भी प्रकार जान-माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है।**

आपस में टकराने से यात्रियों में खलबली मच गई। हालांकि किसी तरह के घायल या जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। उधर, डीजीसीए ने मामले में ऐक्शन लेते हुए इंडिगो के दोनों पायलटों को नौकरी से निकाल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, दरभंगा जा रहे इंडिगो का एक विमान कोलकाता हवाईअड्डे में रनवे पर टैक्सी वे पर धीरे-धीरे गुजर रहा था।

# मु.मंत्री भजन लाल ने जयपुर शहर की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करता है इसलिए जनता भाजपा पर विश्वास करती है। जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा लगातार कार्यकर्ता बनकर संगठन और जनता की सेवा करती आई हैं और केंद्रीय नेतृत्व ने जयपुर की बेटी पर विश्वास जताया हैं। मुख्यमंत्री ने मंजू शर्मा को 10 लाख से अधिक वोटों से जिताने की जनता से अपील की। मंजू शर्मा द्वारा नामांकन पर्चा भरने के दौरान कलेक्ट्री के बाहर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे और हर-हर मोदी घर-घर मोदी, जय श्री राम जैसे नारे लगा रहे थे।

मंजू शर्मा ने नामांकन दाखिल करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, "मैं जयपुर की बेटी लगातार जयपुर की जनता और संगठन की सेवा करती आई हूँ। पूर्व में मेरे पिताजी राजस्थान में मंत्री रहे स्व. भंवर लाल शर्मा ने भी जयपुर की जनता की सेवा की।" उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि जयपुर शहर की जनता को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

नामांकन सभा के दौरान प्रदेश सह-प्रभारी विजया रहाटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, विधायक कालीचरण सर्राफ, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा और लोकसभा संयोजक डॉ. एस. एस. अग्रवाल सहित अन्य विधायकगण और पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अलवर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के समर्थन में विशाल बाइक रैली निकाली गई उसके बाद नामांकन सभा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, अलवर लोकसभा क्षेत्र की जनता का भाजपा के प्रति यह अपार स्नेह, अटूट विश्वास और प्रचंड समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प, अबकी बार 400 पार को साकार करके रहेगा।

करौली-धौलपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा उपस्थित थे।

बीकानेर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल की नामांकन सभा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी प्रवेश शर्मा उपस्थित थे। श्रीगंगानगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका बैलान की नामांकन सभा में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी और प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी प्रवेश शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह की नामांकन सभा में प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, कैबिनेट मंत्री उद्योग एवं वाणिज्य कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया शामिल हुए।

झुंझुनू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी की नामांकन सभा में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं जॉइनिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी और कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अविनाश गहलोत उपस्थित थे।

भरतपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली की नामांकन सभा में प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे और पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शामिल हुए। दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा की नामांकन सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सासंद घनश्याम तिवाड़ी और पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी उपस्थित रहे।

# गहलोत व सी.पी. जोशी उन जिताऊ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बेहद करीबी तथा उन्हें फण्ड करने वाले प्रमुख व्यक्ति धर्मेन्द्र राठौड़ की रावत को टिकट दिलाने में प्रमुख भूमिका रही है।

प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि, रजनी पाटिल और रंधावा ने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया और अतिमहत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों को इतने हल्के से क्यों लिया गया।

गुटों में बंटी कांग्रेस में हर रोज़ गंभीर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं और यह भी कहा जा रहा है कि अशोक गहलोत व सी.पी. जोशी योग्य प्रत्याशियों के टिकट ब्लॉक करने की कोशिश में जुटे हैं, जिनमें से कई प्रत्याशियों को सचिन पायलट का समर्थन प्राप्त है।

ऐसा लगता है कि, कांग्रेस के अंदर व्यक्तिगत हित सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं और पार्टी को हाशिए पर धकेल दिया गया है।

और इस सबके बावजूद भी राहुल गाँधी सी.ई.सी. की बैठकों से नदारद हैं।

**सम्मानीय गोविन्द सिंह जी डोटासरा**
अध्यक्ष
राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

आदरणीय डोटासरा जी,
सादर नमस्कार

मुझे 2018 में कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी के तौर पर भीम देवगढ़ से विधानसभा चुनाव लडने का अवसर दिया व भीम देवगढ की जनता ने 15 साल के कुशासन से त्रस्त होकर मुझे सुशासन एवं विकास की आशा के साथ राजस्थान की विधानसभा में भेजा।

2018-2023 तक का कार्यकाल भीम देवगढ के विकास के मायने में ऐतिहासिक रहा। हमने रात दिन एक करके कोरोना काल से लोहा लेने के बाद आजाद भारत के 70 वर्षो के इतिहास में जो कार्य नही हुए उन्हें क्रियान्वित किया। दो नवीन उपतहसील, उपजिला चिकित्सालय, भीम में नगर पालिका, स्कूलों का क्रमोनयन, स्टेडियम, कॉलेजों में साइन्स एवं पीजी, भीम मे महिला महाविधालय, दो ITI, पुलिस थाना, गॉव-गॉव में डामरीकरण सडके एवं पेयजल, पाईपलाइनें, पदयात्रा कर बन्द पडे हाइवे का पुनः निर्माण एवं सबसे महत्वाकांशी चम्बल पेयजल योजना को धरातल पर लाकर जनता की प्यास बुझाने के सपने को साकार किया।

इन सबके उपरान्त गत विधानसभा चुनावों से पूर्व मेवाड के राजनितिक परिदृश्य को बदलने वाले घटनाक्रमों के कारण परिणाम अनुकूल नही रहे। हमे पराजय का सामना करना पडा। हमने जनता के जनादेश को स्वीकार किया।

तत्पश्चात विगत एक माह में लोकसभा चुनाव की रायशुमारी व चर्चा के दौरान मेंने कई बार प्रदेश के सभी शीर्ष नेताओं को लोकसभा चुनाव लडने में असमर्थता जताई क्योकि यह मेरी व्यक्तिगत राय थी कि ऐतिहासिक विकास कार्यो के बावजूद गत विधानसभा चुनाव की पराजय के मात्र चार माह बाद मुझे यह नैतिक अधिकार नही एवं तर्कसंगत भी नही की मे लोकसभा चुनाव लडू न मेरी इसको लेकर कोई रणनीतिक तैयारी थी। एवं मेरे विदेश में व्यापार के सिलसिले में अगले दो माह तक विदेश दौरे रहने का कार्यक्रम था। अतः किसी युवा एवं इच्छुक व्यक्ति को मौका देकर उम्मीदवार बनाया जाये।

परन्तु मेवाड के एक शीर्ष नेता द्वारा पार्टी नेतृत्व को अन्धेरे में रखकर मेरी अगले दो माह विदेश दोरे पर होने एवं बार-बार असहमति जताने के बावजूद मेरा नाम प्रस्तावित किया गया जो कि उचित नही है।

25 मार्च की शाम को मुझे सोशल मीडिया के द्वारा मेरे उम्मीदवार घोषित होने की खबर मिली जो कि मेरे लिये आश्चर्य का विषय थी। मेरी पुनः कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अनुरोध है कि मेरी जगह किसी योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार को मौका दिया जाये। मेरे इस कदम से मेरे समर्थको, शुभचिन्तकों एवं पार्टी नेतृत्व की भावना को ठेस पहुची हुई होगी इस हेतु मे सभी का क्षमा प्रार्थी हू।

दिनांक – 27 मार्च 2024

आपका
सुदर्शन सिंह रावत

*राजसमंद से कांग्रेस के प्रत्याशी सुदर्शन रावत ने डोटासरा को पत्र लिखकर चुनाव नहीं लड़ने से इन्कार कर दिया, यहां प्रस्तुत हैं उस पत्र की प्रति।*

# महाराष्ट्र में गैर भाजपा गठबंधन में जूतम पैजार शुरू हुई सीट शेयरिंग को लेकर

## कांग्रेस के संजय निरूपम, जो मुम्बई नॉर्थ वैस्ट की सीट पर निगाह टिकाये थे, ने उद्धव शिव सेना के इस सीट पर प्रस्तावित उम्मीदवार पर "खिचड़ी चोर" होने का आरोप लगाया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मार्च। भाजपा हालांकि ओडिशा में बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.) के साथ गठबंधन करने में असफल हो गयी है लेकिन महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के सहयोगी दलों में दरार की खबरें अवश्य ही भाजपा के नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) खेमे के लिए राहत की बात है। शिव सेना उद्धव ठाकरे (यू.बी.टी.) के उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के बाद जिसमें उत्तर-पश्चिम मुंबई से अमोल कीर्तिकर की उम्मीदवारी शामिल है, एम.वी.ए. के सहयोगी दलों में सीट बंटवारे की वार्ता, चार सीटों, सांगली, दक्षिण-केन्द्रीय मुंबई, उत्तर-पश्चिम मुंबई और भिवंडी के कारण अटक गयी है।

कांग्रेस नेता संजय निरूपम, जो कि उत्तर-पश्चिम मुंबई से चुनाव लड़ने की सोच रहे थे, ने शिव सेना यू.बी.टी. को "अलायंस धर्म" का उल्लंघन करने के लिए खरी-खोटी सुनायी और सेना के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर को

- **निरूपम के अनुसार, अमोल कीर्तिकर, सेना (उद्धव) के प्रस्तावित उम्मीदवार, को ई.डी. के सम्मन आये, क्योंकि उन्होंने करोना के दौरान "माइग्रैंट्स" को खिचड़ी वितरण में कथित रूप से अनियमितताएं की थीं।**
- **इसी प्रकार कोल्हापुर की रॉयल फैमिली के हैड शाहू जी महाराज छत्रपति की उम्मीदवारी के बारे में भारी विवाद है। कांग्रेस ने छत्रपति को अपनी सूची में शामिल कर लिया है, दूसरी ओर शिव सेना (उद्धव ठाकरे खेमा) छत्रपति को अपना उम्मीदवार बनाना चाहती थी।**
- **पर, ये मतभेद केवल वैचारिक नहीं, राजनीतिक विवाद हैं, जो वातावरण बिगाड़ रहे हैं।**
- **शरद पवार की पार्टी भी भिवंडी सीट को लेकर कांग्रेस से उलझी हुई है।**

"खिचड़ी चोर" बताया। वो एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) द्वारा पहले दिए गए उन सम्मनों का उल्लेख कर रहे थे जिसमें कोविड महामारी के दौरान, कीर्तिकर पर, प्रवासियों को "खिचड़ी" वितरण में अनियमितताओं के आरोप लगे थे। निरूपम ने कांग्रेस नेतृत्व को हस्तक्षेप करने के लिए कहा है तथा साथ-साथ ही धमकी भरे अंदाज में कहा है कि, "उनके विकल्प खुले हैं।"

उन्होंने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि, "मैं कांग्रेस नेतृत्व के निर्णय का एक सप्ताह तक इंतजार करूंगा, उसके बाद मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं।

सूत्रों ने कहा कि, कांग्रेस उत्तर-पश्चिम मुंबई की सीट छोड़ने की इच्छुक है लेकिन सांगली और दक्षिण-केन्द्रीय मुंबई की सीटों पर अड़ी हुई है। शिव सेना यू.बी.टी. ने चन्द्राहार पाटिल को सांगली के लिए चुना है। कांग्रेस, पूर्व मुख्यमंत्री वसंत दादा पाटिल को पोते, विशाल पाटिल को सांगली से और मुंबई अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को दक्षिण-केन्द्रीय मुंबई से चुनाव लड़ने की योजना बना रही थी। इस बात की संभावनाएं हैं कि कांग्रेस इन दो सीटों पर दोस्ताना लड़ाई के लिए जाएगी क्योंकि उसको विश्वास है कि शिव सेना के उम्मीदवारों में ज्यादा दम-खम नहीं है।

अन्य फसाद की जड़, कोल्हापुर सीट है, जहां से शिव सेना यू.बी.टी. पूर्व कोल्हापुर राजघराने के मुखिया, शाहु महाराज छत्रपति को अपने चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़वाना चाहती है। यद्यपि, शाहु महाराज का नाम कांग्रेस की उम्मीदवारों की सूची में शामिल है, जिसने सेना को परेशान कर दिया है। इसी दौरान, नैशलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) भिवंडी सीट के लिए दावेदारी ठोक रही है, यह तर्क देते हुए कि, कांग्रेस इस सीट पर वर्ष 2009 में जीतने के बाद, दो बार चुनाव हार चुकी है। कांग्रेस हालांकि, अपनी दावेदारी छोड़ने की इच्छुक नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908